वर्ष 69 अंक 163 पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"जो धोखा देता है, उसे हमेशा ऐसे लोग मिल जाते हैं जो धोखा खाने के लिए तैयार रहते हैं।
-निकोलो मैकियावेली

### ओबीसी आरक्षणः सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की केंद्र सरकार की अपील

# माता-पिता की सैलरी से तय नहीं होगी ओबीसी क्रीमी लेयर

**दिल्ली, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसलों को ठहराया सही**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ओबीसी आरक्षण से जुड़े एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि क्रीमी लेयर तय करने के लिए केवल माता-पिता की आय या वेतन को आधार नहीं बनाया जा सकता। इसके साथ ही माता-पिता के पद, सामाजिक स्थिति और सेवा की प्रकृति को भी ध्यान में रखना जरूरी है।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने केंद्र सरकार की अपील खारिज करते हुए दिल्ली, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसलों को सही ठहराया। कोर्ट के इस फैसले से उन कई उम्मीदवारों को राहत मिली है जिन्होंने यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा पास की थी, लेकिन उन्हें ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि किसी स्पष्टीकरण पत्र के जरिए मूल नीति में बदलाव नहीं किया जा सकता। सरकारी व पीएसयू के बच्चों से अलग व्यवहार समानता के अधिकार के खिलाफ है।

**यह है मामला**

यह विवाद यूपीएससी के उन उम्मीदवारों से जुड़ा था जिनके माता-पिता सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू), बैंकों या निजी संस्थानों में काम करते थे। सरकार ने उनके माता-पिता के वेतन को आय में जोड़कर उन्हें ओबीसी की क्रीमी लेयर में शामिल कर दिया था। इसके कारण उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिला और नौकरी से वंचित रहना पड़ा। इन उम्मीदवारों ने इस फैसले को चुनौती देते हुए सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (सीएटी) में याचिका दायर की थी। ट्रिब्यूनल ने उनके पक्ष में फैसला देते हुए सरकार को निर्देश दिया था कि उन्हें ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के तहत नियुक्ति दी जाए। इसके बाद केंद्र सरकार ने इस आदेश को अदालत में चुनौती दी थी।



"1993 के ऑफिस मेमोरेंडम के अनुसार ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने में वेतन और कृषि आय को सीधे आधार नहीं बनाया जाना था। हालांकि 2004 में जारी एक स्पष्टीकरण पत्र के आधार पर सरकार ने पीएसयू और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के वेतन को आय में जोड़ना शुरू कर दिया था।
**- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**

**निर्देशः छह माह में करें दोबारा समीक्षा**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह छह महीने के भीतर प्रभावित उम्मीदवारों के मामलों की दोबारा समीक्षा करे। जरूरत पड़ने पर उन्हें नियुक्ति देने के लिए अतिरिक्त पद भी सृजित किए जा सकते हैं।

**इसलिए महत्वपूर्ण है यह फैसला**

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ओबीसी आरक्षण की नीति और उसके क्रियान्वयन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय से यह विवाद चल रहा था कि ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने में माता-पिता की आय ही मुख्य आधार हो या उनकी सामाजिक स्थिति और पद भी देखा जाए। अदालत ने इस मामले में स्पष्ट दिशा-निर्देश देकर नीति के कई भ्रम दूर कर दिए हैं। यह फैसला समानता के अधिकार के सिद्धांत को भी मजबूत करता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सरकारी कर्मचारियों के बच्चों और पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों के साथ अलग-अलग मानदंड अपनाना अनुचित भेदभाव है। यानी ओबीसी क्रीमी लेयर तय करते समय सभी के लिए समान और तार्किक मानदंड लागू करने होंगे।




### दिल्ली में सीएम ने की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

# सरसों भुगतान और तुअर की 100 फीसदी खरीद को मंजूरी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान राज्य के किसानों और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र सरकार के साथ चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई केंद्रीय मंत्रियों से उनकी मुलाकात हुई, जिसमें प्रदेश के कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े प्रस्तावों पर सकारात्मक निर्णय लिए गए। बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भावांतर भुगतान योजना के तहत मध्यप्रदेश सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संबंधित विभागों को भुगतान प्रक्रिया तेजी से पूरी करने के निर्देश दिए। इससे राज्य के हजारों सरसों उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही शिवराज सिंह चौहान ने सीएम को तुअर की शत-प्रतिशत सरकारी खरीद की स्वीकृति का पत्र भी सौंपा। इस फैसले से तुअर उत्पादक किसानों को उनकी पूरी उपज का सरकारी समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित होगा और बाजार में कीमत गिरने का जोखिम कम होगा।



**दलहन-तिलहन के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर सहमति**

सीएम ने मध्यप्रदेश को दलहन और तिलहन उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाने पर भी जोर दिया। केंद्र और राज्य की संयुक्त टीम द्वारा मूंग, उड़द, चना, तिल, सरसों और ऑयल पाम जैसी फसलों के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने पर सहमति बनी। बैठक में पीएम फसल बीमा योजना से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि सोयाबीन जैसी फसलों के नुकसान का आकलन सैटेलाइट डेटा से नहीं, बल्कि क्रॉप कटिंग और रिमोट सेंसिंग दोनों तरीकों से किया जाए।

## जम्मूः पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई 8 करोड़ की हेरोइन

**जम्मू, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास जम्मू के बिष्नाह क्षेत्र में पुलिस ने पाकिस्तानी ड्रोन के जरिए गिराई गई 1.5 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 8 करोड़ रुपये आंकी गई है। एक स्थानीय व्यक्ति ने अपने खेत में संदिग्ध बैग पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बैग की जांच की तो उसमें बड़ी मात्रा में हेरोइन मिली। यह बैग सीमा पार से आए पाकिस्तानी ड्रोन के जरिए गिराया।

### ९०० करोड़ का ऑनलाइन निवेश घोटाला

# चार राज्यों में 15 ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करीब ९०० करोड़ रुपये के ऑनलाइन निवेश और पार्ट-टाइम जॉब फ्रॉड मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब में 15 स्थानों पर छापेमारी की है। एजेंसी के मुताबिक यह एक संगठित अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह का मामला है, जिसने पूरे देश के हजारों भारतीयों को फर्जी ऑनलाइन योजनाओं के जरिए करोड़ों रुपये का चूना लगाया।

सीबीआई ने यह मामला इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर से मिली जानकारी के आधार पर दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि यह गिरोह सोशल मीडिया, मोबाइल ऐप और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर लोगों को ऑनलाइन निवेश और पार्ट-टाइम नौकरी के नाम पर लालच देता था।



ठग पहले लोगों से छोटी रकम निवेश करवाते थे और उन्हें नकली मुनाफा दिखाकर भरोसा जीतते थे।

### फारूक अब्दुल्ला बोले- ऊपर वाले ने बचाया

# हमलावर ने सिर पर कुछ इंच दूर से चलाई थी गोली

**श्रीनगर, जेएनएन।** नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। हमलावर ने सिर पर कुछ इंच दूर से गोली चलाई थी। गनीमत रही कि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर का हाथ ऊपर कर दिया और उन्हें गोली नहीं लगी। अधिकारियों के मुताबिक फारूक जम्मू में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी थे। फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा- मुझे ऊपर वाले ने बचाया है। शादी से निकलते समय मैंने कुछ आवाज सुनी, मुझे लगा कि यह पटाखा है। बाद में मुझे बताया गया कि एक आदमी ने पिस्तौल से दो गोलियां चलाईं। सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव किया, जिससे हथियार ऊपर की ओर हो गया।



**स्वास्थ्य** विशेषज्ञ बोले- उच्च जोखिम वाले लोगों की स्क्रीनिंग जरूरी

# 13.8 करोड़ भारतीय किडनी रोग से प्रभावित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में किडनी से जुड़ी बीमारियों का बोझ तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 2023 में देश में करीब 13.8 करोड़ लोग किडनी रोगों से प्रभावित पाए गए हैं। ऐसे में उच्च जोखिम वाले लोगों की पहचान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्क्रीनिंग कार्यक्रम शुरू करना बेहद जरूरी हो गया है।

विश्व किडनी दिवस 2026 के अवसर पर विशेषज्ञों ने कहा कि खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में किडनी रोग की जांच और इलाज की सुविधाएं सीमित हैं। इसलिए सरकार को जोखिम वाले समूहों की नियमित जांच के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू करना चाहिए।

इंडियन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी (आईएसएन) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से आग्रह किया है कि क्रॉनिक किडनी डिजीज को गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण से जुड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम में औपचारिक रूप से शामिल किया जाए। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत में सीकेडी की दर तेजी से बढ़ रही है और यह 16 फीसदी से अधिक हो चुकी है। अनुमान है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो 2040 तक यह भारत में मौत के पांच प्रमुख कारणों में शामिल हो सकती है।

आईएसएन के अनुसार किडनी रोगों का बढ़ता खतरा मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं, बार-बार होने वाली तीव्र किडनी चोट और पर्यावरणीय कारणों से जुड़ा हुआ है।

नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ श्याम बिहारी बंसल के मुताबिक, भारत में किडनी रोग के कई कारण ऐसे हैं जिन्हें समय रहते रोका जा सकता है। इसलिए इलाज पर ही निर्भर रहने के बजाय रोकथाम और शुरुआती जांच पर ध्यान देना जरूरी है।

आईएसएन के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री को दिए ज्ञापन में सुझाव दिया कि किडनी रोग की जांच को राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग कार्यक्रम के तहत शामिल किया जाए। इससे भारत में किडनी उपचार का मॉडल केवल डायलिसिस पर आधारित रहने के बजाय रोकथाम और शुरुआती उपचार पर केंद्रित हो सकेगा।



"किडनी रोग का बड़ा हिस्सा शुरुआती चरण में पहचान में ही नहीं आता। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक वह गंभीर स्तर पर पहुंच चुकी होती है। इससे मरीजों और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है।
**- डॉ श्याम बिहारी बंसल**, वरिष्ठ विशेषज्ञ, नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन



## संक्षिप्त खबरें

### एनआईटीटीटीआर में आज आरटीआई पर व्याख्यान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीटीआर) में एक विशेष व्याख्यान सत्र सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के मूल सिद्धांत विषय पर आयोजित कर रहा है। यह सत्र संसथान के राजीव गांधी सभागार में शुक्रवार को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस सत्र को मुख्य वक्ता केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) नई दिल्ली के सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी संबोधित करेंगे। उक्त व्याख्यान का उद्देश्य प्रतिभागियों को आरटीआई अधिनियम के मूल सिद्धांतों, इसके क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना है। इससे संस्थानों में पारदर्शिता की व्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून के प्रभावी अनुपालन को तय करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। निटर भोपाल ने संबंधित संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे अपने नोडल अधिकारियों और आरटीआई से संबंधित मामलों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस ज्ञानवर्धक सत्र में भाग लेने के लिए नामांकित करें। यह सत्र पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और आरटीआई अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर केंद्रित होगा।
जवाब पेश न करने पर दस हजार की कॉस्ट लगाई है।

### मुख्यमंत्री आज डालेंगे लाड़ली बहना की किस्त

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना की 34 वीं किस्त शुक्रवार को महिलाओं के खाते में डाली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर घाटीगाँव में आयोजित सम्मेलन में योजना में लाभांवित 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों के बैंक खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। प्रत्येक हितग्राही महिला के खाते में राज्य सरकार द्वारा 1500 रुपए डाले जाएंगे। जून 2023 से शुरू हुई इस योजना के तहत सरकार अब लाड़ली बहनों को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें कौशल उन्नयन, रोजगार और स्व-रोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को लाड़ली बहना सम्मेलन में लगभग 122 करोड़ रुपए लागत के 54 कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें लगभग 62 करोड़ के 19 कार्यों का लोकार्पण और लगभग 60 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

**122 करोड़ के 54 विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन व लोकार्पण**

### पीडब्ल्यूडी की विभागीय समिति के अध्यक्ष बने दुबे

**जागरण न्यूज, भोपाल।** लोक निर्माण विभाग के निर्माण भवन में सोमवार को अधीक्षण यंत्री, मंडल क्रमांक एक में पदस्थ अतुल दुबे सहायक ग्रेड-3 को निर्माण भवन का (तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मप्र) विभागीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संघ मप्र के कोषाध्यक्ष मोहन अय्यर ने बताया कि इस अवसर पर तृतीय कर्मचारी संघ मप्र के संरक्षक एसएस रजक, एलएन कैलासिया, पंजवानी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विजय रघुवंशी, महामंत्री प्रेमकहार, प्रमोद रिछारिया, पुष्पेन्द्र करोड़े, ज्ञानेश्वर, रत्नेश सौंधिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने निर्माण भवन में उपस्थित होकर नियुक्ति आदेश प्रदान किया एवं सभी के द्वारा बधाई दी गई।

# प्रदेश में दूध उत्पादकों और विक्रेताओं को लाइसेंस लेना अनिवार्य

## सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू करेगी राज्य सरकार, निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार होगी

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब डेयरी सहकारी समितियों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और दूध विक्रेताओं को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करेगी। इसके साथ ही दूध संग्रह, परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों और भंडारण व्यवस्था की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इससे मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। राज्य में ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान की जाएगी जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। 11 मार्च को जारी आदेश में कहा गया था कि कुछ दुग्ध उत्पादक (जो डेयरी सहकारी समितियों के सदस्य नहीं हैं) तथा दूध विक्रेता खाद्य व्यवसाय गतिविधियों का संचालन बिना पंजीकरण कराए अथवा बिना लाइसेंस प्राप्त किए कर रहे हैं। यह परामर्श दिया जाता है कि वे अपने संचालन प्रारंभ करने अथवा जारी रखने से पूर्व अनिवार्य रूप से एफएसएसएआई के साथ अपना पंजीकरण कराएं। इस संबंध में प्रदेश के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के आदेश प्राप्त होते ही नई व्यवस्था लागू करवा दी जाएगी



### कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो

सभी राज्यों में दूध में मिलावट से संबंधित घटनाओं के दृष्टिगत पंजीकरण-लाइसेंसिंग आवश्यकताओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। केंद्र तथा सभी राज्यों की प्रवर्तन प्राधिकरणों से अनुरोध है कि वे संबंधित अधिकारियों और केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरणों तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित करें कि वे यह सत्यापित करें कि ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों एवं दूध विक्रेताओं के पास वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र अथवा लाइसेंस उपलब्ध हो।

### राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भी रखें ध्यान

प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में दूध कारोबारियों की निगरानी बढ़ाएं और यह सुनिश्चित करें कि सभी के पास आवश्यक पंजीकरण या लाइसेंस हो। साथ ही दूध संग्रह और परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों तथा भंडारण व्यवस्था की समय-समय पर जांच भी की जाए। एफएसएसएआई ने राज्यों को विशेष पंजीकरण अभियान चलाकर ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान करने को भी कहा है जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से संबंधित गतिविधियों की निगरानी और अनुपालन की रिपोर्ट हर महीने 15 और 30 या 31 तारीख तक प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### मप्र में 213 लाख टन दूध का उत्पादन

मध्यप्रदेश देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में शामिल है। यहां देश के कुल दूध उत्पादन का करीब 9 प्रतिशत यानी लगभग 213 लाख टन दूध का उत्पादन होता है। राज्य में सांची दूध प्रमुख डेयरी ब्रांड है और ग्रामीण क्षेत्रों में दूध संग्रह को बढ़ावा देने के लिए 381 नई सहकारी समितियां भी कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में पिछले वर्ष नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ अनुबंध भी किया गया था। जानकारी के अनुसार प्रदेश में कुल दूध उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत हिस्सा भैंस के दूध का है। वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 652 से 707 ग्राम प्रतिदिन रही। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 25 गायों की यूनिट स्थापित करने पर 10 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।

### केंद्र ने भी मांगी दूध उत्पादन की रिपोर्ट

दूध उत्पादन और बिक्री को लेकर केंद्र सरकार भी सक्रिय हो गई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने दूध उत्पादकों और विक्रेताओं के लिए पंजीकरण या लाइसेंस अनिवार्य करने संबंधी नई एडवाइजरी जारी की है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा। एफएसएसएआई के अनुसार कुछ दूध उत्पादक और विक्रेता बिना पंजीकरण या लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय चला रहे हैं, जो खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है। इसलिए ऐसे सभी व्यक्तियों को अपने कारोबार को जारी रखने या शुरू करने से पहले एफएसएसएआई के साथ अनिवार्य रूप से पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा। केंद्र ने दूध उत्पादन की रिपोर्ट भी मांगी है।

# भोपाल में 30-31 मार्च को युवा विधायकों का सम्मेलन



**जागरण, भोपाल।** भोपाल में 30 और 31 मार्च को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के युवा विधायक जुटेंगे। भोपाल में विधानसभा के विधान परिषद भवन में युवा विधायक सम्मेलन में तीन राच्यों के युवा विधायक दो दिनों तक संसदीय प्रणाली पर विचार मंथन होगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने बताया कि युवा विधायक सम्मेलन की तैयारी चल रही है। करीब 70 से 80 युवा विधायक इस सम्मेलन में शामिल होंगे। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से इस सम्मेलन में शामिल होने वाले युवा विधायकों की लिस्ट मांगी है। विधानसभा सचिवालय की मानें तो भोपाल में होने वाले युवा विधायक सम्मेलन में करीब 45 साल से कम उम्र के विधायक शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा इस सम्मेलन की तैयारियों पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। इस युवा विधायक सम्मेलन में एमपी के सीएम डॉ मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय शामिल होंगे। विधानसभा सचिवालय ने इस सम्मेलन के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्षों को भी आमंत्रण भेजे हैं।

**मप्र-छत्तीसगढ़ और राजस्थान के 70 से ज्यादा विधायक होंगे शामिल**

# सिलेंडर के लिए जिलों में बनाएं कंट्रोल रूम, अफवाहें रोकें

## सीएस जैन ने वीसी से ली बैठक, डीजीपी मकवाना सहित आला अफसर हुए शामिल

**जागरण, भोपाल।** ईरान-अमेरिका तनाव के बीच शासन-प्रशासन ने प्रदेश में गैस और अन्य ईंधन की उपलब्धता को लेकर कसावट तेज कर दी है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बिगड़ना नहीं चाहिए।

जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर गैस आपूर्ति व्यवस्था मजबूत रखें और अफवाहों पर भी सख्ती से रोक लगाएं। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, एसीएस शिवशेखर शुक्ला एवं रश्मि अरूण शमी सहित अन्य आला अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव जैन ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक में एलपीजी सहित अन्य ईंधनों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में सीएस ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरेलू गैस वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि रिफिल बुकिंग, ओटीपी जनरेशन और गैस वितरण में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए गैस कंपनियों को भी अपने सर्वर और तकनीकी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए जाएं। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा की जाए और जरूरत पड़ने पर तुरंत समाधान किया जाए।



बैठक में मुख्य सचिव ने विभिन्न शहरों में पीएनजी के कनेक्शन की जानकारी ली और कलेक्टर्स से कहा कि वे अधिकाधिक उपभोक्ताओं को पाइप लाइन गैस प्रणाली से जोड़ें। उन्होंने कलेक्टर्स से कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का उसी दिन संतुष्टि पूर्वक समाधान सुनिश्चित किया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और इनकी आपूर्ति लगातार जारी है।

### डीजीपी बोले - सोशल मीडिया पर नजर रख सख्त एक्शन लें

डीजीपी मकवाना ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेट फार्म पर गलत सूचनाओं और अफवाह फैलाने वालों पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहाकि संपूर्ण व्यवस्था में सुरक्षात्मक इंतजाम सुनिश्चित करें। कहीं भी अवैध जमाखोरी या कालाबाजारी की स्थिति न बने।

### इलेक्ट्रिक भट्टी, इंडक्शन जैसे विकल्पों पर जोर

बैठक में यह भी बताया गया कि कई जिलों में कलेक्टरों ने होटल, रेस्टोरेंट और मैरिज गार्डन संचालकों से चर्चा कर रसोई गैस के स्थान पर इलेक्ट्रिक भट्टी और इंडक्शन जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को बढ़ाने के प्रयास किए हैं। मुख्य सचिव ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य जिलों में भी ऐसे कदम उठाने के निर्देश दिए।

### प्रदेश में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं, जारी रहेगी आपूर्तिः मुख्यमंत्री

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली प्रवास के दौरान भी प्रदेश में गैस आपूर्ति पर नजर रखे रहे। उन्होंने कहाकि प्रदेश में नागरिकों को रसोई गैस संबंधी परेशानी नहीं होगी। प्रदेश में घरेलू रसोई गैस सहित पीएनजी और सीएनजी की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मिडिल ईस्ट-एशिया में युद्ध की स्थितियों के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रीगण सजग हैं। केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर कालाबाजारी रोकने के पूरे प्रबंधन किए गए हैं। देश में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिये वैकल्पिक आपूर्तिकर्ता के माध्यम से खरीदी प्रक्रिया जारी है। घरेलू पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति बिना कटौती के हो रही है। रिफाइनरी को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे वर्तमान में एलपीजी उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि भी हुई है। प्रदेश में गैस की निर्बाह आपूर्ति के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर वरिष्ठ मंत्रियों की समिति का गठन भी किया गया है।

# कैदियों की परीक्षा कराने इग्नू ने जेलों में बनाए केंद्र

## दस अप्रैल तक जमा होंगे विद्यार्थियों के फार्म

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जून 2026 टर्म-एंड-एग्जामिनेशन (टीईई) (ओएलडी एवं ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए) एक जून से शुरु होंगी। परीक्षाएं पेन एंड पेपर और आनलाइन मोड पर होंगी। जून 2026 टीईई के लिए परीक्षा फॉर्म भरने, प्रोजेक्ट जमा करने तथा प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन लिंक पहले ही खोल दिया गया है। पात्र विद्यार्थी निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपना परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र भोपाल के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि जून 2026 टर्म-एंड परीक्षाओं का आयोजन भोपाल क्षेत्रीय केन्द्र के तहत 16 परीक्षा केन्द्रों पर किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी कई कार्यक्रमों के तहत अपनी परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि उज्जैन, नर्मदापुरम (होशंगाबाद), इंदौर एवं भोपाल केंद्रीय कारागार में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि बंदी विद्यार्थी भी अपनी परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकें। क्षेत्रीय निदेशक पांडे बताया कि भोपाल में मोतीलाल साइंस कालेज और कैरियर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जबकि इंदौर में तीन परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त ग्वालियर, मंदसौर, उज्जैन, झाबुआ, शिवपुरी, महू, खंडवा एवं नर्मदापुरम में भी परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। हैं। विद्यार्थी 10 अप्रैल तक सामान्य शुल्क के परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं, जबकि 11 से 24 अप्रैल तक 1100 रुपये के विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म जमा किया जा सकेगा।

### हाईकोर्ट ने सेवा में वापस लेने का सुनाया आदेश

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने सेवा से बर्खास्तगी का आदेश अनुचित पाया। इसी के साथ नौकरी पर वापस लेने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया। याचिकाकर्ता ग्वालियर निवासी आकाश चौहान की ओर से अधिवक्ता नीलेश कोटेचा, एमबी शर्मा व नम्रता कोटेचा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने 2010 में अदालत में सहायक ग्रेड-थ्री की नौकरी हासिल की थी। उसने आवेदन-प्रपत्र में पत्नी के साथ चल रहे प्रकरणों का जिक्र नहीं किया था। नौकरी मिलने के बाद पत्नी के साथ सिविल व क्रिमनल केस का उल्लेख कर दिया। दरअसल, पत्नी दुर्भावनावश सिविल व क्रिमनल केस दायर कर रही थी। बार-बार शिकायत कर परेशान कर रही थी। शिकायतों के आधार पर हुई जांच में हर बार याचिकाकर्ता निर्दोष साबित हुआ।

# पैक्स से 10 लाख किसानों को जोड़ने के लिए अप्रैल में चलेगा अभियान

## सारंग ने की सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक, अफसरों को दिए निर्देश

**जागरण, भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग की वर्तमान गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) और विपणन सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिए एक विशेष कमेटी गठित की जाए। कमेटी सहकारी संस्थाओं की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर उनके संचालन, संरचना और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में सुझाव देगी। 15 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि वर्ष को ध्यान में रखते हुए सहकारिता संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। पैक्स को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत इकाई के रूप में विकसित करना है। इसके लिए पैक्स की सदस्यता बढ़ाने अप्रैल में वृहद सदस्यता अभियान चलाया जाए, जिसके तहत लगभग 10 लाख किसानों को सहकारिता से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। किसानों को सहकारिता से जोड़ने से आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और किसानों को संस्थागत सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। मंत्री श्री सारंग ने खाद वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डबल लॉक की स्थिति में नगद भुगतान के माध्यम से पैक्स के जरिए खाद वितरण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।



**राहत** शुल्क ज्यादा होने के कारण कॉलेज संचालक नहीं दिखा रहे थे दिलचस्पी, सिर्फ निरंतरता के लिए आवेदन करना होगा

# पुराने नर्सिंग कालेजों पर नहीं लगेगा संबद्धता शुल्क

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अब पुराने नर्सिंग कालेजों को संबंधित विश्वविद्यालयों से संबद्धता लेने के लिए शुल्क देने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें सिर्फ निरंतरता के लिए आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद संबंधित विवि कमेटी गठित कर उनका निरीक्षण कराएगी। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कालेजों को निरंतरता दी जाएगी। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के संबद्धता शुल्क लेने के प्रकरण में उच्च शिक्षा विभाग को हस्तक्षेप करना पड़ा है। जबलपुर के आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्धता समाप्त होने के बाद प्रदेश के सभी नर्सिंग कालेजों को अपने से संबंधित विश्वविद्यालय से संबद्धता लेना थी। इस संबंध में विभाग ने आदेश जारी कर दिए। बीयू ने आवेदन करने के लिए लिंक भी खोल दी, लेकिन संबद्धता



शुल्क के नये कालेजों की तरह लेने का आदेश जारी कर दिया। इसमें हरेक सीट पर करीब 25 हजार रुपये आ रहा था। मप्र नर्सिंग कालेज सीटों पर प्रवेश दे चुका है, लेकिन बीयू ने संबद्धता जारी नहीं की। प्रवेश होने के बाद कालेजों ने संबद्धता के लिए आवेदन शुल्क देने से इंकार कर दिया। क्योंकि उनका कहना है कि जब वह पुराने कालेज हैं, तो उनसे संबद्धता शुल्क को किया जा रहा है। वे सिर्फ निरंतरता शुल्क देंगे, जो हरेक विद्यार्थी का करीब दो हजार रुपये है। इससे लेकर बीयू दो बार तिथि पैनाल्टी लगाकर अंतिम तिथि में बढ़ोतरी भी की, लेकिन 40 कालेजों में से सिर्फ सरकारी आधा दर्जन कालेजों ने आवेदन किए थे। क्योंकि उन्हें संबद्धता शुल्क में छूट थी। निजी कालेज सामने नही आए। बीयू की संबद्धता शुल्क लेने की हठबद्धता की सूचना विभाग तक जा पहुंची। तब विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहाकि पुराने कालेजों से संबद्धता शुल्क नहीं लिया जाएगा। उनसे सिर्फ निरंतरता शुल्क लेकर संबद्धता को निरंतरत किया जाएगा। विभाग के आदेश के बाद अब बीयू निरंतरता के लिए आवेदन करेगा। बीयू नर्सिंग काउंसिल के मापदंडों को परखने के लिए कमेटी गठित कर कालेजों का निरीक्षण कराएगा। निरीक्षण रिपोर्ट के आने के बाद ही बीयू कालेजों की निरंतरता जारी करेगा।

### ऐसे हुई तिथि में बढ़ोतरी

बीयू को करीब 40 कालेजों को संबद्धता देनी है। आवेदन जमा करने पहली बार कालेजों को 25 दिसंबर तक सामान्य शुल्क के साथ समय दिया था। 31 दिसंबर तक 25 फीसदी विलंब शुल्क के साथ आवेदन करना था। उक्त तिथि में भोपाल के जीएमसी और बीएमएचआर सी, विदिशा, रायसेन और राजगढ़ के नर्सिंग कालेज ही आवेदन कर पाए थे। अब निजी कालेजों के आवेदन जमा होने के बाद बीयू उक्त कालेजों का निरीक्षण कराने जांच दल तैयार करेगा। उनके निरीक्षण कराकर रिपोर्ट तैयार कराएगा, जिसके आधार निरंतरता जारी की जाएगी।

### फीस के लिए संबद्धता जरूरी

कालेज विद्यार्थियों से वर्तमान सत्र में कितनी फीस लेंगे यह निर्णय अभी तक नही हो सका है। क्योंकि संबद्धता के अभाव में प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति कालेजों की फीस निर्धारित नहीं कर रही है। कालेज बीयू द्वारा निर्धारित किए गए संबद्धता शुल्क को जमा कर देते, तो विद्यार्थियों की फीस में काफी बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने फीस पर नियंत्रित करने के लिए निरंतरता शुल्क लेकर संबद्धता जारी करने के आदेश दिया है। अब कालेजों को विवि से संबद्धता मिल जाएगी और वे फीस कमेटी में आवेदन कर फीस का निर्धारण कराएंगे।

"विभाग ने आदेश दिए हैं कि पुराने नर्सिंग कालेजों से संबद्धता शुल्क नहीं लिया जाएगा। उनसे सिर्फ निरंतरता शुल्क लेकर संबद्धता को निरंतर किया जाएगा। कालेजों के आवेदन जमा करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरु कर दी जाएगी।

■ प्रो समर सिंह, कुलसचिव, बीयू

# विकास के लिए पूंजीगत व्यय सर्वोच्च प्राथमिकताः देवड़ा

**जागरण, भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि दूसरी वार्षिक रिपोर्ट में मध्यप्रदेश के राजस्व प्रदर्शन का सकारात्मक आकलन राज्य की वित्तीय अनुशासन और विकासोन्मुख नीतियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई गति मिली है और निवेश का माहौल लगातार बेहतर हुआ है। मध्यप्रदेश की राजकोषीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। नीति आयोग द्वारा जारी दूसरी वार्षिक फिजिकल हेल्थ रिपोर्ट में राज्य के वित्तीय प्रबंधन और राजस्व प्रदर्शन का सकारात्मक मूल्यांकन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश ने वर्ष 2021-22 से लगातार राजस्व अधिशेष बनाए रखा है, जो मजबूत कर-संग्रह और राच्य के अपने राजस्व स्त्रोतों में वृद्धि का परिणाम है। दूसरी वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि राच्य की राजस्व प्राप्तियां सकल राच्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी हैं। यह वृद्धि मुख्य रूप से जीएसटी, आबकारी और व्यापार करों की प्रभावी वसूली के कारण संभव हुई है। फिस्कल हेल्थ इंडेक्स राज्यों के राजकोषीय प्रदर्शन का व्यापक और तुलनात्मक मूल्यांकन प्रस्तुत करता है तथा साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को प्रोत्साहित करता है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि राच्य सरकार विकास को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अधोसंरचनात्मक विकास के लिए पूंजीगत व्यय 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है, जो एक नया कीर्तिमान होगा। वर्तमान में पूंजीगत व्यय राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 4.8 प्रतिशत है।



वर्ष 69 ▸▸ अंक 163 ▸▸ पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> कला मानव आत्मा की अंतिम चतुराई है, जो देवताओं का सामना करने के बजाय कुछ भी करना पसंद करती है।
> - आइरिस मर्डाक

ऑफ बीट

## झूठा है 'पैरासिटामॉल आइसक्रीम' का दावा




*हाल ही में सोशल मीडिया पर एक अजीब दावा तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि सिरदर्द के इलाज के लिए 'पैरासिटामॉल फ्लेवर वाली आइसक्रीम' बनाई गई है। तस्वीर में एक आइसक्रीम के ऊपर पैरासिटामॉल एचटीपी 500 एमजी लिखी दवा की स्ट्रिप भी दिखाई देती है। कई लोग दावा कर रहे हैं कि इस आइसक्रीम को खाने से सिरदर्द ठीक हो जाता है। हालांकि, इस दावे की जांच में सामने आया है कि यह कोई असली खाने वाला प्रोडक्ट नहीं है। दरअसल यह तस्वीर 2016 में नीदरलैंड के एक पेस्ट्री शॉप द्वारा बनाई गई एक कॉन्सेप्ट या प्रदर्शनी का हिस्सा थी। इसे बाजार में बेचने के लिए कभी लॉन्च नहीं किया गया था। जानकारी के मुताबिक यह केवल एक क्रिएटिव फूड आर्ट या पेस्ट्री डिजाइन था, जिसे ध्यान आकर्षित करने के लिए बनाया गया था। इसका दवा या मेडिकल ट्रीटमेंट से कोई संबंध नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी कहना है कि किसी भी दवा की निश्चित और सुरक्षित खुराक होती है। पैरासिटामॉल जैसी दवा को मिठाई या आइसक्रीम के रूप में लेना बेहद खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे अनजाने में दवा की मात्रा ज्यादा हो सकती है। डॉक्टरों के अनुसार पैरासिटामॉल का ओवरडोज लिवर के लिए बेहद नुकसानदायक हो सकता है और गंभीर मामलों में यह जानलेवा भी साबित हो सकता है।*

**पश्चिम एशिया में युद्ध का असर:** लगातार तीसरे दिन गैस की किल्लत, इंडक्शन की मांग में 50 फीसदी का उछाल

# संसद में दावा: पेट्रोल-डीजल एलपीजी की कोई कमी नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देश में ईंधन संकट की आशंकाओं पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को लोकसभा में स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी संभावित बाधा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच मंत्री ने कहा कि सरकार ने वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित कर ली है। उन्होंने कहा कि यदि संघर्ष लंबा भी चलता है, तब भी भारत की ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित रहेगी और घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योगों के लिए बिजली उत्पादन प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह समय अफवाह फैलाने का नहीं है।

हालांकि सरकार के दावे के इतर, देश के कई हिस्सों में एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और कई जगह सिलेंडरों की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत कई राज्यों में घरेलू और कॉमर्शियल दोनों तरह के सिलेंडर तय कीमत से कहीं ज्यादा दाम पर बेचे जा रहे हैं। हालात यह हैं कि जहां घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत करीब 900 से 1000 रुपए है, वहीं कई जगह इसे 1700 से 1800 रुपए तक में बेचा जा रहा है।

कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई प्रभावित होने से होटल और रेस्टोरेंट कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई शहरों में रेस्टोरेंट संचालकों ने गैस की जगह इंडक्शन या लकड़ी-कोयले के चूल्हों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

इधर, भारत सरकार ने बताया है कि ईरान के साथ लगातार कूटनीतिक संपर्क बनाए रखा गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार हाल के दिनों में भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच तीन बार बातचीत हुई है, जिसमें जहाजों की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा आपूर्ति से ■ शेष पृष्ठ 9 पर

### 50 से 60 फीसदी गिरे ऑनलाइन फूड ऑर्डर

एलपीजी की किल्लत का असर ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेक्टर पर भी पड़ा है। 'गिग एंड प्लेटफॉर्म सर्विस वर्कर्स यूनियन' के मुताबिक जोमैटो और स्विगी जैसे प्लेटफॉर्म पर फूड ऑर्डर 50 से 60 फीसदी तक कम हो गए हैं।

### ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर इंडक्शन आउट ऑफ स्टॉक

इस बीच, इंडक्शन कुकटॉप की मांग अचानक तेजी से बढ़ गई है। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर इंडक्शन कुकटॉप की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है और कई ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर यह प्रोडक्ट आउट ऑफ स्टॉक हो गया है। अमेजन, फ्लिपकार्ट और ब्लिंकिट जैसे प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इंडक्शन कुकटॉप का स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है।

# जमीनी हकीकत: ब्लैक में बिक रहे सिलेंडर, बुकिंग में भी देरी



गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते लोग। फोटोः एचसी वर्मा

### इंडक्शन की कीमतें दोगुना तक बढ़ीं

इंडक्शन कुकटॉप की मांग बढ़ने के साथ ही इसकी कीमतों में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। आमतौर पर भारत में इंडक्शन कुकटॉप की शुरुआती कीमत 1300 से 2000 रुपए के बीच होती है। मिड-रेंज मॉडल 2000 से 3500 रुपए तक मिलते हैं, जबकि प्रीमियम मॉडल की कीमत 3500 से 4500 रुपए या उससे अधिक तक जाती है। हालांकि हाल के दिनों में मांग बढ़ने के कारण कई ब्रांड के इंडक्शन कुकटॉप की कीमतों में 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में इनकी बिक्री तेजी से बढ़ी है।



**सरकार उठा रही है हर संभव कदम**

"कुछ लोग स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं और अनावश्यक घबराहट फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है और घरेलू उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## मप्र: छठवें दिन भी सर्वर ठप, भोपाल में ढाई दिन में सिलेंडर पहुंचाने का आदेश

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल सहित पूरे मप्र में घरेलू गैस सिलेंडर की डिलेवरी नहीं हो रही है। इसके अलावा नई बुकिंग में भी लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एलपीजी गैस बुकिंग के लिए कंपनियों द्वारा बनाया गया सर्वर बीते छह दिन से ठप है। इधर भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर बयान जारी किया है। उन्होंने दावा किया कि जिले में सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है, कहीं कोई कमी नहीं है। जबकि हकीकत यह है कि गुरुवार को दिन भर विभिन्न गैस एजेंसी के बाहर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। जिन लोगों के पास किसी भी कंपनी की किताब नहीं है, उन्हें 1500 से 1700 रुपए में गैस सिलेंडर मिल रहा है। गैस एजेंसियों के कर्मचारी बाजार में कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहे हैं।

**2 लोगों से 16 सिलेंडर जब्त:** भोपाल में फूड डिपार्टमेंट ने गांधीनगर क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग के मामले में शाहिद मियां के बेटे लईक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मौके से 16 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। इससे पहले 11 मार्च को अशोक गार्डन स्थित आशा गैस वाले के यहां भी छापा मारा गया था। इसमें भी दर्जन भर से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए थे।

**चूल्हा जलाने धूप में तप रहे लोग:** शहर में लोग सिलेंडर के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं। कई जगह लोगों को सिलेंडर मिलने में 3 से 4 घंटे तक का समय लग रहा है। लोगों का कहना है कि दो-तीन दिनों से बुकिंग करने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहा।

**लगातार फोन से ठप्प हो गया सर्वर:** भोपाल गैस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके गुप्ता का कहना है कि लोगों में डर का माहौल है, इसलिए लगातार बुकिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्वर ठप्प होने से ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है, इसलिए सप्लाई में देर लग रही है। ■ शेष पृष्ठ 9 पर

कैश-फॉर-क्वेरी मामला

## महुआ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा लोकपाल



**नई दिल्ली, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े 'कैश-फॉर-क्वेरी' मामले में लोकपाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। हाईकोर्ट ने पहले लोकपाल के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें सीबीआई को महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की मंजूरी दी गई थी। लोकपाल की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ शुक्रवार को सुनवाई कर सकती है। दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने 19 दिसंबर 2025 को लोकपाल के 12 नवंबर 2025 के आदेश को रद्द कर दिया था। इस आदेश में लोकपाल ने सीबीआई को 'कैश-फॉर-क्वेरी' मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति दी थी। हाईकोर्ट ने यह फैसला महुआ मोइत्रा द्वारा दायर याचिका पर सुनाया था, जिसमें उन्होंने लोकपाल के आदेश को चुनौती दी थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि इस मामले में अपनाई गई प्रक्रिया लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों से अलग है। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस एचवी शंकर की पीठ ने कहा था कि लोकपाल ने कानून के प्रावधानों की व्याख्या और समझ में त्रुटि की है। अदालत के अनुसार अपनाई गई प्रक्रिया कानून की मूल भावना और उसके उद्देश्य के अनुरूप नहीं थी।

भारत समेत 16 देशों की अमेरिका ने शुरू की जांच, कहा-

# 'अनुचित' व्यापार मिला तो लग सकता है भारी टैरिफ

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका ने भारत, चीन और यूरोपीय संघ समेत अपने 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ नई व्यापार जांच शुरू कर दी है। अमेरिकी प्रशासन ने 'सेक्शन 301' के तहत यह जांच शुरू की है, जिसके आधार पर इन देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाया जा सकता है।

अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर ने बताया कि इस जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या कुछ देश अनुचित व्यापारिक तरीकों का इस्तेमाल करके अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यदि जांच में ऐसे सबूत मिलते हैं तो अमेरिका इन देशों से आने वाले सामानों पर भारी टैरिफ लगा सकता है।

अमेरिका ने यह भी संकेत दिया है कि वह जबरन श्रम (फोर्स्ड लेबर) से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने के लिए अलग से जांच शुरू कर सकता है। जांच की प्रक्रिया अप्रैल में सुझाव लेने और मई में सार्वजनिक सुनवाई के बाद जुलाई तक पूरी होने की संभावना है।

### किन देशों पर हो रही जांच

इस जांच के दायरे में भारत, चीन, यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, स्विट्जरलैंड और नॉर्वे शामिल हैं।

### जांच क्यों शुरू की गई

पिछले महीने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए कुछ वैश्विक टैरिफ को अवैध करार दिया था। इसके बाद ट्रंप प्रशासन अब नए कानूनी रास्तों से व्यापारिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। प्रशासन ने फरवरी में अस्थायी रूप से 10 फीसदी का वैश्विक टैरिफ लगाया था, जिसकी समयसीमा जुलाई में समाप्त हो रही है।

### क्या है 'सेक्शन 301'

'सेक्शन 301' अमेरिका के 1974 के ट्रेड एक्ट का हिस्सा है। यह अधिकार देता है कि यदि कोई देश अनुचित व्यापारिक नीतियों के जरिए अमेरिकी कंपनियों को नुकसान पहुंचाता है, तो उसके खिलाफ जवाबी टैरिफ या प्रतिबंध लगा सकते हैं। अमेरिका उन देशों की जांच कर रहा है जो अपने सामान को सस्ते दामों पर अमेरिकी बाजार में उतार देते हैं।

### भारत के लिए क्या मतलब

2025 में अमेरिका के साथ भारत का वस्तु व्यापार अधिशेष घटकर लगभग 45 अरब डॉलर रह गया। फिर भी भारत जांच के दायरे में शामिल है। अगर भारत की नीतियां अमेरिका के अनुसार अनुचित पाई जाती हैं, तो भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जा सकता है।

## अमेरिका पेशावर में अपना वाणिज्य दूतावास स्थायी रूप से बंद करेगा, विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

अमेरिका ने पाकिस्तान के पेशावर स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को स्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह अमेरिकी कांग्रेस को इसकी औपचारिक सूचना दे दी है। पेशावर में स्थित यह वाणिज्य दूतावास अफगानिस्तान सीमा के सबसे नजदीक अमेरिकी राजनयिक मिशन माना जाता था। वर्ष 2001 में अफगानिस्तान पर अमेरिकी सैन्य अभियान से पहले, उसके दौरान और उसके बाद यह मिशन एक महत्वपूर्ण परिचालन और लॉजिस्टिक केंद्र के रूप में काम करता रहा था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार इस दूतावास को बंद करने से हर साल लगभग 75 लाख डॉलर (करीब 62 करोड़ रुपये) की बचत होगी। मंत्रालय का कहना है कि इस फैसले से पाकिस्तान में अमेरिकी राष्ट्रीय हितों या कूटनीतिक गतिविधियों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।

प.एशिया से भारतीयों की वापसी

## एयर इंडिया ने की 58 विशेष उड़ानों की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के लिए एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लिया है। एयरलाइन ने घोषणा की है कि भारतीय नागरिकों की घर वापसी के लिए 58 विशेष और नियमित उड़ानें संचालित की जाएंगी। एयर इंडिया ने बताया कि इन उड़ानों के जरिए पश्चिम एशिया के कई प्रमुख शहरों से भारतीयों को देश लाया जाएगा। इन शहरों में रियाद, जेद्दा, मस्कट, दुबई, अबू धाबी, शारजाह, सलालाह, बहरीन, दोहा, कुवैत और तेल अवीव शामिल हैं। ये उड़ानें भारत के दिल्ली, मुंबई, कोझिकोड और बेंगलूरु जैसे प्रमुख शहरों तक संचालित की जाएंगी जो नियमित और अतिरिक्त उड़ानों के जरिए भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेगी। एयरलाइन के अनुसार इन विशेष उड़ानों के माध्यम से सैकड़ों भारतीयों को सुरक्षित भारत लाया जाएगा।

# महंगा हो सकता है बोतलबंद पानी कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का असर अब भारत के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर उद्योग पर भी दिखाई देने लगा है। वैश्विक तेल कीमतों में तेजी और सप्लाई चेन में आई बाधाओं के कारण बोतलबंद पानी बनाने की लागत तेजी से बढ़ रही है। उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ सकता है और बोतलबंद पानी महंगा हो सकता है।

गर्मी का मौसम शुरू होने से ठीक पहले इस उद्योग पर बढ़ता लागत दबाव चिंता का विषय बन गया है। कई पैकेज्ड वाटर कंपनियों ने अपने वितरकों को पत्र लिखकर बताया है कि युद्ध के कारण कच्चे माल की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसके चलते कुछ कंपनियों ने वितरण स्तर पर कीमतें बढ़ाना भी शुरू कर दिया है। उद्योग से जुड़े आंकड़ों के मुताबिक बोतल बनाने में इस्तेमाल होने वाले पॉलीमर की कीमत में बड़ा उछाल आया है।



### 5 अरब डॉलर का बाजार

भारत का पैकेज्ड वाटर बाजार करीब 5 अरब डॉलर का है और यह दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल है। देश में भूजल की गुणवत्ता एक बड़ी समस्या बनी हुई है। कई अध्ययनों के मुताबिक भारत में करीब 70 प्रतिशत भूजल किसी न किसी रूप में प्रदूषित है।

### 135 देशों ने की ईरान के हमलों की निंदा

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव का समर्थन किया है जिसमें ईरान द्वारा खाड़ी देशों पर हमलों की कड़ी निंदा की गई है। इस प्रस्ताव में ईरान से तुरंत सभी हमले रोकने की मांग की गई है। बहरीन की ओर से पेश प्रस्ताव को भारत समेत 135 देशों ने सह-प्रायोजित किया। सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों में से 13 ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान से दूरी बनाई।

# सागर: 1 साल से नहीं आया पति, 4 बच्चियों को कुएं में फेंककर महिला ने लगाई फांसी

**पांच माह की है चौथी बच्ची, बेटा न होने का सामाजिक दंश भी दे रहा था तनाव**

**जागरण, सागर।** सागर के केसली में परिवारजनों के जागने के पहले ही घर से चार मासूम बच्चियों को लेकर गायब हुई महिला के कदम से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। महिला ने अपनी चारों बच्चियों को गांव की ही कुएं नुमा बावड़ी में फेंक दिया। फिर खुद ने भी पास के पेड़ पर फंदा डालकर जान दे दी। सबसे बड़ी बच्ची 7 साल तो सबसे छोटी मात्र पांच माह की थी। महिला के इस कदम के पीछे तनाव को कारण बताया जा रहा है। उसका पति एक साल से घर नहीं आया है।



सविता बाई (28) पत्नी चंद्रभान लोधी अपनी चार बेटियों, ससुर और छोटी बहन के साथ रहती थी। परिवारजन जागे तो महिला व उसकी चारों बेटियां अंशिका (7), रक्षा (5), दीक्षा (3) और पांच महीने की मनीषा घर में नहीं मिलीं। तलाश करने पर महिला का शव एक पेड़ पर लटकता दिखा।

### एक साल से घर नहीं आया पति

सविता की शादी 9 साल पहले चंद्रभान से हुई थी। पति जबलपुर में बस में हेल्परी करता है। परिवार से संपर्क भी वह लंबे समय से नहीं कर रहा था। इसी बात से महिला तनाव में रहती थी। केसली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्ट मार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि पति-पत्नी के संबंधों में कहीं बेटा न होना तो कारण नहीं है। वहीं बेटा न होने को लेकर महिला पर कोई सामाजिक दबाव तो नहीं था। मगर गांव में एक साथ पांच मौतों से सन्नाटा पसर गया है। पुलिस के साथ ग्रामीण भी पांच माह की बच्ची की तलाश में जुटे हैं।

पुरस्कार

**15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होगा बीसीसीआई का वार्षिक अवॉर्ड समारोह**

# गिल क्रिकेटर ऑफ द ईयर, द्रविड को लाइफटाइम अचीवमेंट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अपने वार्षिक पुरस्कार समारोह में भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित करेगा। वहीं भारत के महान बल्लेबाज और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को प्रतिष्ठित कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा।

बीसीसीआई का वार्षिक अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय क्रिकेट से जुड़े कई खिलाड़ियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में युवा खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित करने की योजना है। घरेलू क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट एसोसिएशन का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि इन पुरस्कारों को लेकर बीसीसीआई की ओर से अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार समारोह में इन नामों की घोषणा की जाएगी। गिल का साल 2025 में प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। उन्होंने तीनों फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और टीम की कई अहम जीतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

टेस्ट क्रिकेट में गिल ने 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में 70 से अधिक की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल हैं। वहीं वनडे क्रिकेट में उन्होंने 490 रन बनाए और भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीत में अहम योगदान दिया।



2025 में तीनों फॉर्मेट को मिलाकर गिल ने 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। उनके इसी प्रदर्शन के कारण उन्हें बीसीसीआई का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया जा रहा है।

भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिने जाने वाले राहुल द्रविड़ को इस बार कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। द्रविड़ ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में टेस्ट क्रिकेट में 13,288 रन और वनडे में 10,889 रन बनाए। बल्लेबाजी के साथ-साथ उन्होंने कोच के रूप में भी भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके कार्यकाल में भारत ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। द्रविड़ की कोचिंग में भारतीय टीम ने 2024 का टी-20 विश्व कप जीता और वनडे विश्व कप के फाइनल तक भी पहुंची।



### अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान आयुष म्हात्रे भी होंगे सम्मानित

इस समारोह में भारत को अंडर-19 वनडे विश्व कप जिताने वाले कप्तान आयुष म्हात्रे को भी सम्मान दिया जाएगा। उन्हें लाला अमरनाथ अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था।

### मिताली को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को भी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। दिग्गज खिलाड़ी मिताली का अंतरराष्ट्रीय करियर करीब 23 साल लंबा रहा। उन्होंने 1999 में मात्र 16 की उम्र में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। मिताली ने 232 वनडे में 7805 रन बनाए, जो महिला क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 12 मैचों में 699 रन बनाए और 214 रन की पारी खेलकर दोहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय और सबसे युवा महिला खिलाड़ी बनीं।

# रिपोर्ट: एआई से नहीं जाएंगी नौकरियां पर भर्ती होगी कम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर यह आशंका लगातार जताई जा रही है कि इससे बड़ी संख्या में नौकरियां खत्म हो सकती हैं। हालांकि एक नई रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल एआई के कारण व्यापक स्तर पर नौकरियां खत्म होने के संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन एंट्री-लेवल भर्ती में धीमापन दिखाई देने लगा है।

एआई कंपनी एंथ्रोपिक की रिपोर्ट 'लेबर मार्केट इम्पैक्ट ऑफ एआई: अ न्यू मेजर एंड अर्ली इविडेंस' में कहा गया है कि 2022 के अंत में चैट जीपीटी के आने के बाद से उन क्षेत्रों में बेरोजगारी में कोई स्पष्ट बढ़ोतरी नहीं देखी गई, जहां एआई का प्रभाव ज्यादा माना जाता है। लेकिन शुरुआती संकेत यह बताते हैं कि खासकर युवाओं की भर्ती की रफ्तार कुछ कम हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार 22 से 25 वर्ष आयु वर्ग के उन युवाओं के लिए नौकरी मिलने की दर में करीब 14 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है जो एआई से अधिक प्रभावित माने जाने वाले पेशों में प्रवेश कर रहे हैं।




इसका मतलब यह है कि एआई का असर सबसे पहले नई भर्ती पर दिखाई दे सकता है, न कि बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी के रूप में। शोधकर्ताओं ने विभिन्न पेशों का विश्लेषण 'ऑब्जर्व्ड एक्सपोजर' के आधार पर किया, जिसमें यह देखा गया कि बड़े भाषा मॉडल किन कार्यों को सैद्धांतिक रूप से कर सकते हैं और वास्तव में उनका कितना उपयोग हो रहा है।

**राजधानी का तापमान/मौसम**

अधिकतम 37.2°c | न्यूनतम 15.8°c

राजधानी में सर्दी का मौसम खत्म हो रहा है। तापमान बढ़ने की संभावना है

## नगर में आज

**कला प्रदर्शनी**
स्थान: आलियांस फ्रांसिस, शाहपुरा
समय: सुबह 10 से 6 बजे

**रंग महोत्सव**
स्थान: रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप
समय: शाम 7 बजे

**जाम-ए-अवध**
स्थान: आईएचएम
समय: शाम 7 बजे

**इंद्राणी समारोह**
स्थान: मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय
समय: शाम 6:30 बजे

**चित्र प्रदर्शनी**
स्थान: मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय
समय: सुबह 11 बजे से

# जहां चल रहा मेट्रो का काम, वहां गिरे पांच दुकानों के छज्जे

## जवाहर चौक का मामला, दुकानदारों ने भागकर बचाई जान



**नगर संवाददाता, भोपाल।** मेट्रो निर्माण जहां भी चल रहा है, वहां लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों में गड्ढे, धूल और ट्राफिक जाम के बाद अब दुकानें क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार जवाहर चौक में अनंत हॉस्पिटल के सामने नगर निगम की सड़क किनारे दुकानें हैं, जो करीब 40 साल पहले बनाई गई थी। कुछ साल से दुकानें जर्जर होने लगी। वहीं, छत के छज्जे भी टूटने लगे थे। इसके चलते दुकानदार नगर निगम अधिकारियों से मरम्मत की मांग कर रहे थे, लेकिन मरम्मत नहीं हो सकी। इसी बीच गुरुवार को दुकानों के सामने के छज्जे और छत का करीब 25 फीसदी हिस्सा टूटकर जमीन पर आ गिर। दोपहर साढ़े 3 बजे ये घटना हुई।

### दुकानदारों ने लगाया मेट्रो पर आरोप

जहां दुकानें हैं, उससे कुछ दूरी पर मेट्रो का काम चल रहा है। इसके चलते यह स्थिति बनने की आशंका है। जिन दुकानें के छज्जे धंसे हैं, उनमें फोटो फ्रेम की 2, ऑटोमोबाइल की 1, कपड़ा दुकान, एक स्पोर्ट्स आइटम की दुकान शामिल है। दुकानदारों ने बताया कि नगर निगम की करीब 40 साल पुरानी दुकानें हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सामने ही मुख्य सड़क पर मेट्रो का काम चल रहा है। संभवतः काम किए जाने के दौरान यह हादसा हुआ है। हादसे की जानकारी मिलते ही दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी मौके पर पहुंचे। वहीं, पार्षद जगदीश यादव ने भी निरीक्षण किया। विधायक ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि जितने भी जरूरी उपाय हो, वो किए जाए। व्यापारियों को परेशान होने नहीं दिया जाएगा।

### छज्जों को झुकता देख लोग भागे

दुकानदार आंशु अग्रवाल ने बताया कि फोटो फ्रेम की 2 दुकानें हैं। ये निगम की दुकानें हैं। कई दिन से दुकानें जर्जर हो रही थीं। इसे लेकर निगम अधिकारियों से भी बात की थी। चार दिन पहले कुछ हिस्सा गिरा भी था, लेकिन शेड होने की वजह से हादसा नहीं हुआ। गुरुवार दोपहर 3.30 बजे दुकान में बैठे थे। इस दौरान पिताजी भी साथ थे, लेकिन कोई ग्राहक नहीं था। जैसे ही छज्जा टूटा, तुरंत बाहर निकलकर जान बचाई। यदि कुछ सेकंड लेट हो जाते तो जान पर बन सकती थी।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएसएनएल से रिटायर्ड महिला कर्मचारी से लूट

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** चूनाभट्टी थाने के सामने मोबाइल लूट के बाद अब अवधपुरी में दिनदहाड़े महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। लुटेरों ने बुजुर्ग महिला के गले पर झपट्टा मारकर 75 हजार रुपए कीमती सोने की चेन लूट ली। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। अवधपुरी पुलिस के मुताबिक, 61 वर्षीय शारदा शर्मा पति राममूर्ति शर्मा रीगल होम्स में रहती हैं। वह बीएसएनएल से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। बुधवार दोपहर को बुजुर्ग महिला अपने डॉग के लिए पेडीगिरी (खाना) खरीदने के लिए मार्केट गई थीं। जहां से दोपहर करीब डेढ़ बजे वह एक्टिवा से वापस लौट रही थीं। वह अभी बी सेक्टर से गुजर रही थीं, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन खींच ली। इससे महिला घबराकर रुक गई। बाइक सवार फरार हो गए। इसके बाद वह घर पहुंची। पति के साथ थाने गई और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। लूटी गई सोने की चेन की कीमत 75 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, युवक की मौत

**जागरण, भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे एक युवक की मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय हरवीर रघुवंशी पिता श्यामलाल मूल रूप से गंजबासौदा के रहने वाले थे। वर्तमान में वह कृष्ण पुरम कॉलोनी में रहते थे और मंडीदीप स्थित फैक्ट्री में काम करते थे। गुरुवार सुबह 9 बजे वह ड्यूटी पर जा रहे थे। जहां समरधा के पास पहुंचते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान ने उन्होंने दम तोड़ दिया।

### बुजुर्ग महिला के खाते से चार लाख रुपए निकाले

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मिसरोद इलाके में एक बुजुर्ग महिला से आनलाइन ठगी हो गई। जालसाज ने चार लाख रुपए उनके खाते से निकाल लिए। 70 साल की शालिनी पति शरद सहस्त्रबुद्धे सागर ईडन गार्डन मिसरोद में रहती हैं। वह टिफिन सेंटर चलाती हैं। उनका कहना है कि वह टिफिन से होने वाली आय का ब्यौरा अगले दिन चैक करती हैं। 26 नवंबर 2025 को उन्होंने आनलाइन बैलेंस चेक किया तो खाते में 951 रुपए थे। जब उन्होंने मैसेज चेक किया तो देखा दो मैसेज पड़े थे, जिसमें दो-दो लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ था। लेकिन यह रकम उन्होंने किसी को नहीं दी थी।

### परीक्षा आदेश वापस लेने और रिव्यू पिटीशन लगाने की मांग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता से जुड़े आदेश का विरोध शुरू हो गया है। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग के उक्त निर्देश पर आपत्ति जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। संगठन ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि राज्य सरकार के विषयगत अधिकारों का अतिक्रमण न किया जाए और शिक्षक पात्रता परीक्षा के मामले में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की जाए, ताकि शिक्षकों को नुकसान न हो। संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी पत्र में सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए भी टीईटी (टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट) अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जबकि ये शिक्षक लंबे समय से सेवा दे रहे हैं।

# 'शुभ मंगल जोड़ी' के नाम पर शादी का झांसा देकर ठगी, एआई फोटो दिखाकर युवकों से वसूली

## एक युवक से साढ़े सात हजार रुपए डलवाए, बिहारी टोन में बात करती हैं कंपनी की महिला एजेंट

**पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने पहुंचा पीड़ित, गांधीनगर थाने में दिया आवेदन, जांच शुरू**



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** 'शुभ मंगल जोड़ी' के नाम पर शादी का झांसा देकर ठगी की जा रही है। एआई फोटो दिखाकर युवकों से वसूली की घटना सामने आई है। इस संबंध में पीड़ित के मालिक ने पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से शिकायत की। बाद में गांधीनगर थाना पुलिस को आवेदन दिया है। गांधीनगर थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले का कहना है कि शिकायती आवेदन मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। पीड़ित की ओर से जो ऑडियो दिए गए हैं उसमें कंपनी की महिला एजेंट बिहारी टोन में बात रही है। कंपनी दिल्ली की बता रहे हैं। पीड़ित का दावा है कि अब तक 10 युवक ठगी के शिकार हो चुके हैं।

### सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क

जानकारी के मुताबिक, 'शुभ मंगल जोड़ी' नाम का यह कथित संस्थान खुद को दिल्ली स्थित बताता था और सोशल मीडिया व वाट्सएप के माध्यम से युवकों से संपर्क करता था। गिरोह का नेटवर्क इस तरह बनाया गया था कि पहले युवकों को फोन या मैसेज के जरिए बताया जाता था कि उनके लिए अच्छे परिवार की लड़कियां उपलब्ध हैं और जल्द ही विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। युवकों को भरोसे में लेने के लिए लड़कियों की आकर्षक तस्वीरें भेजी जाती थीं। जांच में सामने आया है कि इनमें से कई तस्वीरें एआई तकनीक से तैयार की गई थीं।

### बात कराने की फीस 5500 रुपए

गिरोह ठगी के लिए एक तय प्रक्रिया अपनाता था। सबसे पहले युवकों से विवाह पंजीयन यानी रजिस्ट्रेशन के नाम पर 2 हजार रुपए जमा करवाए जाते थे। इसके बाद उन्हें भरोसा दिलाया जाता था कि जल्द ही लड़की से बातचीत करवाई जाएगी। इसके लिए 'प्रोफाइल एक्टिवेशन' या 'बात कराने की फीस' के नाम पर 55 सौ रुपए और मांगे जाते थे। जब युवक यह राशि भी जमा कर देते थे तो अगला चरण शुरू होता था, जिसमें शादी की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर 7 हजार रुपए सिक्योरिटी डिपॉजिट के तौर पर जमा करवाए जाते थे।

### बहाना बनाकर रिश्ता तोड़ देते

पीड़ित पंकज कुमार का आरोप है कि पैसा जमा कराने के बाद भी उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता रहा। लेकिन युवती से बात नहीं करवाई। लेकिन जब शादी की बात आगे बढ़ने की उम्मीद बनती, तभी अचानक कोई न कोई बहाना बनाकर रिश्ता तोड़ दिया जाता था। बताया जा रहा है कि गिरोह खासतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवकों को निशाना बनाता था। ऐसे युवक जल्दी शादी की उम्मीद में बिना ज्यादा जांच-पड़ताल किए पैसे जमा कर देते थे। इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने कई लोगों से हजारों रुपए वसूल लिए।पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों को वाट्सएप नंबर, बैंक खातों व लेनदेन से जुड़े प्रमाण दिए हैं। पुलिस शिकायती आवेदन की जांच में जुटी है।

### डॉलर के लालच में महिला ने 1.36 लाख रुपए गंवाए

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** डॉलर की लालच में एक महिला ने 1.36 लाख रुपए गंवा दिए। उन्होंने टेलीग्राम पर एक एड देखा था जिसमें रुपए के एवज में डॉलर दिया जा रहा था। महिला ने दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो उन्हें जालसाज मिला। इस संबंध में पीड़िता ने आनलाइन शिकायत की थी। जांच प्रतिवेदन आने के बाद शाहजहांनाबाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहजहांनाबाद पुलिस ने बताया कि 33 वर्षीय सना युसूफ भोपाल अपार्टमेंट में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें डॉलर की चाह थी। इसके चलते उन्होंने 25 फरवरी को सोशल मीडिया टेलीग्राम पर एक एड देखा। इसमें बीटीसी माइनिंग नाम से कंपनी में बताया गया कि वह रुपए के एवज में डॉलर देती है। दिए गए नंबर पर सना ने संपर्क किया तो सामने वाले अपना नाम राज बताया। उसने बताया आपको डॉलर मिल जाएंगे, लेकिन विवान सर हामी भर दे तो हम आपको डॉलर उपलब्ध करवा देंगे। कुछ देर बाद विवान ने बात हुई। उसने बताया कि एक लाख रुपए के एवज में हम आपको 1 लाख 5 हजार के डॉलर देंगे। सनी उनकी बातों में आ गई। उन्होंने उनके द्वारा बताए गए खाते में आनलाइन 1.36 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद मोबाइल नंबर बंद हो गए। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने इसकी शिकायत की थी।

**टेलीग्राम पर देखे एड में दिए नंबर का किया था संपर्क**

# भोपाल से दिल्ली के लिए 7 और मुंबई की हुईं 4 उड़ानें

## समर शेड्यूल हुआ जारी, 24 अक्टूबर तक रहेगा लागू

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** भले ही इंटरनेशनल उड़ान के लिए सालों से भोपालवासी तरस रहे हैं, लेकिन घरेलू उड़ानों की संख्या में लागतार वृद्धि का प्रयास जारी है। आगामी 29 मार्च से समर शेड्यूल के दौरान 29 मार्च से ही नवी मुंबई के लिए इंडिगो ने उड़ान चलाने की घोषणा के साथ बुकिंग भी प्रारंभ कर दी है। इधर 5 अप्रैल से एयर इंडियर भी भोपाल से नवी मुंबई के लिए फ्लाइट चलाने जा रही है। इसके बाद दिल्ली के लिए 7 और मुंबई के लिए 4 उड़ानों सहित राजा भोज से फ्लाइट की संख्या 40 तक पहुंचने की संभावना है।

**समर शेड्यल 29 मार्च से:** एयरपोर्ट अर्थोरिटी आफइंडिया राजा भोज भोपाल की जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि समर शेड्यूल 2026 (29 मार्च से 24 अक्टूबर 2026) के दौरान हवाई सेवाओं में वृद्धि होने जा रही है। एयरलाइंस द्वारा प्रस्तुत अस्थाई उड़ान कार्यक्रम के अनुसार भोपाल से प्रतिदिन लगभग 40 उड़ानों का संचालन हो सकता है। जिससे शहर की देश के प्रमुख शहरों से बेहतर हवाई कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

नए शेड्यूल के अनुसार भोपाल से दिल्ली, मुंबई, नवी मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, अहमदाबाद और रायपुर के लिए उड़ान सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ये सेवाएं इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित की जाएंगी। इनमें दिल्ली के लिए लगभग 7 दैनिक उड़ानें उपलब्ध होंगी, जिससे यात्रियों को दिनभर कई विकल्प मिलेंगे। मुंबई के लिए 4 उड़ानें, बेंगलुरु के लिए 3 उड़ानें तथा हैदराबाद के लिए 2 उड़ानें संचालित होंगी। पुणे, अहमदाबाद और रायपुर के लिए भी नियमित उड़ान सेवाएं मिलेंगी, जिससे कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। इंडिगो द्वारा नवी मुंबई और हैदराबाद के लिए अतिरिक्त उड़ानों की बुकिंग शुरू हो चुकी है। यात्री एयरलाइंस की वेबसाइट या ट्रैवल पोर्टल के माध्यम से टिकट बुक कर सकते हैं। यह बढ़ी हुई हवाई कनेक्टिविटी भोपाल और मध्य प्रदेश के यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए शुरू की जा रही है। राजा भोज विमानतल प्रबंधन भविष्य में भी एयरलाइंस और संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर भोपाल से हवाई कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के प्रयास जारी रखेगा।



> अब राजा भोज एयरपोर्ट से देश के तमाम शहरों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी है, जो समर शेड्यूल में और बेहतर होगी। इंटरनेशनल उड़ान के प्रयास भी लगातार जारी हैं।
> ■ **रामजी अवस्थी**, डायरेक्टर राजा भोज एयरपोर्ट

## 137वें सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का आगाज



**जागरण, भोपाल।** विट्ठल मार्केट स्थित दशहरा मैदान में आज से सात दिवसीय 'सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महा रुद्राभिषेक एवं श्रीमद्भागवत कथा' का शुभारंभ हुआ। यह अनुष्ठान देव प्रभाकर शास्त्री (दद्दाजी) की स्मृति में ज्येष्ठ पुत्र, डॉ. अनिल देव प्रभाकर शास्त्री (बड़े भैया) के सान्निध्य में हो रहा है। प्रथम दिन ही देशभर से आए श्रद्धालुओं ने अपार उत्साह के साथ शिवलिंग निर्माण में योगदान दिया, जिसके परिणामस्वरूप पहले ही दिन 61 लाख 44 हजार 279 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण हुआ। इस पावन कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजपाल यादव विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने बड़े भैया का आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अनुष्ठान विश्व कल्याण का बड़ा माध्यम है, जिसमें सभी को सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ कमाना चाहिए। इस अवसर पर महापौर मालती राय ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता रुद्राभिषेक की पूजन सामग्री का निःशुल्क वितरण है। मंत्रोच्चार और श्रीमद्भागवत कथा से गुंजायमान इस स्थल पर भक्ति का अभूतपूर्व संगम देखने को मिल रहा है।

# आरटीई का गलत डाटा स्कूल शिक्षा विभाग के पास भेज रहे स्कूल, आज से शुरू होंगे आवेदन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी समेत प्रदेश सैकड़ों सीबीएसई स्कूल ने आरटीई की गलत जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग को भेज दी है। इससे काफी गड़बड़ी होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। इसके चलते विभाग ने स्कूलों से सर्टिफिकेट तलब कर लिया है। सर्टिफिकेट प्रस्तुत नहीं करने पर विभाग स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। वहीं विभाग शुक्रवार से निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन जमा कराना शुरु कर रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में आरक्षित सीटों पर मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा।

पहली कक्षा में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरु हो जाएगी। विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भेज दिए हैं, ताकि नामांकन प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। आरटीई के तहत ऑनलाइन आवेदन शुक्रवार से 28 मार्च तक किए जा सकेंगे। अभिभावकों को आवेदन करने के लिए महज 15 दिनों का समय दिया गया है। 14 से 30 मार्च तक आवेदन में सुधार किया जाएगा। आरटीई के तहत स्कूलों का दो अप्रैल को लॉटरी प्रक्रिया से सीटों का आवंटन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन का सत्यापन, जांच और लॉक करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। लॉटरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित विद्यार्थियों को संबंधित स्कूलों में प्रवेश के लिए नामांकन आदेश जारी किए जाएंगे। सभी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं की सीटों के कम से कम 25 प्रतिशत के अनुसार मैपिंग और रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। मैपिंग होने से स्कूलों द्वारा किए जा रहे फर्जीवाडे पर अंकुश लगेगा।

### उक्त दस्तावेजों की होगी जरूरत

प्रत्येक विकास खंड में नोडल अधिकारी प्रवेश कार्य की निगरानी करेंगे। आरटीई आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया को तहसील और ब्लॉक स्तर पर सरल बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### सीटें कम और कक्षाओं में प्रवेश ज्यादा

आरटीई की सीटें कम बताने वाले स्कूलों की सूची में भोपाल सहित प्रदेश करीब 500 स्कूल शामिल है। स्कूलों को लेकर डीपीसी को निर्देशित किया गया है कि जारी की गई सूची में जिले के प्रायवेट सीबीएसई स्कूलों की मान्यता की प्रथम प्रवेशित कक्षा की यूडाइस में दर्ज नामांकन की जानकारी है। इसके तहत आरटीई में प्रवेश दिया जाता है। यह जानकारी यूडाइस पर स्कूल द्वारा दर्ज की जाती है। उक्त स्कूलों द्वारा वास्तविक संख्या दर्ज की जाएगी, तो इससे वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को वास्तविक लाभ प्राप्त हो सकेगा। सभी बीआरसीसी को उक्त स्कूलों से वास्तविक संख्या अनुसार यूडाइस में नामांकन दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है। यदि यहीं वास्तविक नामांकन है, तो स्कूल का प्रमाणीकरण प्राप्त करें। राजधानी में सभी सीबीएसई स्कूलों ने प्रारंभिक कक्षा में कुछ ही सीटें बताई है। जबकि कक्षाओं में सीटों की संख्या बढ़ा दी जाती है।


**खुलासा** | विश्व किडनी दिवस पर शहर में हुए कई आयोजन, एम्स की रिपोर्ट ने किडनी फेल के कारण गिनाए

# बीपी से ज्यादा कमजोर इम्युनिटी के कारण खराब हो रहीं किडनी

**नगर संवाददाता, भोपाल।** ज्यादातर मामलों में माना जाता है कि किडनी खराब होने का सबसे बड़ा कारण हाई ब्लड प्रेशर है। इसी के कारण लोग किडनी मरीज बनते हैं। बहुत हद तक यह मान्यता ठीक भी है, लेकिन हाल ही में एम्स भोपाल की रिपोर्ट पब्लिश हुई है। जिसमें बताया गया है कमजोर इम्युनिटी सिस्टम भी किडनी को नुकसान पहुंचाता है। इसकी दर हाई बीपी से ज्यादा है। दरअसल यह चर्चा इसलिए हो रही है कि गुरुवार को विश्व किडनी दिवस मनाया गया। इसको लेकर शहर में कई जगह विभिन्न आयोजन हुए। जिसमें स्वस्थ्य किडनी को लेकर चर्चा की गई।

### क्या कहती है रिपोर्ट

एम्स भोपाल में किए गए किडनी ट्रांसप्लांट के मामलों के विश्लेषण से कई जरूरी फैक्ट सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार करीब 40 प्रतिशत मरीजों में किडनी खराब होने का प्रमुख कारण इम्यूनोलॉजिकल समस्याएं पाई गईं। इम्यूनोलॉजिकल कारणों का मतलब यह है कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली किसी कारण से किडनी की कोशिकाओं पर ही हमला करने लगती है। धीरे-धीरे यह हमला किडनी के फिल्टरिंग सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और समय के साथ किडनी की कार्यक्षमता कम हो जाती है। इसके विपरीत रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि लगभग 30 प्रतिशत किडनी खराब होने के मामलों के पीछे लंबे समय तक बना रहने वाला हाई ब्लड प्रेशर जिम्मेदार है। डॉक्टरों के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को लगातार दो से तीन साल तक हाई बीपी की समस्या बनी रहती है, तो इससे किडनी की रक्त वाहिकाओं पर दबाव बढ़ जाता है। इससे किडनी की फिल्टर करने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है और गंभीर स्थिति में किडनी फेल भी हो सकती है।



### पेनकिलर और किडनी स्टोन भी बन रहे खतरा

एम्स की रिपोर्ट के अनुसार करीब 15 प्रतिशत मरीजों में बिना डॉक्टर की सलाह के लंबे समय तक दर्द निवारक दवाओं का सेवन किडनी खराब होने का कारण बना। कई लोग सामान्य दर्द में भी नियमित रूप से पेनकिलर का सेवन करते हैं, जिससे किडनी पर लगातार दबाव पड़ता है। इसके अलावा लगभग 15 प्रतिशत मामलों में किडनी में पथरी और अन्य कारण भी सामने आए हैं डॉक्टरों का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति की एक किडनी में स्टोन बनता है, तो दूसरी किडनी में भी स्टोन बनने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए समय पर इलाज बेहद जरूरी है।

### एम्स में अब तक 18 ट्रांसप्लांट

एम्स भोपाल में अब तक 18 सफल किडनी ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। हाल ही में नर्मदापुरम के 22 वर्षीय युवक का सफल किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। उसकी किडनी इम्यूनोलॉजिकल कारणों से खराब हो गई थी। इस दौरान उसके पिता ने किडनी डोनेट कर बेटे को नई जिंदगी दी।

### ऐसे रखें अपनी किडनी को स्वस्थ्य

एम्स भोपाल के यूरोलॉजिस्ट डॉ. केतन मेहरा ने कहा कि कुछ सामान्य सावधानियों को अपनाकर किडनी को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच कराना बेहद जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, संतुलित आहार लेना और अधिक नमक के सेवन से बचना भी किडनी के लिए लाभकारी है। इसके अलावा बिना डॉक्टर की सलाह के पेनकिलर या अन्य दवाओं का लंबे समय तक सेवन नहीं करना चाहिए। यदि किडनी स्टोन, पेशाब में जलन या सूजन जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## सियासी ड्रामों से बरबाद न हो संसद का समय

*संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हुआ, लेकिन हर बार की तरह हंगामे, नारेबाजी, पोस्टरबाजी की बलि चढ़ गया। अजीब सियासी ड्रामा देखने को मिला। विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया था, जिसे कार्यसूची में रखा गया। अर्थात् प्रस्ताव पर चर्चा होगी और फिर मत-विभाजन होगा। कायदे से विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का आगाज करना चाहिए था, लेकिन उसने ईरान युद्ध और उससे प्रभावित हालात पर वैकल्पिक चर्चा की नई मांग की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर को अपना वक्तव्य शोर के बीच ही पढ़ना पड़ा। उधर राज्यसभा में भी ईरान युद्ध पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत नोटिस दिए गए। अविश्वास प्रस्ताव स्पीकर के खिलाफ था, लिहाजा विपक्ष की नई मांग को खारिज कर दिया गया और स्पीकर के मुद्दे पर चर्चा के लिए आग्रह पीठासीन अधिकारी ने किया और संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने भी कहा। नतीजतन हंगामा होता रहा। अंततः लोकसभा की कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित करनी पड़ी।*

*सवाल है कि लोकसभा में विरोधाभास की स्थिति थी, लेकिन राज्यसभा में ईरान युद्ध पर चर्चा क्यों नहीं कराई गई? वीपी सिंह और अटलबिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान हमारी संसद ने ऐसे युद्धों, हमलों पर चर्चा की थी और हमलावर आक्रांता देश की निंदा की थी। लिहाजा ऐसी चर्चाओं की संसदीय परंपरा रही है। कमोबेश राज्यसभा में तो अविश्वास प्रस्ताव जैसा कोई महत्वपूर्ण विषय कार्यसूची में नहीं था। ईरान और खाड़ी के अन्य अरब देशों में तबाही का जो दौर चल रहा है, भारत उससे अछूता नहीं है। बल्कि भारत भी प्रभावित हो रहा है, बेशक सरकारी सूत्र कुछ भी दावे करते रहें। यदि ईरान युद्ध 15 और दिन जारी रहा, तो तेल 150 डॉलर तक महंगा होना लगभग तय है। चूंकि ईरान के लगातार हमलों के मद्देनजर सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, कुवैत आदि खाड़ी देशों ने तेल और गैस के उत्पादन कम कर दिए हैं अथवा बंद करने पड़े हैं, क्योंकि रिफाइनरियां, तेल डिपो और ठिकाने धू-धू करके जल रहे हैं। नतीजतन विश्व में तेल और गैस का व्यापक संकट सामने दिख रहा है। कोई भी देश मुगालते में न रहे। अमरीका को लेकर 1929 वाली 'महामंदी' के आकलन सामने आ रहे हैं। युद्ध के 10 दिनों में अमरीका को करीब 6 अरब डॉलर खर्च करने पड़े हैं। यह उसके बजट से परे की यथार्थ स्थिति है।*

*भारत की बात करें, तो हमारे 4 लाख टन बासमती चावल का निर्यात अवरुद्ध हो गया है। करीब 41,000 करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का निर्यात फंसा है। करीब 5000 करोड़ रुपए की दवाओं का निर्यात रुक गया है। चीनी, चाय, मांस, फल और डेयरी उत्पादों की कीमत करोड़ों में है, जो युद्ध के कारण फंसे हुए हैं। अनुमान है कि करीब 1 लाख करोड़ रुपए का भारतीय निर्यात प्रभावित हुआ है, जाहिर है कि इसका असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। क्या ऐसे विषय पर संसद में चर्चा नहीं होनी चाहिए? सांसद शशि थरूर का कहना उचित है कि संसद हमारे लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, वहां बहस होनी चाहिए। संसद 'नोटिस बोर्ड' नहीं है कि मंत्री ने वक्तव्य दे दिया और मुद्दे का इति सिद्धम। खाड़ी देशों के साथ भारत का 200 अरब डॉलर का कारोबार है। यदि भारत पर युद्ध का कोई भी असर नहीं है, तो बेंगलुरु में होटलों ने बंद होने की घोषणा क्यों की है? राजधानी दिल्ली में भी रेस्तरां एसोसिएशन ने कमर्शियल गैस की उचित आपूर्ति न किए जाने पर होटल, रेस्तरां बंद करने की चेतावनी क्यों दी है? तेल कंपनियों ने वितरकों को गैस सप्लाई रोकने के आदेश क्यों दिए हैं? जरूर ऐसा कुछ है, जो सरकार देश से छिपा रही है। अलबत्ता संसद में चर्चा तो करनी ही चाहिए। दलीय राजनीति के कारण असल मुद्दों पर संसद में चर्चा नहीं हो पा रही है। यह देशहित में नहीं है। दलीय राजनीति को किनारे रखकर चर्चा होनी चाहिए।*

पश्चिम एशिया में जंग

ज्यादातर मुस्लिम देश अमेरिका के साथ या उसके पिछलग्गू

## अमेरिका से टकराने का दम सिर्फ ईरान में

सुहेल वहीद

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पड़ोसी मुल्कों पर हमले के लिए हाल ही में खेद जताने के साथ-साथ यह भी कहा कि हमने सिर्फ अमेरिकी सैनिक अड्डों को निशाना बनाया और हम उन पर तब तक हमले नहीं करेंगे, जब तक उनकी जमीन से हम पर हमला नहीं होता। ऐसे बयानों के जरिये पैगाम दिया जाता है। पड़ोसी मुल्कों में मौजूद अमेरिकी फौजियों के ठिकाने पर हमले बदस्तूर जारी हैं।

अमेरिका से ईरान की दुश्मनी का इतिहास काफी पुराना है। पिछली सदी के पचास के दशक में भी ईरान के सत्ता-परिवर्तन में अमेरिका की बड़ी भूमिका थी। फिर, 1979 में इस्लामी क्रांति के दौरान तेहरान में अमेरिकी दूतावास के 52 लोगों को 444 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया था। इराक से जंग में सद्दाम हुसैन को ठिकाने लगाने के लिए अमेरिका ने भले ईरान का साथ दिया हो, पर ईरान हमेशा से अमेरिका-विरोधी रहा है। ईरान के अलावा शायद ही कोई मुस्लिम देश हो, जो अमेरिका से इस तरह मोर्चा लेता रहा हो। तुर्की तो अपने यहां अमेरिकी परमाणु हथियार तक रखने की अनुमति देता है। पाकिस्तान को अमेरिका का पिट्ठू कहने में किसी को कोई झिझक नहीं। जाहिर है, अमेरिका से लोहा लेने का कलेजा मुस्लिम देशों में सिर्फ ईरान के पास है।

चंद दिनों पहले शहीद हुए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने एक बार कहा था, 'हमारे यहां बच्चों को सोने से पहले रात में लोरी नहीं, कर्बला सुनाई जाती है'। कर्बला वही जगह है, जहां यजीद की सेना ने इमाम हुसैन को उनके 72 निहत्थे साथियों के साथ मार दिया था। कर्बला अब इराक में है। इसी की याद में हर साल मोहर्रम मनाया जाता है। शिया मुसलमान इमाम हुसैन की शहादत पर मातम करते हैं, अंगारों पर चलकर, अपने को लहूलुहान करके इमाम हुसैन के साथ हुई नाइंसाफी और अपने दुख-दर्द का इजहार करते हैं।

मशहूर हिंदी उपन्यास आधा गांव में राही मासूम रजा लिखते हैं, 'मौला के लिए तो वे अपना सिर कटा सकती थीं। वे भी शिया औरतों की तरह यह अरमान किया करती थीं कि न हुई वे कर्बला में, वरना वे भी हम्माद को मौला पर निसार कर देतीं। ये शिया औरतें अपने बच्चों को निसार (न्योछावर) करने के ख्वाब जरूर देखती हैं।' शिया मुसलमान अपने मजहबी अनुष्ठानों और परंपराओं में अधिक कट्टर माने जाते हैं। उनके अंदर अपनी मजहबी मान्यताओं के लिए कुर्बानी देने का जज्बा कुछ ज्यादा होता है, जैसा राही मासूम रजा आधा गांव में बयान कर रहे हैं।

अयातुल्ला अली खामेनेई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर इन दिनों खूब वायरल हो रहा है,



जिसमें एक नन्हा ईरानी बच्चा उनसे कहता है कि वह शहीद होना चाहता है। खामेनेई उससे कहते हैं, 'पहले बड़े हो जाओ, खूब पढ़ो, वैज्ञानिक बनो, इस्लाम के लिए उपयोगी हो जाओ, अस्सी-नब्बे के हो जाओ, फिर शहीद हो जाना।' ईरान की फौजी ताकत, तेवर और तकनीक का शायद यही पसमंजर है। ईरान जितना मजहबी मामलों में कट्टर है, उतना ही विज्ञान और तकनीक के मामलों में भी आगे है। शिया मुसलमानों की छवि वैसी 'आधुनिकता-विरोधी' की नहीं है, जैसी सुन्नी मुसलमानों की बनी हुई है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस ने आधुनिकता की राह पकड़ी है, तो देवबंदी, बरेलवी, अहले हदीस फिरकों के मौलवी उन्हें कोई बहुत सराह नहीं रहे हैं।

अयातुल्ला खामेनेई की मौत पर शिया मुसलमानों के जैसे प्रदर्शन कश्मीर, लखनऊ, हैदराबाद में नजर आए; जैसे पिछले साल ईरान के इजरायल पर हमले के बाद खामेनेई के पोस्टर समेत दिख रहे थे; जैसे अक्सर मोहर्रम में नजर आते हैं, वैसे किसी सामाजिक मुद्दे पर शायद ही कभी नजर आए हों। आम तौर पर शिया मुसलमान किसी भी सामाजिक मुद्दे पर सुन्नियों के साथ सड़कों पर कम ही आते हैं। कुलीन गर्व-भाव से भरे शिया मुसलमान सिर्फ अपने मजहबी मामलों में सक्रियता दिखाने के लिए जाने जाते हैं।

ईरान शिया मुसलमानों का धुरी देश है। यह पूरी दुनिया का इकलौता मुस्लिम देश है, जो सैन्य, रक्षा, तकनीक, परमाणु कार्यक्रम से लेकर असलहों तक के मामले में अमेरिका पर कतई निर्भर नहीं है। हिज्बुल्लाह, हमास, यमन और हूती विद्रोहियों को वह असलहों और सैन्य तकनीक सप्लाई करता है।

हिज्बुल्लाह को ईरान की संपत्ति कहा जाता है। ईरान के अलावा शिया बहुल देश इराक, अजरबैजान, कुवैत, बहरीन, जॉर्डन और अफगानिस्तान तक में 'शिया मिलिशिया' जैसे तेज-तर्रार मजहबी संगठन उभरकर सामने आए हैं, जो कथित रूप से ईरान के हाथों पाले-पोसे गए हैं।

पिछले वर्षों में हमास के इजरायल पर हमले, गाजा की दर्दनाक तबाही, हिज्बुल्लाह की लड़ाई, सीरिया के संकट, ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे मुद्दों पर शिया मुसलमान आगे नजर आए हैं। तालिबान के उभरने, फिर वापस काबुल की सत्ता हासिल करने, ओसामा बिन लादेन व आईएसआईएस की परवरिश आदि में अमेरिका का हाथ रहा है। यह 'इस्लामिक आतंकवाद' के नाम से हिट हुआ, यह सुन्नी मुसलमानों का कारनामा था। बाकी मामलों में शिया मुस्लिम आगे रहे हैं।

जिस कालखंड में अरबों की रईसी ने आसमान छुआ, उसी दौर में ईरान कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के कारण जूझता रहा है। स्वाभाविक रूप से उसे पड़ोस की खुशहाली अखर रही थी, जो उसी अमेरिका की बदौलत हासिल हुई थी, जिसने उसे तरसने पर मजबूर कर रखा था। पहले 1979, फिर 2018 और फिर 2023 में ईरान पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के खिलाफ मुस्लिम देशों में बेचैनी न के बराबर रही है। तब पड़ोसी अरब उसके लिए आगे नहीं आए, तो अब अरबों के बीच अमेरिकी चौधराहट के अड्डों पर चोट करने में उसे मुश्किल नहीं हो रही।

ज्यादातर मुस्लिम देशों समेत दुनिया के अधिकांश हिस्सों में अमेरिका और इजरायल का विरोध बढ़ता जा रहा है, क्योंकि जब-तब गैर-जरूरी दखलंदाजी से कई देश परेशान नजर आ रहे हैं। इस तरह ईरान को बिन मांगा वैचारिक सहयोग मिल रहा है। दरअसल, पश्चिम एशिया के देशों में आई खुशहाली, संचार व आधुनिक सुविधाओं के कारण मजहबी संकीर्ण विचारों की उपेक्षा बढ़ रही है। मशहूर शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे सादिक ने बीस बरस पहले लखनऊ की ईदगाह में सुन्नी इमाम के पीछे ईद की नमाज पढ़कर एक नई शुरुआत की थी, खाड़ी देशों में अब यह लगभग सामान्य हो चुका है। दुबई, कुवैत, अबू धाबी, रियाद, मनामा वगैरह में आधुनिकता की यूरोपीय शैली परवान चढ़ चुकी है, उसमें मजहबी विभाजन अब उनको मंजूर नहीं।

खुला मंच

## अमरीकादेशे पितामहे, इजरायलदेशे फादरलैंडे

पीए सिद्धार्थ

एक हाथ में उत्तल लैंस और दूसरे में रिचार्जेबल टॉर्च लिए झुन्नू लाल जी सवेरे-सवेरे अपने घर के सामने बिना ढक्कन वाले मैनहोल के पास खड़े होकर, गुनगुनाते हुए कुछ ढूंढने का उपक्रम कर रहे थे। पिछले महीने इस मैनहोल पर लगा ढक्कन किसी गाड़ी के पहिये से टूट गया था। तब उन्होंने उसके चारों ओर झाड़ियां रख दी थीं ताकि उसमें दिल्ली, नोएडा या गुरुग्राम के हादसों की तरह कोई चोटिल न हो। नगर निगम वालों ने कसम उठा ली थी कि जब तक उन झाड़ियों में घुन नहीं लग जाता, वे उन झाड़ियों की रक्षा करते रहेंगे।

नगर निगम के आयुक्त ने झुन्नू लाल जी को बाकायदा पत्र लिखकर धन्यवाद किया था। राज्य स्तरीय समारोह में झुन्नू जी को सम्मानित करने की घोषणा की थी ताकि लोग भी बिना ढक्कन वाले मैनहोल पर झाड़ियां रखने की प्रेरणा प्राप्त कर सकें। दरअसल, सिर्फ एक मैनहोल पर ढक्कन लगाना नगर निगम के प्रोटोकोल में नहीं शामिल था। इस पुनीत कार्य के लिए कम से कम सौ मैनहोल के ढक्कन टूटे होने चाहिए थे। सौ से कम ढक्कन लगवाने में कमीशन इतनी कम थी कि इससे न नेता जी के हाथ गरम हो सकते थे, न नगर निगम के...।

मैंने झुन्नू जी के पास पहुंचकर पूछा, 'मान्यवर, आप दिन के उजाले में क्या ढूंढ़ रहे हैं?' वह हंसते हुए बोले, 'व्यवस्था ढूंढ रहा हूं। कहीं दिखती नहीं। अतीत में न्यायपालिका का सहारा लेने पर पड़ी मिल जाती थी। जब से न्यायपालिका नें भ्रष्टाचार' का चैप्टर हटाया है, यह भ्रम भी टूट गया है। सोच रहा हूं कि क्यों न इसे डंकापति के फादरलैंड में ढूंढूं। लेकिन आजकल वहां युद्ध चल रहा है। डंकापति ने यूक्रेन-रूस युद्ध में फंसे विद्यार्थियों को निकलवाने के लिए जंग रुकवा दी थी। मुझे विश्वास है कि अपने शांति प्रिय चरित्र के चलते वह मेरी मदद करने के लिए ईरान के साथ हो रहे युद्ध को रुकवा देंगे।'

मैं सहमते हुए बोला, ' डंकापति शायद आपको छोड़ भी दें। लेकिन न्यायालय की अवमानना पर आप सलाख़ों के पीछे धकेले जा सकते हैं। सालों जेल में सडने से तो बेहतर होगा कि आप इजऱायल में व्यवस्था ढूंढते हुए ईरान की मिसाइल से ढेर हो जाएं।' वह हंसते हुए बोले, 'क्या फर्क पड़ता है जब देश हित पहले ही गिरवी रख दिए गए हों। अब सोचता हूं कि पंडित द्वारा कोई शुभ कार्य में बोले जाने वाले 'जम्बूद्वीपे, भारतवर्षे, भरतखण्डे आर्यावर्ते को संशोधित कर दें और बोला करें-'अमरीकादेशे पितामहे, इजऱायलदेशे फादरलैंडे, जम्बूद्वीपे, भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्ते...।'

प्रसंगवश

## एचपीवी टीकाकरण एक सराहनीय कदम

*भारत द्वारा 14 वर्षीय लड़कियों के लिए राष्टव्यापी ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करने का कदम ऐसे समय में विज्ञान के समर्थन में सशक्त संदेश है जब पूरी दुनिया में टीकाकरण-विरोधी भावनाएं खतरनाक रूप से तेजी पकड़ रही हैं।*

*टीकों से परहेज का असर अमेरिका में साफ दिख रहा है जहां वर्तमान में 26 राज्यों में खसरा की महामारी पांव पसार रही है। एचपीवी टीकाकरण केवल निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में और प्रशिक्षित स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी में संचालित किया जायेगा। साथ ही, कुशल स्वास्थ्य-देखभाल टीमें वैक्सीन लगाने के बाद निगरानी और 'टीकाकरण के पश्चात होने वाली प्रतिकूल घटनाओं' (एईएफआई) से निपटने के लिए तैयार रहेंगी।*

*विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित एक खुराक वाली वैक्सीन इस्तेमाल में लायी जायेगी। इस बात के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं कि गर्भाशय ग्रीवा (सर्विकल) कैंसर के लगभग सभी मामलों में एचपीवी की उच्च-जोखिम वाली किस्मों, खासकर 16 व 18, से लगातार संक्रमण ही कारण होता है। भारत में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के कुल मामलों में 80 फीसदी से ज्यादा हिस्सा इन्हीं दोनों किस्मों का है। साक्ष्य इस तथ्य की ओर भी इशारा करते हैं कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को एचपीवी टीकाकरण और नियमित जांच के जरिए काफी हद तक रोका जा सकता है,और अगर जल्दी पता लग जाए और तुरंत इलाज शुरू हो जाए तो यह ठीक हो सकता है।*

*वैश्विक स्तर पर, 90 से ज्यादा देश एक खुराक वाला एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम लागू कर रहे हैं। कई देशों में व्यापक टीकाकरण के बाद एचपीवी संक्रमण, कैंसर-पूर्व घावों (प्री-कैंसरस लीजन्स) और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की घटनाओं में काफी कमी देखी गयी है। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर ऐसा विरल कैंसर है जिसमें टीका एक बेहतरीन निवारक साबित हुआ है।*

*भारत में ग्रीवा कैंसर का बोझ ही इस निर्णय को एक बेहद अहम जीवन-रक्षक हस्तक्षेप बनाने के लिए काफी है। डब्ल्यूएचओ से जुड़े क्षेत्रों में दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र का गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की घटनाओं (नये मामलों) और मृत्यु दर में दूसरा सर्वोच्च स्थान है, जिसमें भारत का योगदान 65 फीसदी से ऊपर है। भारत में महिलाओं में यह दूसरा सबसे आम कैंसर है, जिस के बारे में अनुमान लगाया गया कि साल 2022 में देश में 127,526 नये मामले सामने आये और इससे 79,906 मौतें हुईं।*

*राष्ट्रीय स्तर पर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच का विस्तार चिंताजनक रूप से निम्न है, और 30-49 साल की केवल 1.9 फीसदी महिलाओं की जांच की जा रही है। देश में कई स्थानों पर तो अभी जांच अभियन की शुरुआत भी नही हो सकी है। हालांकि, एचपीवी वैक्सीन के काले अतीत को भुलाया नहीं जा सकता। साल 2009-10 में आंध्र प्रदेश और गुजरात में एक परीक्षण का हिस्सा रही सात लड़कियों की मौत हो गयी थी। आईसीएमआर की जांच में दावा किया गया कि जो कारण थे वो शायद वैक्सीन से जुड़े नहीं थे।*

*हालांकि, इन सभी मामलों में मौत की वजह पक्के तौर पर स्थापित नहीं की जा सकती। इसने सभी 'टीकाकरण के पश्चात होने वाली प्रतिकूल घटनाओं' एईएफआई की पहचान करने और उनकी छानबीन करने की जरूरत की ओर भी, एक प्रमुख चिंता के रूप में, ध्यान दिलाया। चूंकि सरकार स्वास्थ्य संबंधी कई फायदों वाली इस कवायद को शुरू करने जा रही है, अच्छा होगा कि वैक्सीन के भंडारण के लिए ठीक से काम कर रही कोल्ड चेन, पूर्ण पारदर्शिता और देशभर में एईएफआई की ध्यानपूर्वक रिपोर्टिंग सुनिश्चित कर ली जाए।*



मौसम में बदलाव

विकासशील देशों के लिए गंभीर चेतावनी है, जहां गर्मी गंभीर स्वास्थ्य संकट बन रही

## मार्च में ही देशभर में पड़ने लगी है झुलसाने वाली गर्मी

ज्ञानेंद्र रावत

मार्च में ही देशभर में जिस तरह झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है, वह अत्यंत चिंता वाली बात है। भीषण गर्मी, सूखे और आग की घटनाओं ने चेतावनी दे दी है कि आने वाले दिनों में बढ़ता तापमान हमें और रुलाने वाला है। यह भी चिंताजनक है कि 2050 तक गर्मी खतरनाक स्तर तक पहुंच सकती है। ऐसी स्थिति में दुनिया के लगभग 41 प्रतिशत लोग इसका सामना करने को अभिशप्त होंगे। यह स्थिति तब उत्पन्न होगी, जब दुनिया का औसत तापमान औद्योगिक युग से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ जायेगा।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के हालिया अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है। इस अध्ययन की मानें, तो भारत, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश और फिलीपींस इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे। वहीं ब्राजील और दक्षिणी सूडान जैसे देशों के तापमान में सबसे तेज उछाल आने की संभावना है। एशिया प्रशांत डिजास्टर रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, फिजी, पापुआ न्यू गिनी और मार्शल जैसे द्वीपीय देशों में भी भविष्य में गर्मी का खतरा मध्यम से उच्च स्तर तक बढ़ सकता है।

जानकारों का मानना है कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी का यह अध्ययन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए गंभीर चेतावनी है, जहां गर्मी केवल मौसम नहीं, बल्कि एक सार्वजनिक गंभीर स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है। भारत की विशाल जनसंख्या और पहले से ही गर्म जलवायु इसे और संवेदनशील बनाती है। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, भारत में गर्मी के कारण उत्पादकता में भारी कमी आयेगी और इस कारण जीडीपी में 4।5 प्रतिशत तक की कमी आने की आशंका है।

वैज्ञानिकों ने तो अमेरिका, चीन और भारत में गर्मी के अतिरिक्त दिनों की संख्या 23 से 30 होने की



आशंका भी जतायी है। भारत ही नहीं, दुनिया के कई विकासशील देश भीषण गर्मी की मार से त्रस्त हैं। दुनिया के शोध अध्ययनों ने यह साबित कर दिया है कि गर्मी की मार से तपने वाले देशों की सूची में भारत सबसे ऊपर है और देश के आधे से अधिक जिलों पर भीषण गर्मी का साया मंडरा रहा है।

यह निष्कर्ष 'नेचर सस्टेनेबिलिटी' जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट और 'काउंसिल ऑन एनर्जी एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीइइडब्ल्यू)' के अध्ययन में सामने आया है। इस रिपोर्ट का सबसे चिंताजनक और डरावना पहलू सबसे गर्म रातों की तादाद में होने वाली बढ़ोतरी है। रात के तापमान का सामान्य से अधिक रहने के कारण हमारे शरीर को पूरे दिन की थकान से उबर पाने का समय नहीं मिल पाता है। इससे हीट स्ट्रोक और हृदयाघात की आशंका अधिक रहती है।

आज हम गर्मी के भयावह रूप की चर्चा करते समय पर्यावरण में वृक्षों की महत्ता को क्यों नकार रहे हैं, यह समझ से परे है। जबकि गर्मी से बचाने में वृक्षों का योगदान जगजाहिर है। दुखद है कि विकास के नाम पर पूरे देश में हर वर्ष लाखों हरे-भरे पेड़ों की बलि दी जा रही है। राजस्थान में ग्रीन एनर्जी के नाम पर लाखों की तादाद में खेजड़ी के पेड़ों को काटा जा रहा है। इस कारण बीकानेर का तापमान सात डिग्री तक बढ़ गया है।

सीइइडब्ल्यू के अध्ययन की मानें, तो देश में गर्मी के सर्वाधिक जोखिम वाले राज्यों में दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गोवा, केरल, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु शामिल हैं। देश में गर्मी के 417 जिले उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं, जबकि 201 जिले मध्यम जोखिम का सामना कर रहे हैं। हालत यह है कि अब उत्तर भारत के शुष्क माने जाने वाले जिलों में देश के तटीय इलाकों में रहने वाली उमस देखी जा रही है और सिंधु तथा गांगेय के मैदानी क्षेत्रों में बीते एक दशक के सापेक्ष में आद्रता में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वहीं दिल्ली सहित कानपुर, वाराणसी, जयपुर में आद्रता के स्तर का यह आंकड़ा 30 प्रतिशत से बढ़कर 40-50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। बढ़ती गर्मी के जोखिम के चंगुल में शहर ही नहीं हैं, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और केरल के ग्रामीण अंचल भी हैं।

बढ़ते तापमान का सर्वाधिक असर खेतिहर मजदूरों पर पड़ता है। इस बारे में यूएनइएससीएपी (एशिया और प्रशांत के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग) का कहना है कि खेतिहर मजदूरों में हीट स्ट्रेस, डिहाइड्रेशन, गर्मी से जुड़ी बीमारियां अधिक होती हैं। छाया, पीने का पानी और आराम के क्षणों की कमी स्थिति को और विषम बना देती है। खासकर प्रवासी और असंगठित मजदूरों के मामले में पहचान का संकट इसका एक अहम कारण है। यह भी कि उन्हें समय पर पर्याप्त इलाज नहीं मिल पाता है। संयुक्त राष्ट्र संगठन ने जोर देकर कहा है कि बढ़ती गर्मी से सुरक्षा के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

इसके लिए मौसम व जलवायु जोखिम की अधिक सटीक जानकारी को निर्णय प्रणाली और अर्ली वार्निंग सिस्टम में शामिल करना होगा। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों के बीच बेहतर योजना और इस दिशा में सार्वजनिक निवेश को भी बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। यह महज एक चुनौती नहीं, भविष्य की सुरक्षा का प्रश्न भी है। बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम की समस्या नहीं, एशिया-प्रशांत की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका का सीधा संकट बनती जा रही है। ऐसी स्थिति में भारत और उच्च जोखिम वाले देशों के लिए अब कृषि प्रणाली को बदलना और उन्हें गर्मी के अनुकूल बनाना अनिवार्य हो चला है।

जीवन दर्शन

## हर हाल में करना पड़ता है कर्म का भुगतान

युगों-युगों से संत-महात्मा, धर्मों के संस्थापक शाकाहार पर जोर देते रहे हैं। इसका मुख्य कारण है कि वे कर्मों का विधान जानते हैं। भौतिक विज्ञान में हम पढ़ते हैं, 'हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है'। इस सिद्धांत के नैतिक दृष्टिकोण से हम कर्मों के विधान को समझ सकते हैं। प्राचीन हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन धर्मों के मूल सिद्धांतों में से एक है कर्मों का विधान। आजकल वैज्ञानिक हमारे मस्तिष्क से निकलने वाली तरंगों की शक्ति पर जांच कर रहे हैं। बौद्ध धर्म में भी ऐसी कई कहानियां हैं जिनमें लोगों को पिछले जन्म के कर्म का नतीजा भुगतना पड़ा था। कर्म का भुगतान हमें हर हाल में करना पड़ता है

आजकल वैज्ञानिक हमारे मस्तिष्क से निकलने वाली तरंगों की शक्ति पर जांच कर रहे हैं। ये तरंगें विचारों, वचनों और कार्यों की प्रतिक्रिया के रूप में हमारे अंदर से प्रकट होती हैं। यही कर्मों का विधान कहता है कि 'जब भी कोई कार्य किया जाता है तो उसकी प्रतिक्रिया होती है।'

प्राचीन हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन धर्मों के मूल सिद्धांतों में से एक है कर्मों का विधान। यह हमारी आत्मा के स्तर पर हमें प्रभावित करता है। हमारे विचारों, वचनों और कर्मों को दर्ज किया जाता है, इसीलिए जब ये अच्छे होते हैं तो हमें उसका अच्छा फल मिलता है और



जब ये बुरे होते हैं, तो हमें उसका भुगतान करना पड़ता है। यह इस दुनियावी इंसान के कानून की तरह है, जो सजा और पुरस्कार पर आधारित है। बाइबल में भी लिखा है, जैसे को तैसा। कुछ दूसरे धर्मग्रंथों में यह भी आया है कि हमारे जीवन के कर्मों के आधार पर हमें स्वर्ग या नरक में स्थान दिया जाता है। यही कर्मों का विधान कहता है कि 'जब भी कोई कार्य किया जाता है तो उसकी प्रतिक्रिया होती है।'


संत-महात्मा जिन्होंने परमात्मा को पाया है और आंतरिक मंडलों के राज खोले हैं, वे अपने अनुभव के आधार पर हमें कर्मों के विधान के बारे में समझाते हैं। इसीलिए जो लोग उनसे ज्योति और श्रुति का निज अनुभव लेना चाहते हैं, उन्हें शाकाहार का पालन करना होता है। यदि हम किसी जीव की हत्या करते हैं तो उस कर्म का भुगतान हमें करना ही पड़ता है। यही कर्मों का विधान कहता है कि 'जब भी कोई कार्य किया जाता है तो उसकी प्रतिक्रिया होती है।' यह इस दुनियावी इंसान के कानून की तरह है, जो सजा और पुरस्कार पर आधारित है।

जो लोग इस सिद्धांत की पुष्टि करना चाहते हैं वे संत-महात्माओं की तरह परीक्षण करके अंतर के मंडलों में जा सकते हैं। वहां जाकर वे कर्मों के विधान की सत्यता का पता लगा सकते हैं। इन अनुभवों से वे प्रेम के मुख्य सिद्धांत को समझ पाए। जीवन में वापसी के बाद ऐसे लोग अधिक प्रेममय और दूसरों का ख्याल रखने वाले बन गए। उन्होंने लोगों की प्रतिक्रिया को महसूस किया था। इस प्रकार वे कर्मों के विधान को भी समझ पाए, जिससे कि उन्होंने सदाचारी जीवन जीते हुए अपना ध्यान पिता-परमेश्वर की ओर लगाया।

आइए, हम भी ध्यान-अभ्यास के माध्यम से पिता-परमेश्वर के प्रेम और शांति का अनुभव करें और कर्मों के विधान को समझते हुए जन्म-मरण के चक्कर से इसी जन्म में मुक्ति प्राप्त करें।

– संत राजिन्दर सिंह

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

यो मां पश्यति सर्वत्र
सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि
स च मे न प्रणश्यति॥

**भावार्थ**

श्री कृष्ण कहते हैं, जो व्यक्ति मुझे सभी जगह देखता है और सभी कुछ मुझमें देखता है, मैं उसके लिए अदृश्य नहीं होता और वह मेरे लिए अदृश्य नहीं होता।

# आज से शुरू होगा मध्य भारत के सबसे बड़े नेत्र चिकित्सालय का नया भवन

## पहले दिन काला मोतिया के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** मध्यभारत के सबसे बड़े नेत्र चिकित्सालय की विधिवत सौगात शुक्रवार 13 मार्च से नेत्र रोगियों को मिलने जा रही है। वैसे तो सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के गांधीनगर एयरपोर्ट रोड के समीप लोकार्पण सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी एवं देश विदेश से आए दानवीरों की उपस्थिति में सत सिद्ध भाऊ ने स्वामी हिरदाराम जी के अवतरण दिवस 21 सितम्बर को किया कर दिया था, लेकिन संत हिरदाराम नगर से इसकी शिफ्टिंग नहीं हुई थी, परन्तु अब 13 मार्च शुक्रवार से यह अस्पताल विधिवत काम करना प्रारंभ कर देगा। सेवा सदन ने पिछले 4 दशक में लगभग लाखों नेत्र रोगियों की जांच के अलावा लाखों मोतियाबिंद के निःशुल्क आपरेशन किए हैं।

### सभी गंभीर बीमारियों का इलाज

यह भोपाल और मध्यभारत अंचल का बड़ा नेत्र चिकित्सालय होगा। लगभग 6 एकड़ भूखंड पर 1.30 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल में बने तीन मंजिला भवन में आंखों से जुड़ी सभी गंभीर बीमारियों का इलाज मिल सकेगा। सेवा सदन अस्पताल में नेत्र रोगियों को विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही यहां विभिन्न नेत्र संबंधी बीमारियों पर रिसर्च भी होगी।




### नया भवन एक नजर में

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में अभी रोजाना 450 की ओपीडी होती है। नई बिल्डिंग में प्रतिदिन 1000 से 1500 नेत्र रोगियों के उपचार की व्यवस्था होगी। अस्पताल में 11 मॉड्यूलर ओटी होंगे, जहां हर साल 50 हजार से ज्यादा ऑपरेशन किए जा सकेगें। सेवा सदन के पूर्णतः वातानुकुलित नवनिर्मित अस्पताल भवन के ग्राउंड फ्लोर पर स्वागती कक्ष, रजिस्ट्रेशन डेस्क, प्रिविलेज सेंटर, इन्वेस्टिगेशन रूम, केटरेक्ट विंग, ऑप्टोमेट्री ब्लॉक, इमरजेंसी, फिजिशियन की सेवाएं, काउंसलर सहित डॉक्टर्स के ओपीडी रूम और मेडिकल स्टोर रहेंगे। प्रथम तल पर स्पेषलिटी विंग रहेगा, जहां अनुभवी डॉक्टर्स की टीम सेवाएं देगी। ऑपरेशन थिएटर सहित लेसिक डिपार्टमेंट भी यहीं रहेगा। रेटिना क्लीनिक, कॉर्निया क्लीनिक, ग्लुकोमा, ऑक्यूलोप्लास्टी, ऑप्टोमेट्रिस्ट, काऊंसलर, पेरिमेट्री की सुविधा भी होगी। यहीं लो विजन के मरीजों की विशेष स्क्रीनिंग होगी। सेकेंड फ्लोर पर प्रिविलेज सेंटर के मरीजों के लिए बेड रिजर्व रहेंगे। अस्पताल द्वारा राजधानी भोपाल के 200 किलो मीटर परिधि में स्थिति कस्बों एवं शहरों में 38 विजन सेंटर भी संचालित किए जा रहे हैं।

### नेत्र बैंक और ऑक्युलोप्लास्टी सुविधा

अस्पताल के प्रथम तल पर ही बच्चों के इलाज की सुविधा मिलेगी। यहां एक नेत्र बैंक भी बनाया गया है, जिसमें नेत्र दान करने वालों के कॉर्निया (टिश्यू) संरक्षित कर रखे जा सकेंगे। अस्पताल में नकली आंख लगवाने वाले मरीजों के लिए नेत्र प्लास्टी ( ऑक्युलोप्लास्टी ) की सुविधा भी सुलभ रहेगी। द्वितीय तल, निःशुल्क ऑपरेशन वाले गरीब मरीजों के लिए रहेगा। यहां पर 150 बेड फ्री ऑपरेशन वाले पुरूष मरीजों के लिए और 46 बेड केवल महिला रोगियों के लिए रिजर्व होंगे। इनके अलावा इंजेक्शन रूम, निश्चेतना कक्ष के साथ ही मरीजों के लिए वेटिंग एरिया भी रखा गया है। मरीजों और स्टाफ के लिए चेंजिंग रूम भी बनेगा। अस्पताल के 20 अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित मेडिकल और नॉन मेडिकल स्टाफ सेवाएं देगा। आईपीडी बिल्डिंग में 14 कमरे, 4 वार्ड और केन्टीन की सुविधा रहेगी। इनके अलावा सेवा सदन के नवीन भवन में 24 घंटे आपातकालीन सुविधा, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सोलर पैनल्स, विशाल पार्किंग, फायर फाइटिंग सिस्टम, आईटी कक्ष, थर्ड पार्टी चिकित्सा बीमा प्रतिपूर्ति की सुविधाएं दी जाएंगी।

## साधु वासवानी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

# 50 महिलाओं को सम्मानित कर बढ़ाया उनका मनोबल



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में वैसे तो समाज सेवियों की कोई कमी नहीं है लेकिन कपड़ा एसोसियेशन के महासचिव, झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े दिनेश वाधवानी ने हर साल की तरह इस साल भी विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में यहां की 50 से अधिक महिलाओं का सम्मान किया। इसके लिए साधु वासवानी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां की पीआरओ दीपा आहूजा ने बताया कि दिनेश वाधवानी समय समय पर अन्य कार्यो में भी सहयोग करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल महिला दिवस पर नहीं बल्कि हर दिन, और हर समय करना चाहिए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां नारियों की पूजा की जाती है। नारी शक्ति की पर्याय हैं नारी सदैव वंदनीय हैं। महिलाओं के बिना पूरा देश व घर नहीं चल सकता। साधु वासवानी कॉलेज संचालन समिति के अध्यक्ष दयालदास डेटानी ने भी महिलाओं को पूज्यनीय बताया। वासवानी स्कूल संचालन समिति के सचिव केएल रामनानी ने भी महिलाओं की परिवार के अलावा समाज व देश के उत्थान में भूमिका की सरहाना की। कार्यक्रम को समाजसेवी महेश दयारामानी ने भी सम्बोधित किया। शिक्षिका दीक्षा रामनानी ने भी विचार रखे।

# सीवेज लाइन बिछाने का काम सोमवार से होगा शुरू, किया निरीक्षण



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** अब यह सौ प्रतिशत तय है कि अमृत योजना के अन्तर्गत संत हिरदाराम नगर के वार्ड 4 एवं 5 को भी शामिल किया ही जाएगा। दरअसल इस बात को लेकर संश्य था कि शायद 166 करोड़ की अमृत योजना में वार्ड 4 एवं 5 को छोड़कर हुजूर विधान सभा के शेष वार्डों में काम किया जाएगा, लेकिन एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी के लगातार प्रयासों से अंततः वार्ड 4 एवं 5 में भी यह काम किया जाएगा और वार्ड 4 में तो चार ऐसी सड़के हैं, जिनके लिए लगभग 1.25 करोड़ की राशि सीमेंट कांक्रीट कार्य के लिए स्वीकृत हुई है, जिसमें से निरंकारी मण्डल भवन रोड के निर्माण के लिए पिछले शनिवार को टेंडर भी जारी कर दिए हैं क्योंकि इस मार्ग पर पानी की पाइन लाइन बिछाई जा चुकी है।

**अधिकारियों ने किया निरीक्षण:** गुरुवार को इस योजना से जुड़े अधिकारियों अधीक्षण यंत्री राजेन्द्र कुमार त्रिवेदी, जूनियर इंजीनियर शुभकामना ठाकुर एवं ठेकेदार ने एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी के साथ डा. सुरेश भंभानी क्लीनिक रोड, पंजाब नेशनल बैंक रोड एवं निरंकारी मंडल रोड का निरीक्षण किया जिसके बाद तय किया कि सोमवार से इन तीनों सड़कों पर सीवेज लाइन बिछाने का काम प्रारंभ होगा। शेष दो सड़कों पर पानी की पाइप लाइन एवं तीन सड़कों पर सीवेज लाइन डाली जाएगी। राजेश हिंगोरानी ने बताया कि यह काम एक जून तक हर हालत में करने को कहा है, ताकि उसके बाद संभावित मानूसन आने से पूर्व तीनों सड़कों के सीमेंट कांक्रीट कार्य को भी आरंभ किया जा सके। इस तरह वार्ड 4 की इन चार सड़कों के दोनो तरफनिवास करने वाली लगभग 10 हजार आबादी को आगामी मानसून में जल भराव एवं कीचड़ से मुक्ति मिल जाएगी। दरअसल इन तीनों सड़कों के किनारे पूर्व में जो नालियां बनी थी, उन पर अवैध कब्जे हैं, ऐसे में बरसात एवं घरों से निकलने वाले पानी की निकासी नहीं होने से जब जब भी इन सड़कों का डामरीकरण हुआ उसने अल्पकाल में ही दम तोड़ दिया। तीनों सड़कों पर नालियों पर किए गए कब्जे को भी सड़क निर्माण के पहले हटवाना चाहिए, ताकि पानी की निकासी आसान हो सके।

## प्रशिक्षण में नशामुक्ति और जल संरक्षण पर जोर

**बैरसिया।** ग्राम पंचायत कलारा में जनअभियान परिषद भोपाल की चयनित नवांकुर संस्था सुमंत्रा एजुकेशनल वेलफेयर समिति द्वारा एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भोपाल संभाग समन्वयक वरुण आचार्य ने प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए संगठन पर जोर दिया। उन्होंने कहाकि बिना संगठन के कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता।



साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत घर से करने पर गांव को नशामुक्त बनाने के लिए महिलाओं की भूमिका जरूरी बताई। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा जल संरक्षण के लिए बावड़ियों की सफाई और तालाबों में श्रमदान करने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के दस्तावेजीकरण, समितियों की कार्यप्रणाली और गांव के विकास से जुड़े विभिन्न मूल विषयों पर भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक बैरसिया टीना शर्मा, ग्राम पंचायत कलारा के सरपंच देवकरण कुशवाह, नवांकुर संस्था के सचिव आलोक दांगी, परामर्शदाता जितेन्द्र कुशवाह सहित सेक्टर 05 की समितियों के अध्यक्ष उमेश, शिवप्रसाद,उपस्थित रहे।

# इकलबाड़ा में पंचायत भवन का भूमिपूजन

**जागरण ओबेदुल्लागंज।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इकलबाड़ा में लगभग 37 लाख 50 हजार की लागत से बनने वाले नवीन अटल पंचायत भवन का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर जनपद सीईओ अखिलेश कटारे गांव के सरपंच सचिव उपस्थित रहे उन्होंने आशा व्यक्त की इस भवन के निर्माण से प्रशासनिक कार्यों में सुविधा बढ़ेगी और आम जनता को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी।



**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
ग्यारहवें व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस बी/212/2019
यूको बैंक बनाम रामू आदिवासी
NEXT DATE: 28-03-2026

प्रेषिती-
**रामू आदिवासी**
पुत्र भद्दू सिंह
पता- 176, बैरागढ़ चीचली कोलार रोड भोपाल मध्यप्रदेश पिन कोड- 462042
यह कि प्रार्थी यूको बैंक ने आपके विरूद्ध आरसीएस बी/212/2019 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 26-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश
सुश्री एकता ठाकुर
ग्यारहवें व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड भोपाल

**-:जाहिर सूचना:-**
**कृषि स्थित ग्राम रतनपुर प.ह.न.44 तह. हुजूर जिला भोपाल म.प्र.।**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने अजय निगम आ. श्री औ एच निगम आयु व्यस्क निवासी 6/36, यमन सहारा स्टेट भोजपुर रोड 11, मील मिसरोद तह. हुजूर जिला भोपाल के स्वत्व स्वामित्व की भूमि का खसरा क्रमांक 628/2/3 रकवा 0.100 हे. अर्थात् (0.25हे.) मे से हिस्सा 0.05 हेक्टर (0.125 हेक्टयर) स्थित भूमि ग्राम रतनपुर तह. हुजूर जिला भोपाल म.प्र.। की भूमि विक्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार से किया गया हैं, एंव बयाना राशि अदा कर दी है, जिसके दस्तावेज का पंजीयन शीघ्र होना हैं, उक्त सम्पत्ति के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फायनेंश संस्था, फर्म, शासकीय कार्यालय, बैंक के.सी.सी. का किसी भी प्रकार का बकाया या आपत्ति हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिबा, हस्तांतरण, इत्यादि हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरे पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन करा लेगा ऐसी स्थिति में कोई अपत्ति मान्य नही होगी।
भवदीय **सरिता शैर्या** अधिवक्ता
Office:-Chitransh Enterprises(Chitransh Typing) Mandideep, Distt Raisen M.P.
मो-9425301684

**In The Court Of XIII Civil Judge Class-1, District Court, Bhopal**
**Presiding Officer: श्रीमती पलक मनीष राय**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000187/2025)
श्रीमती रंजना भसीन ............... आवेदक
सर्व साधारण ........Vs........अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांक: 21/04/2026
प्रेषिती
(1) अंकित भसीन पिता बृज मोहन भसीन पता– फ्लेट नं.–104 प्रथम तल भवानी शंकर द्वार क. 2 मीनाल रेसीडेंसी भोपाल
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रंजना भसीन पता ने मृतक विकास भसीन निवासी 173, नीरजा नगर, फेज–2 जे.के. रोड, भोपाल की 2500000/– (रु. पच्चीस लाख मात्र) राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 21 April 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 21 April 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**(सुश्री पलक राय)**
तेरहवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र)

## भौतिकता की चकाचौंध में भटक रही युवा पीढ़ी

**जागरण, विदिशा।** पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत आयोजित गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध में प्रातः कालीन धर्मसभा में निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभवसागर महाराज ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भौतिकता की चकाचौंध में आकर अपने मूल संस्कारों से दूर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि गर्भ संस्कार और माता-पिता की जिम्मेदारी को समझना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इससे मानसिक समस्याएं या विकलांगता के मामले बढ़ रहे हैं।

# 22 मार्च को एक बार फिर दौड़ेगा सिंधी समाज

## मेला समिति की बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव बड़े धूमधाम व उल्लास में मनाये जाने के लिए सिंधी मेला समिति अपने पूरे परिवार के साथ तैयार है। चेटीचाँद के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर सोमवार को कबीर कुटिया में समिति द्वारा आगामी कार्यक्रमों के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक को संबोधित करते हुए सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने कहा कि आगामी 20 मार्च को सिंधी सेंट्रल पंचायत द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया हा रहा है जिसमे सभी को अपने परिवार एक ईष्ट मित्रो के साथ शामिल होने हेतु आग्रह




किया गया और समाज में एकता का संदेश देने का आव्हान किया गया। सिंधी मेला समिति द्वारा शहीद हेमू कालानी की जयंती के उपलक्ष्य में 22 मार्च को सिंधी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन सुबह 5 बजे लालघाटी स्थित सनसिटी गार्डन से शुरू होगी। इसमें 3 श्रेणियां होंगी 2.5 किमी, 5 किमी और 11 किमी की होगी, 2.5 किमी मैराथन दौड़ सनसिटी से नीना पैलेस यू-टर्न होकर लालघाटी से वापस सनसिटी तक होगी। 5 किमी की दौड़ सनसिटी से नीना पैलेस यू-टर्न, लालघाटी चौराहा, वीआईपी रोड और इंपीरियल सेब्रे होते हुए सनसिटी तक होगी और 11 किमी की दौड़ वीआईपी रोड से यू-टर्न होते हुए वापस सनसिटी पहुंचेगी, इस वर्ष 5 और 11 किमी की दौड़ में पहली बार रेनर्स को टाइमिंग चिप भी लगाई जाएगी। इसके अलावा 45 मिनट का जुम्बा डांस सेशन युवाओ के लिए काफी खास रहेगा, सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट दी जाएगी। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरियानी ने बताया कि मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। बैठक में मनीष दरयानी महासचिव नरेश तलरेजा समिति संरक्षक केएल दलवानी, घनश्याम पंजवानी, राम आसुदानी और भावना जगवानी प्रदीप अर्थवानी, हरीश विधानी, कपिल भाटिया, दीपक राजानी, कमलेश चंदवानी के अलावा संत नगर सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## SUDOKU 173

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 7 | | 2 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | | | 4 |
| 5 | | | | 9 | 3 | | | |
| 8 | | | | | 9 | | | |
| | 4 | 1 | | | | 3 | 2 | |
| | | | 2 | | | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | | | | 1 |
| 1 | | | | | 2 | | | |
| | 7 | | | 4 | | 2 | 8 | |

## SOLUTIONS 172

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 8 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 6 | 8 | 9 | 1 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** मन में कोई नया और अलग काम करने का विचार आ सकता है। कोई भी काम ईमानदारी और अनुशासन से करेंगे तो आपको लंबे समय में बेहतर सफलता मिलेगी।

**वृषभ :** कामकाज के मामले में आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में वृद्धि हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन :** जिम्मेदारी और काम दोनों बढ़ सकती है। हालांकि ज्यादा काम लेने से परेशानी हो सकती है। ऐसे में हर किसी को 'हां' कहने से बचें।

**कर्क :** दिन सामान्य रहेगा। कामकाज में बढ़ोतरी हो सकती है। अचानक से धन की प्राप्ति हो सकती है। हालांकि आज कोई पुराना सपना या लक्ष्य फिर से याद आ सकता है।

**सिंह :** आज जल्दी परिणाम पाने की इच्छा को थोड़ा रोकें। धैर्य और अनुशासन से काम करेंगे, तो आगे अच्छा फायदा मिलेगा। बड़ी सोच रखें और सही समय का इंतजार करें।

**कन्या :** हर काम को बिल्कुल परफेक्ट बनाने की चिंता न करें। पहले काम पूरा करें, बाद में सुधार किया जा सकता है। सेहत से लापरवाही न करें।

**तुला :** हर बात में बीच का रास्ता न अपनाएं। आपकी स्पष्ट बात और आत्मविश्वास से लोग आपका सम्मान करेंगे। परिवार से राय लेने में कोई हर्ज नहीं है। मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**धनु :** नई सोच के साथ नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं। आप उस काम या पढ़ाई को फिर से शुरू कर सकते हैं, जिसे आपने बीच में ही छोड़ दिया था। खर्चों पर ध्यान दें।

**वृश्चिक :** कई बार चुप रहकर स्थिति को समझना बेहतर होता है। ध्यान से सुनेंगे तो सही फैसला ले पाएंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर :** अचानक बदलाव हो सकते हैं । अगर आप परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालेंगे तो दिन आसानी से निकल जाएगा।

**कुंभ :** कुछ चीजें स्पष्ट कर लेना ही उचित है। क्योंकि सिर्फ नए आइडिया सोचने से काम नहीं चलेगा, उन्हें पूरा करना भी जरूरी है।

**मीन :** आज काम से बचने की कोशिश करने से परेशानी बढ़ सकती है। बेहतर है कि अपने जरूरी काम समय पर पूरे कर लें। इससे बाद में आप आराम से अपना समय बिता पाएंगे।

**आज का पंचांग:** 13 मार्च शुक्रवार 2026। **दिशाशूल :** पश्चिम दिशा में रहेगा। **भद्रा :** साय 07 बजकर 21 मिनट से 14 मार्च को प्रातः 08 बजकर 12 मिनट पर समाप्त। **विशेष :** नवमी तिथि की वृद्धि विक्रम संवत 2082 शके 1948 उत्तरायण, शिशिर ऋतु चैत्र मास कृष्ण पक्ष नवमी, तत्पश्चात दशमी पूर्वाआषाढा नक्षत्र, तत्पश्चात उत्तराआषाढ़ा नक्षत्र व्यतिपात योग 10 घंटे 32 मिनट तक, तत्पश्चात वरियान योग धनु में चंद्रमा।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 — REGD. No. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-27022026-270555
CG-DL-E-27022026-270555
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1020] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 27, 2026/फाल्गुन 8, 1947
No. 1020] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 27, 2026/PHALGUNA 8, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 27 फरवरी, 2026

**का.आ. 1064( अ ).—** केन्द्रीय सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 ( 1956 का 48 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि मध्य प्रदेश राज्य के **विदिशा** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या **NH-346** के कि.मी. **0+000 से कि.मी. 87+900 तक ( झरखेड़ा बैरसिया से विदिशा - रोड ) ( तहसील विदिशा )** का निर्माण (चौड़ीकरण/चार-लेन का बनाने आदि), अनुरक्षण, प्रबन्ध और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3 ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर आक्षेप कर सकेगा ।


ऐसा प्रत्येक आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् **सब डिविशनल मजिस्ट्रेट एवं भूमि अधिग्रहण, विदिशा जिला विदिशा** को लिखित रूप मे किया जाएगा और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधि व्यवसायी द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसे आक्षेपों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आक्षेपों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।
उक्त अधिनियम की धारा 3 ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा; और
इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

अनुसूची
मध्यप्रदेश राज्य के जिले **विदिशा** में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या NH-346 के **कि.मी. 50+600 से कि.मी. 87+900 तक ( झरखेड़ा बैरसिया से विदिशा - रोड )( तहसील विदिशा )** के निर्माण के लिए भू खण्ड अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण ।

जिला :- विदिशा
http://egazette.gov.in
प्रकाशन दिनांक 27.02.2026
http://morth.gov.in
http://bhoomirashi.gov.in
(फ.स.. CE-RO BPL/30010/46/2018-19/3A]
जी-27146/25

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.8 | 18.2 |
| मुंबई | 33.1 | 23.9 |
| चेन्नई | 37.0 | 21.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 25.3 |

सूर्यास्त 6:28 PM
सूर्योदय 6:33 AM
चन्द्रोदय 1:39 AM
चन्द्रास्त 12:12 PM

# नरसिंहपुर और अशोकनगर की सड़कों पर थार ने बरपाया कहर

# बेकाबू थार ने बाइक को मारी टक्कर सरपंच समेत दो बुजुर्गों की हुई मौत



**जागरण, नरसिंहपुर।** जिले के ठेमी थाना क्षेत्र के ग्राम धमना में देर रात भीषण सड़क हादसे में ग्राम पंचायत मुशरान पिपरिया के सरपंच समेत दो बुजुर्गों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि थार वाहन का चालक घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, ग्राम पंचायत मुशरान पिपरिया के सरपंच रोशनलाल पिता सुक्केलाल मेहरा (64) और रिटायर्ड बैंककर्मी भगवत पिता गज्जे झारिया (66) किसी शादी समारोह में शामिल होने नरसिंहपुर आए थे। कार्यक्रम से लौटते समय दोनों एक ही बाइक से अपने गांव जा रहे थे। रात करीब 11 बजे नरसिंहपुर-सांकल मार्ग पर ग्राम धमना के पास उनकी बाइक को थार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों बुजुर्गों की मौके पर ही मौत हो गई।

### थार क्षतिग्रस्त, कार चालक घायल

हादसे के बाद अनियंत्रित थार आगे जाकर एक लोहे के ठेले से टकरा गई। इससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। ठेमी थाना प्रभारी प्रीति मिश्रा ने बताया कि कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चालक करेली निवासी आर्यन ममार बताया जा रहा है। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों बुजुर्ग आपस में करीबी रिश्तेदार हैं। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## अंध रफ्तार थार आधी रात घरों में घुसी

**जागरण अशोकनगर।** गुरुवार की रात में एक तेज रफ्तार थार कार ने अनियंत्रित होकर घर के बाहर बने दीवार छज्जों को क्षतिग्रस्त कर दिया। दुर्घटना में थार कार में सवार युवक भी घायल हुआ है। घटना गुरुवार की रात करीब 3 बजे की है। एचडीएफसी चौराहा और तारासदन स्कूल के बीच दुर्घटना हुई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि थार ने इन मकानों के बाहर बने निर्माणों को तोड़ दिया है जिनमें टीनशेड लगाने के पाइप, छज्जे, काउंटर आदि शामिल हैं। एक मकान के मालिक ने बताया कि टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि मेरे मकान में दूसरी मंजिल तक दरार आ गई है। दुकानदार के अनुसार दुकान काउंटर टूट गया है शटर क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं थार कार का अगला हिस्सा और पहिया भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिस दुकानदार का नुकसान हुआ है उसने कोतवाली थाने में आवेदन देकर लापरवाही और तेज वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की मांग की है।

### मकानों से टकराई गाड़ी ने किया क्षतिग्रस्त, दूसरी मंजिल तक दरार



# खाना न देने से नाराज बेटे ने मां को मारा तसला और हंसिया, मौत

### जबलपुर के आदिवासी क्षेत्र का मामला

**जागरण, जबलपुर।** आदिवासी बाहुल्य इलाके में एक बेटे ने खाना मिलने में देरी के कारण अपनी मां की हत्या कर दी। मां से विवाद के बीच कलयुगी बेटे ने पहले तसला मां के सिर पर मार दिया। फिर दीवार पर टंगी हंसिया उठाकर गले और सिर पर वार कर दिया। इससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। मां को अधमरा छोड़ आरोपी अपने पिता को धक्का देकर फरार हो गया। भाई-बहन ने रोकने की कोशिश की तो उन्हें भी धमकाते हुए भाग गया। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

यह दर्दनाक मामला जबलपुर से 50 किलोमीटर दूर आदिवासी बाहुल्य कुंडम थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया बदरिया का है।

### पिता को धक्का देकर भागा आरोपी, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

यहां रहने वाली जमुना मरावी गुरुवार सुबह घर में काम कर रही थीं। इसी दौरान उनका बड़ा बेटा दीपक घर पहुंचा और मां से खाना मांगने लगा। मां ने काम का हवाला देते हुए कहाकि अभी खाना बनने में थोड़ा समय लगेगा। इतना सुनते ही दीपक तमतमा उठा और मां से विवाद करने लगा। छोटे भाई और बहन ने बीच-बचाव किया तो शांत होकर वह घर से कहीं चला गया। मगर करीब आधा घंटे बाद घर में आते ही उसने काम कर रही अपनी मां पर बहस के दौरान अचानक पास में रखा तसला उठाकर हमला कर दिया। उसके वार से महिला जमीन पर गिर गई। आवाज सुनकर पिता श्याम सिंह अपनी पत्नी को बचाने पहुंचे तो आरोपी बेटे ने उन्हें धक्का दे दिया और दीवार पर रखा हंसिया उठाकर मां के गले और सिर पर वार कर दिया, जिससे महिला की मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वह हाथ में हथियार लेकर पिता और भाई-बहन को भी धमकी देते हुए जंगल की ओर भाग गया। हथियार देख कोई उसे रोक नहीं सका। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी। गुरूवार शाम ही उसे जंगल में घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार कर आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परिवार गांव में मजदूरी कर जीवन-यापन करता है। आरोपी सहित उसके भाई-बहन मानसिक रूप से अस्वस्थ भी बताए जा रहे हैं।

# सेहरी के बाद लगाई फांसी, परिवार से मांगी माफी, मंगेतर के लिए लिखा-तुम्हे बहुत प्यार करता हूं



**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र की सम्राट कॉलोनी में रहने वाले एक युवक फरमान पठान ने गुरुवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने रोजा रखा था और सेहरी करने के बाद कमरे में जाकर फांसी लगा ली। खुदकुशी से पहले उसने मोबाइल के स्टेटस पर परिवार से माफी मांगते हुए संदेश भी लिखा था। पुलिस को आशंका है कि कर्ज के दबाव के चलते युवक ने यह कदम उठाया होगा। खजराना पुलिस के अनुसार फरमान ने आत्महत्या से पहले अपने मोबाइल के स्टेटस पर एक संदेश भी पोस्ट किया था। इसमें उसने लिखा कि वह यह कदम अपनी मर्जी से उठा रहा है और किसी को दोष न दिया जाए। उसने परिवार से माफी मांगते हुए लिखा कि उसके जाने के बाद सभी आपस में मिलजुल कर रहें । फरमान ने अपने संदेश में अपनी मंगेतर सना के लिए भी लिखा कि वह उससे बहुत प्यार करता है और जीवनभर साथ निभाने का वादा किया था, लेकिन परिस्थितियों के कारण अब उसे उसका साथ छोड़ना पड़ रहा है।

## कार से सवा दो किलो चांदी के आभूषण ले उड़े बदमाश

**देवास।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े एबी रोड पर आनंद ज्वेलर्स के सामने खड़ी कार का शीशा तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने करीब सवा 2 किलो चांदी के आभूषण से भरा बैग चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि इंदौर के कश्यप नामक व्यापारी एबी रोड पर स्थित आनंद ज्वेलर्स पर आया और उसने चांदी के कुछ आभूषण आनंद ज्वेलर्स के संचालक को दिए और शेष करीब सवा दो किलो वजनी चांदी के आभूषण बैग में भरकर कार में रख दिये और कार को लॉक कर खाना खाने चला गया। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने कार का शीशा तोड़ा और अंदर रखा चांदी के आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फूटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

# एसटीआर के लग्जरी रिजॉर्ट में वन्य जीव अंगों की प्रदर्शनी, मामला दर्ज

### वन विभाग ने चीतल के सींग, सेही के कांटे और सांप की केंचुली बरामद की



**जागरण, नर्मदापुरम।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मढ़ई क्षेत्र स्थित प्रदेश के चर्चित फोरसिथ लॉज रिजॉर्ट में वन्यजीवों के अवशेषों की अवैध प्रदर्शनी का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने सर्चिंग के दौरान रिजॉर्ट से चीतल के सींग, सेही के कांटे और सांप की केंचुली बरामद की है। मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एसटीआर के बागड़ा बफर के रेंजर विलास डोंगरे के मुताबिक 40 एकड़ में फैले आलीशान रिजॉर्ट में दबिश दी थी। जांच के दौरान पाया गया कि रिजॉर्ट प्रबंधन ने विदेशी और वीआईपी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बिना अनुमति वन्यजीवों के अंगों को डिस्प्ले (प्रदर्शनी) में रखा था। एसडीओ आशीष खोपरागढ़े के मुताबिक, प्राथमिक जांच में रिजॉर्ट का मैनेजर मुख्य रूप से जिम्मेदार नजर आ रहा है। उससे पूछताछ की। वन विभाग यह पता लगा रहा है कि ये अवशेष कितने पुराने हैं। इन्हें जंगल के किस हिस्से से लाया गया था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में रिजॉर्ट मालिक की संलिप्तता पाई गई तो उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। रिसॉर्ट मैनेजर निपुण मेहतो, प्रकृतिवादी फईयाज अंसारी के बयान मटकुली में पचमढ़ी के सहायक संचालक संजीव शर्मा ने लिए। दोनों ने बताया कि रिसॉर्ट काफी बड़े क्षेत्र में फैला है, जिसमें जंगल भी है, जहां वन्य प्राणी आते हैं। रिसॉर्ट परिसर में ही चीतल के सींग और सेही के कांटे गिर गए थे। जिन्हें प्रदर्शनी के रूप में डिस्प्ले में रखा था। हालांकि विभागीय अधिकारियों की मानें तो वन्य प्राणी, जीवों के अंगों को डिस्प्ले में रखने के लिए वाइल्ड लाइफ पीसीसीएफ से अनुमति जरूरी होती है।

# रंगपंचमी पर एक-दूसरे को रंग लगाकर कमरे में बंद हुए दंपति, तीन दिन बाद मिले दोनों के शव

**जागरण, गुना।** इंसानी रिश्तों और नियति के क्रूर खेल की एक ऐसी दास्तां गुना जिले के रुठियाई कस्बे से सामने आई है, जिसने सुनने वाले हर शख्स की रूह कपा दी है। अभी महज तीन दिन पहले ही तो चारों तरफ खुशियों के रंग बिखरे थे। रंगपंचमी का उल्लास था और बजरंगगढ़ की बीस भुजा कॉलोनी का रहने वाला 24 वर्षीय सूरज आदिवासी अपनी 23 वर्षीय पत्नी आरती के साथ जीवन के सबसे सुनहरे पल जी रहा था। सूरज ने बड़े चाव से आरती के चेहरे पर गुलाल मला था, हंसी-ठिठोली की थी और उन प्रेम भरे क्षणों के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए थे। उन तस्वीरों को देखकर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि प्यार के उन रंगों के पीछे मौत का ऐसा काला साया छिपा बैठा है।

गुरुवार की सुबह जब रुठियाई के एक छोटे से कमरे का दरवाजा खुला, तो भीतर का मंजर देख लोगों का कलेजा मुंह को आ गया। जिन चेहरों पर तीन दिन पहले गुलाल की सुर्खी थी, वे आज सफेद पड़ चुके थे। आरती का बेजान शरीर फर्श पर पड़ा था और सूरज फंदे से झूल रहा था। सबसे



ज्यादा हृदयविदारक दृश्य तब था जब अस्पताल ले जाने के लिए पुलिस ने उन देहों को प्लास्टिक में लपेटा। जो जोड़े कुछ दिन पहले सज-धजकर होली खेल रहे थे, उन्हें इस तरह बेजान और प्लास्टिक में लिपटा देख अस्पताल में मौजूद हर शख्स की आँखें छलक उठीं। सूरज और आरती की कहानी किसी फिल्मी पटकथा जैसी थी, लेकिन उसका अंत बेहद खौफनाक रहा। दोनों ने कुछ समय पहले ही समाज और परिवार की सहमति-असहमति के बीच प्रेम विवाह (लव मैरिज) किया था। दोनों एक-दूसरे के पूरक थे और गरीबी के बावजूद मेहनत-मजदूरी कर अपना छोटा सा संसार संवार रहे थे। मजदूरी के ही सिलसिले में वे कुछ दिनों पहले रुठियाई आए थे। सबसे मार्मिक बात यह है कि आरती गर्भवती थी। सूरज और आरती के जीवन में एक नन्हा मेहमान आने वाला था, जिसे लेकर दोनों ने न जाने कितने सपने बुने होंगे। लेकिन उन सपनों के हकीकत बनने से पहले ही यह परिवार काल के गाल में समा गया।

घटना का खुलासा गुरुवार की सुबह तब हुआ जब सूरज के भाई ने कमरे के भीतर झांका। कमरे के भीतर सन्नाटा पसरा था, लेकिन वह सन्नाटा चीख-चीखकर किसी अनहोनी की गवाही दे रहा था। भाई ने देखा कि उसकी भाभी आरती फर्श पर पड़ी है और भाई सूरज फंदे पर लटका है। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जब मौके पर पहुँची तो उसे संघर्ष के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले, जिससे प्राथमिक तौर पर यह माना जा रहा है कि सूरज ने पहले अपनी गर्भवती पत्नी का गला दबाकर उसकी हत्या की और फिर खुद भी मौत को गले लगा लिया।

## बिजनेस प्लस

# पश्चिम रेलवे का गैर-किराया राजस्व दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य


**मुंबई।** प्रधानमंत्री कार्यालय के भारतीय रेल के गैर-किराया राजस्व को बढ़ाने के निर्देशों के अनुरूप, पश्चिम रेलवे ने गैर-किराया स्रोतों से अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। प. रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प. रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक तरुण जैन ने गैर-किराया राजस्व बढ़ाने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श के लिए पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधकों के साथ एक उच्चस्तरीय विचार-मंथन बैठक की अध्यक्षता की।



पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक तरुण जैन मुंबई स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में आयोजित गैर-किराया राजस्व पर सेमिनार के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधकों को संबोधित करते हुए।

बैठक के दौरान श्री जैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य यात्रियों को मूल्यवर्धित सेवाएँ प्रदान करना है। हमारे डिजिटल लाउंज और मिनी मॉल की सफलता यह स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि यात्री अब आधुनिक, प्रौद्योगिकी आधारित तथा गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। गैर-किराया राजस्व को दोगुना कर हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि पश्चिम रेलवे अपने वाणिज्यिक परिसंपत्तियों की राजस्व क्षमता को नए दृष्टिकोण से देखे। चालू वित्तीय वर्ष में फरवरी 2026 तक पश्चिम रेलवे ने गैर-किराया राजस्व के रूप में 117 करोड़ अर्जित किए हैं, जिससे पश्चिम रेलवे बेहतर प्रदर्शन करने वाले जोनों में शामिल हो गया है। भारतीय रेल के गैर-किराया राजस्व को 750 करोड़ से बढ़ाकर 1,500 करोड़ करने के राष्ट्रीय निर्देश के अनुरूप, पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 239.24 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया है। श्री जैन ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुंबई सेंट्रल स्थित डिजिटल लाउंज, रतलाम स्टेशन पर मिनी मॉल तथा अहमदाबाद में एसी सह डिजिटल लाउंज जैसे सफल नवाचार पहलों को दोहराने की आवश्यकता होगी, जिन्हें सराहना मिल चुकी है। ये पहल यात्रियों की सुविधा और आराम को अधिकतम करने के उद्देश्य से की गई हैं।

## आईईएस यूनिवर्सिटी ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नॉलजी द्वारा महिला दिवस के अवसर पर नारी सशक्तीकरण पर सेमिनार का आयोजन किया साथ ही शहर की प्रख्यात महिलाओ जो उनके क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया, जिन्होंने अपने जीवन और करियर को सोसाइटी एवं महिलाओं के भविष्य को गौरवान्वित करने के लिए समर्पित किया। आईईएस यूनिवरसिटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफ (डॉ) सुनीता सिंह, प्रो चान्सेलर, आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस पब्लिक स्कूल के फीमले स्टाफ मैंबर ने मनमोहक डांस की प्रस्तुति दी। साथ ही नारी सशक्तिकरण पर लघुनाटिका का भी आयोजित की गई।

# एनबीसीसी कोच्चि में मरीन ईको सिटी परियोजना को करेगा निष्पादित

**नई दिल्ली/कोच्चि।** केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने गुरुवार को कोच्चि के मरीन ड्राइव में मरीन इको सिटी परियोजना का शिलान्यास (ऑनलाइन माध्यम से) किया। कोच्चि के बोलगट्टी स्थित केटीडीसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में केरल के राजस्व एवं आवास मंत्री के. राजन, राज्यसभा सांसद पीपी सुनीर, विधायक टीजे विनोद, केएसएचबी की हाउसिंग कमिश्नर एवं सचिव गीता ए, आईएएस, कोच्चि कलेक्टर जी प्रियंका, आईएएस, एनबीसीसी के निदेशक (वाणिज्य) डॉ. सुमन कुमार, केएसएचबी के बोर्ड सदस्य सुभाष पुंजकोट्टिल, केएसएचबी के तकनीकी सदस्य वी. उन्नीकृष्णन सहित केएसएचबी और एनबीसीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस परियोजना के लिए केएसएचबी और एनबीसीसी के बीच 2023 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। यह परियोजना मरीन ड्राइव स्थित बीपीसीएल आवासीय परिसर के निकट निर्मित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण विकास परियोजना का कार्य केरल राज्य आवास बोर्ड (केएसएचबी) द्वारा किया जा रहा है, जिसमें आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन आने वाली नवरत्न सीपीएसई एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता (पीएमसी) के रूप में ईपीसी आधार पर कार्यान्वयन के लिए परियोजना से जुड़ी हुई है। 17.9 एकड़ की प्रमुख जलतटीय भूमि पर फैला, मरीन इको सिटी परियोजना को स्व-संधारणीय शहरी विकास मॉडल के रूप में परिकल्पित किया है, जिसका उद्देश्य कोच्चि में एक आधुनिक आवासीय, वाणिज्यिक और आतिथ्य केंद्र बनाते हुए भूखंड का मुद्रीकरण करना है।




## बैंक ऑफ बड़ौदा ने भोपाल में खोली नई शाखा

**भोपाल।** भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने मध्य प्रदेश राज्य की राजधानी भोपाल में अपनी उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया है। नई शाखा के खुलने से राच्य में बैंक की भागीदारी और अधिक समृद्ध होगी, जिससे बैंकिंग परिचालनों को सुदृढ़ता मिलेगी तथा ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। भोपाल अंचल की इस नई शाखा एमपी नगर जोन-2 का उद्घाटन घाटन शैलेष कुमार पारख, महाप्रबंधक एवं अचल प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा, भोपाल अंचल ने किया । इस अवसर पर भोपाल क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक दीपेश कुमार एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख राजेश बैरागी सहित विभिन्न स्टाफ सदस्यों एवं ग्राहको ने प्रतिभागिता की। नई शाखा के उद्घाटन के साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा की मप्र में कुल शाखाओं की संख्या 267 हो गई है ।



## जेवर, रुपए छोड़ अंडरगारमेंट ले गया चोर, उज्जैन में सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश के उज्जैन में चोरी की एक बेहद अनोखी घटना सामने आई है। जहां एक चोर ने घर के बाहर रस्सी पर सूख रहे महिला के अंडरगारमेंट ही चोरी कर लिए। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सामने आया है। यह पूरा मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र का है। दरअसल, चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन इलाके में एक घर के बाहर रोज की तरह कपड़े धोकर रस्सी पर सुखाने के लिए डाले गए थे। इसी दौरान देर रात एक युवक वहां पहुंचा और इधर-उधर देखने के बाद रस्सी पर टंगे महिला के अंडरगारमेंट उतारकर लेकर फरार हो गया। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि युवक पहले आसपास का मुआयना करता है और फिर तेजी से कपड़े उतारकर वहां से निकल जाता है। सुबह जब घर के लोगों ने कपड़े गायब देखे तो उन्होंने आसपास जानकारी ली और सीसीटीवी फुटेज चेक किया, जिसके बाद चोरी का पता चला। पीड़ित परिवार ने इस मामले की शिकायत चिमनगंज थाना पुलिस में दर्ज कराई है। इस तरह की अनोखी चोरी को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग भी हैरान हैं कि आखिर चोर ने पैसे या अन्य सामान छोड़कर सिर्फ महिलाओं के अंडरगारमेंट ही क्यों चोरी किए ? फिलहाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# नाबालिग बहनों से छेड़छाड़, कपड़े फाड़ने का लगाया आरोप, रोते हुए थाने पहुंचीं

### परिजनों का आरोप-पुलिस ने रिपोर्ट लिखने में की टालमटोली

**जागरण, कटनी।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में दो नाबालिग बहनों से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर वारदात की। घटना के बाद बच्चियां मां के साथ रोते हुए थाने पहुंचीं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उन्हें इंतजार करना पड़ा। पीड़िता की मां ने बताया कि रात करीब 10 बजे की है। उस समय वह घर के अंदर थीं और बच्चियां छत पर जा रही थीं। इसी दौरान आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। मां के मुताबिक घटना के तुरंत बाद वे बच्चियों को लेकर कोतवाली थाने पहुंचीं, लेकिन वहां थाना प्रभारी के मौजूद नहीं होने का हवाला देते हुए रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

**आधी रात बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराया :** रात करीब दो बजे बच्चियों की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अगले दिन बच्चियों की परीक्षा होने के कारण उन्हें मजबूरी में घर जाना पड़ा। पीड़िता की मां के अनुसार दूसरे दिन पुलिस चौकी से फोन आया कि वे आ जाएं, रिपोर्ट लिख



ली जाएगी। पीड़िता की मां ने बताया कि जब वे चौकी पहुंचीं तो वहां पुलिसकर्मियों और दूसरे पक्ष की ओर से समझौता करने का दबाव बनाया। मना करने पर उन्हें दोबारा कोतवाली थाने भेज दिया गया, यहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वे बाल कल्याण समिति कार्यालय पहुंचीं। गुरुवार को उनकी एफआईआर की गई।

**सीएसपी ने कहा-पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज :** इस मामले में सीएसपी नेहा पच्चीसिया ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज कर लिया गया है। बच्चियों की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से मारपीट जैसी धाराओं में केस दर्ज किया है।

# 23 साल की महिला के पेट से निकला 7 किलो का ट्यूमर



**जागरण, बुरहानपुर।** लंबे समय से पेट दर्द से परेशान 23 वर्षीय एक महिला के पेट से 7 किलोग्राम का विशाल ट्यूमर निकला है। इतनी बड़ी गांठ को महिला के पेट से निकालना डॉक्टर्स के लिए भी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद इस विशाल गांठ को निकालकर चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर महिला को नया जीवन देने का काम किया है। महिला पेट संबंधी परेशानी के साथ सिंधखेड़ा निवासी मरीज सरस्वती बाई बुरहानपुर के स्व. नंदकुमारसिंह चौहान जिला चिकित्सालय पहुंची थी। लंबी जांच प्रक्रिया के बाद डॉक्टरों ने गुरुवार को इस 23 वर्षीय महिला के पेट से 7 किलो का ट्यूमर निकाला। यह जटिल ऑपरेशन करीब 2 घंटे तक चला। इस जटिल ऑपरेशन को शल्य चिकित्सक डॉ. दर्पण टोके और स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. रेहाना बोहरा की टीम ने अंजाम दिया। पेट से इतनी बड़ी गांठ निकालना चिकित्सक भी एक चुनौती मान रहे थे।

## विदिशा मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन तीन किलो का ट्यूमर निकाला

**विदिशा।** अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध अस्पताल के शल्य रोग विभाग में एक 50 वर्षीय महिला के जांघ में पाए गए लगभग 20 वाय 15 सेमी आकार और करीब 3 किलोग्राम वज़न के दुर्लभ सॉफ्ट टिश्यू ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया। जांच में यह स्पिंडल सेल नियोप्लाज्म होने की आशंका पाई गई थी। सर्जरी कर ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया तथा मरीज की स्थिति अब स्थिर है। यह ऑपरेशन डॉ. आरके सिंह विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर के मार्गदर्शन में तथा डॉ. आकाश जैन असिस्टेंट प्रोफेसर की देखरेख में सर्जरी विभाग की टीम द्वारा किया गया। सर्जरी विभाग में मरीजों की बेहतर सुविधा के लिए विशेष ओपीडी क्लीनिक भी संचालित किए जा रहे हैं,जिनमें सोमवार पीडियाट्रिक सर्जरी क्लीनिक, मंगलवार को ब्रेस्ट कैंसर क्लीनिक, बुधवार को प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक, गुरुवार को गैस्ट्रो सर्जरी क्लीनिक, शुक्रवार को बवासीर, फिशर, फिस्टुला एवं यूरो सर्जरी क्लीनिक एवं शनिवार को एंडोक्राइन सर्जरी क्लीनिक संचालित होतीं हैं।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

829 76,034

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Adani Power | 151.98 | 7.39% |
| JSW Energy | 528.00 | 6.21% |
| Tata Power | 407.35 | 4.25% |
| Jindal Steel | 1,232.10 | 3.20% |
| REC | 349.45 | 3.14% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| TVS Motor | 3,402.80 | -4.95% |
| Varun Beverages | 410.00 | -4.68% |
| Bajaj Holdings | 9,760.00 | -3.81% |
| Godrej Consumer | 1,045.10 | -3.58% |
| DLF | 555.55 | -2.63% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 92.1900 |
| € यूरो | 106.57 |
| ¥ येन | 0.5807 |
| £ पौंड | 123.48 |

# 10 साल इंतजार के बाद एनएसई आईपीओ लाने की तैयारी में

## प्रबंधन के लिए नियुक्त किए गए 20 बैंकर, कानूनी मदद के 8 लॉ फर्म्स की तैनाती

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने अपने लंबे समय से प्रतीक्षित इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रस्तावित शेयर बिक्री को संभालने के लिए कई मर्चेंट बैंकरों, लॉ फर्मों और अन्य सलाहकारों के बड़े कंसोर्टियम की नियुक्ति की है। एक्सचेंज ने गुरुवार को कहा कि उसकी आईपीओ समिति ने इस प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व नौकरशाह और एनएसई के चेयरमैन श्रीनिवास इंजेटी कर रहे हैं। कंपनी के मुताबिक, आईपीओ के लिए सलाहकारों और अन्य मध्यस्थों का चयन एक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिए किया गया है। बाजार के जानकारों का कहना है कि एक्सचेंज दो महीने से भी कम समय में सेबी के पास अपना ऑफर दस्तावेज दाखिल कर सकता है और इस साल के अंत से पहले आईपीओ आने की पूरी संभावना है। आईपीओ के लिए 20 निवेश बैंकों को नियुक्त किया गया है, जिनमें कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेएम फाइनेंशियल, एक्सिस कैपिटल, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट, एवेन्डस कैपिटल, मॉर्गन स्टेनली, सिटीग्रुप और जेपी मॉर्गन आदि शामिल हैं। आठ कानूनी सलाहकारों का भी चयन किया गया है, जिनमें सिरिल अमरचंद मंगलदास, खैतान एंड कंपनी, एजेडबी एंड पार्टनर्स, एसएंडआर एसोसिएट्स, शार्दुल अमरचंद मंगलदास और ट्राइलीगल शामिल हैं।

**एनएसई की मजबूत वैल्यूएशन-**पिछले कुछ वर्षों में एनएसई ने नियामकीय अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए कुछ मामलों का निपटारा किया है और अपने गवर्नेंस सिस्टम को भी मजबूत किया है। को-लोकेशन और डार्क फाइबर मामले में सेटलमेंट का इंतजार है, जिसके लिए एक्सचेंज ने करीब 1,400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। एनएसई के शेयर अनलिस्टेड बाजार में सक्रिय रूप से कारोबार करते हैं। हाल के वर्षों में इनका वैल्यूएशन लगभग 4-5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा है, जो भारत के डेरिवेटिव बाजार में इसकी मजबूत पकड़ और बेहतर मुनाफे को दर्शाता है।

### एमयूएफजी होगा रजिस्ट्रार




अन्य नियुक्त मध्यस्थों में रजिस्ट्रार एमयूएफजी इंटाइम इंडियाभी शामिल है। इसके अलावा कई एडवाइजरी और कम्युनिकेशन फर्मों को भी चुना गया है, जो दस्तावेज़ीकरण, ड्यू डिलिजेंस, मार्केटिंग और ऑफर के काम-काज को पूरा करने में मदद करेंगी। मध्यस्थों के चयन की इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी वैश्विक सलाहकार फर्म रोथ्सचाइल्ड एंड कंपनी ने की, जिसने एनएसई के लिए प्रोसेस एडवाइजर की भूमिका निभाई। चयन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब रोथ्सचाइल्ड का यह कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। एक्सचेंज को इस साल की शुरुआत में बाजार नियामक से नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है। इससे उसके आईपीओ का रास्ता साफ हो गया है। माना जा रहा है कि यह भारत की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली लिस्टिंग्स में से एक हो सकती है। यह इश्यू पूरी तरह ऑफर फॉर सेल के रूप में आएगा। एनएसई करीब एक दशक से पब्लिक होने की कोशिश कर रहा है। लेकिन को-लोकेशन मामले से जुड़ी नियामकीय जांच के कारण यह योजना अटक गई थी। इस मामले में कुछ ब्रोकर्स पर एक्सचेंज के सर्वरों तक अनुचित ट्रेडिंग पहुंच पाने का आरोप लगा था।

# फरवरी में खुदरा महंगाई 3.21% रही

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ी जंग ने पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ा दी है। जारी आंकड़ों के अनुसार, मिडिल ईस्ट में व्यापारिक अनिश्चिता के बीच भारत में खुदरा महंगाई फरवरी में 3.21 प्रतिशत रही। इकोनॉमिस्ट्स का कहना है कि लंबे समय तक आपूर्ति में कमी भारत जैसे ऊर्जा निर्भर अर्थव्यवस्थाओं के लिए महंगाई बढ़ सकती है। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य महंगाई फरवरी में जनवरी के 2.13 फीसदी की तुलना में 3.47 फीसदी बढ़ी। बिजली, गैस और अन्य ईंधन कैटेगरी में महंगाई 0.14 फीसदी रही। ग्रामीण महंगाई जनवरी के 2.73 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 3.37 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी महंगाई 2.75 फीसदी से बढ़कर 3.02 प्रतिशत हो गई, जो भारतीय रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के मध्यम अवधि के लक्ष्य से नीचे रही।



**इन चीजों में रही गिरावट :** अखिल भारतीय स्तर पर फरवरी में कुछ रसोई की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में गिरावट जारी रही। लहसुन की महंगाई जनवरी के -53.03 प्रतिशत की तुलना में -31.09 प्रतिशत रही, जबकि प्याज की कीमतों में -28.20 प्रतिशत की गिरावट आई, जो एक महीने पहले की -29.30 प्रतिशत की गिरावट से थोड़ी कम है।

**सर्विस और घरेलू घटक :** कई सेवा और घरेलू क्षेत्रों में कीमतों पर दबाव भी चर्चा का विषय बना रहा। फरवरी में आवास महंगाई 2.12 प्रतिशत रही, जबकि जनवरी में यह 2.05 प्रतिशत थी। कपड़ों और जूतों की महंगाई फरवरी में 2.81 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि जनवरी में यह 2.98 प्रतिशत थी।

### रुपया 24 पैसे लुढ़क कर सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

**मुंबई, जेएनएन।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया 24 पैसे लुढ़ककर 92.25 प्रति डॉलर के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में जबर्दस्त तेजी तथा विदेशी पूंजी की भारी निकासी के कारण रुपये में यह तेज गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बीच घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और डॉलर के मजबूत होने से भारतीय मुद्रा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.25 प्रति डॉलर पर खुला।

# भारत में अमेजन बिजनेस की 2025 की बिक्री में 35 प्रतिशत का उछाल दर्ज

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** अमेजन इंडिया के व्यापार-से-व्यापार (बी2बी) मंच 'अमेजन बिजनेस' ने वर्ष 2025 में वार्षिक बिक्री में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। अमेजन बिजनेस के निदेशक मित्रंजन भादुड़ी ने कहा कि यह मंच बिक्री स्थल पर 17 लाख से अधिक विक्रेताओं के 19 करोड़ से ज्यादा उत्पादों की सूची पेश करता है। भादुड़ी ने कहा, वैश्विक स्तर पर, अमेजन बिजनेस ने अंतिम सार्वजनिक आंकड़ों के आधार पर 35 अरब डॉलर की वार्षिक बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। भारत में भी यह व्यवसाय मजबूती से बढ़ रहा है और 2025 में इसमें 35 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।' अमेजन बिजनेस, अमेजन इंडिया के ई-कॉमर्स मंच से ही संचालित होता है, लेकिन बी2बी ग्राहकों के लिए इसमें लॉगिन की प्रक्रिया अलग होती है। भादुड़ी ने बताया कि व्यवसायों द्वारा अपने उपभोग के लिए मंगाई गई थोक इकाइयों के आधार पर कीमतों में अंतर होता है। उन्होंने कहा कि अमेजन बिजनेस ने 2025 में भारत में व्यवसायों को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लाभ और मूल्य दिलाने में मदद की है। महानगरों से परे भी इसे काफी अपनाया जा रहा है और अब 70 प्रतिशत से अधिक ग्राहक मझोले और छोटे शहरों से हैं।




# दवा बाजार ने फिर पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत का दवा बाजार एक बार फिर तेजी की पटरी पर लौटता नजर आ रहा है। एंटीक की रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी 2026 में भारतीय फार्मा बाजार में 12 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई है। यह पिछले साल फरवरी में दर्ज 4 प्रतिशत की वृद्धि से काफी ज्यादा है। हालांकि महीने-दर-महीने आधार पर बाजार में करीब 3 प्रतिशत की हल्की गिरावट देखी गई।

- **टॉप कंपनियों में भी दिखा जबरदस्त मुकाबला**
  फरवरी में टॉप 10 फार्मा कंपनियों में से 5 ने बाजार से ज्यादा तेजी दिखाई। इनमें इंटास और सन फार्मा सबसे तेज़ बढ़ने वाली कंपनियां रहीं। इनके बाद डॉ. रेड्डीज, टोरेंट फार्मा और लूपिन का नंबर रहा। पूरे साल के आधार पर देखें तो भारतीय फार्मा बाजार में करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।
- **एमएनसी कंपनियों की रफ्तार ज्यादा**
  फरवरी में भारतीय कंपनियों की बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ी, जबकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की वृद्धि 17 प्रतिशत रही। रिपोर्ट के मुताबिक बाजार में यह तेजी कई वजहों से आई है-मौसम बदलने से बीमारियों में बढ़ोतरी, मरीजों की संख्या में इजाफा, मोटापा की दवाओं की बढ़ती मांग, छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में बाजार का विस्तार
- **कुछ ब्रांड बने बाजार के सितारे**
  फरवरी में मौनजारो सबसे ज्यादा बिक्री वाला ब्रांड रहा, जिसकी बिक्री करीब 1.2 अरब रुपये रही। इसके अलावा पैन, इलेक्ट्राल, टेल्मा, लैंटस और मोनोसेफ जैसे ब्रांडों ने भी अच्छी बढ़त दर्ज की।
- **आगे क्या रहेगा बाजार का रुख ?**
  एंटीक का मानना है कि आने वाले समय में कार्डियक, न्यूरो और डायबिटीज से जुड़ी दवाओं की मांग और मजबूत हो सकती है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 में भारतीय फार्मा बाजार करीब 10 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। हालांकि ब्रांडेड दवाओं की बिक्री मात्रा में वृद्धि करीब 2-3 प्रतिशत ही रहने की संभावना है, क्योंकि जन औषधि और सस्ती जेनेरिक दवाओं से प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है।



### क्रॉनिक बीमारियों की दवाओं की मांग मजबूत

रिपोर्ट बताती है कि लंबे समय तक चलने वाली बीमारियों यानी क्रॉनिक सेगमेंट की दवाओं की मांग सबसे ज्यादा बढ़ रही है। फरवरी में क्रॉनिक दवाओं की बिक्री 17 प्रतिशत बढ़ी, जबकि एक्यूट बीमारियों की दवाओं में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। खासतौर पर दिल की बीमारी और डायबिटीज की दवाओं ने बाजार को नई ताकत दी। कार्डियक दवाओं की बिक्री 17 प्रतिशत और एंटी-डायबिटिक दवाओं की बिक्री 16 प्रतिशत बढ़ी, जो पूरे बाजार की औसत वृद्धि से ज्यादा है। हालांकि हर सेगमेंट में तेजी नहीं दिखी। एंटी-इन्फेक्टिव, गैस्ट्रो और डर्मा जैसी श्रेणियों की वृद्धि बाजार की तुलना में धीमी रही।

# दुनिया पहले ट्रिलियनेयर बनने के करीब अरबपति एलन मस्क



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क जल्द ही इतिहास रच सकते हैं। उनकी संपत्ति तेजी से बढ़ रही है और वे दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर (1 ट्रिलियन डॉलर संपत्ति वाले व्यक्ति) बनने के करीब पहुंच रहे हैं। हालांकि मस्क का कहना है कि उनकी संपत्ति बैंक खाते में नकद के रूप में नहीं रखी है। हाल ही में उद्यमी पीटर डायमंडिस के साथ बातचीत में मस्क ने कहा, मेरी संपत्ति असल में उन कंपनियों में मेरी हिस्सेदारी है, जिन्हें मैंने बनाया है। यह ऐसा पैसा नहीं है जो बैंक में पड़ा हो। मस्क के मुताबिक, उनकी कंपनियां उपयोगी तकनीक और सेवाएं बना रही हैं, इसलिए उनकी वैल्यू बढ़ती जा रही है।

### तेजी से बढ़ रही मस्क की संपत्ति

फोर्ब्स के मुताबिक एलन मस्क पहले से ही दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अक्टूबर 2025 के बाद उनकी नेटवर्थ तेजी से बढ़ी और यह 500 अरब डॉलर, 600 अरब डॉलर, 700 अरब डॉलरऔर अब 800 अरब डॉलर के स्तर को पार कर चुकी है। मस्क की कुल संपत्ति टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्सएआई में उनकी हिस्सेदारी से बनती है। यह रकम इतनी ज्यादा है कि यह गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज, सर्गेई ब्रिन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की संयुक्त संपत्ति से भी ज्यादा हो चुकी है। फोर्ब्स के मुताबिक, मस्क की कुल संपत्ति 840.6 बिलियन डॉलर है, जो भारतीय करेंसी में 77.61 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है।

**स्पेस एक्स आईपीओ से मिल सकता है बड़ा बूस्ट :** विश्लेषकों का मानना है कि स्पेस एक्स का संभावित आईपीओ मस्क की संपत्ति को और तेजी से बढ़ा सकता है। हाल ही में उनकी स्पेस कंपनी स्पेसएक्स और एआई कंपनी एक्स एआई के मर्जर के बाद दोनों की संयुक्त वैल्यू लगभग 1.25 ट्रिलियन डॉलर आंकी जा रही है। बताया जा रहा है कि स्पेस एक्स का आईपीओ करीब 1.5 ट्रिलियन डॉलर वैल्यूएशन पर आ सकता है।

# तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल पहुंची

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सीएनबीसी के अनुसार, 12 मार्च को कारोबार में तेल की कीमतों में 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई, क्योंकि व्यापारियों ने इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि सरकारी भंडार मध्य पूर्व में युद्ध के कारण उत्पन्न आपूर्ति संकट की भरपाई कर सकते हैं। विशेष रूप से, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल की कीमत 7.5 प्रतिशत बढ़कर 93.8 डॉलर प्रति बैरल हो गई। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 7.74 प्रतिशत बढ़कर 99.1 डॉलर प्रति बैरल हो गई। गौरतलब है कि यह उछाल तब भी हुआ जब अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इतिहास में सबसे बड़ी आपातकालीन तेल भंडार रिलीज की घोषणा की थी। इससे पहले, 11 मार्च को, आईईए ने घोषणा की थी कि 32 सदस्य देश संयुक्त रूप से अपने रणनीतिक भंडार से 400 मिलियन बैरल तेल जारी करेंगे ताकि ऊर्जा बाजार को ठंडा किया जा सके, जो संघर्ष के कारण महत्वपूर्ण अस्थिरता का सामना कर रहा है।

**तेल बाजार के सामने सबसे बड़ा संकट:** 1970 के दशक के तेल संकट के बाद आईईए की स्थापना के बाद से यह इन्वेंट्री की सबसे बड़ी रिलीज है। आईईए के अनुसार, इस रिसाव का पैमाना 2022 में यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के बाद दो चरणों में बाजार में छोड़े गए 182 मिलियन बैरल से कहीं अधिक है। आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल ने जोर देते हुए कहा, तेल बाजार के सामने मौजूद चुनौतियां अभूतपूर्व पैमाने की हैं, और साथ ही यह भी कहा कि सदस्य देशों द्वारा की गई यह समन्वित कार्रवाई भी अभूतपूर्व है। आईईए के फैसले के साथ ही, अमेरिका ने सामरिक पेट्रोलियम भंडार से 172 मिलियन बैरल तेल जारी करने की घोषणा की।

## पृष्ठ तीन के शेष

### संसद में दावा: पेट्रोल-...

जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री के बीच हाल ही में तीन बार फोन पर बातचीत हुई है। इन वार्ताओं में भारतीय जहाजों की सुरक्षा, क्षेत्रीय हालात और भारत की ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। हालांकि बातचीत के नतीजों को लेकर उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की और कहा कि इस पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

राजस्थान के जयपुर में इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। जयंती बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन गुप्ता के मुताबिक पहले हर महीने करीब 2500 से 3000 इंडक्शन बिकते थे, लेकिन अब इनकी मांग लगभग 50 फीसदी तक बढ़ गई है।

गैस की कमी को देखते हुए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सिलेंडर बुकिंग का नियम भी बदल दिया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संसद में बताया कि अब ग्रामीण इलाकों में एक सिलेंडर लेने के बाद अगली बुकिंग कम से कम 45 दिन बाद ही की जा सकेगी। पहले यह अंतर 25 दिन का था। हालांकि शहरी क्षेत्रों में अभी भी 25 दिन बाद सिलेंडर बुकिंग की व्यवस्था जारी है।

पुरी ने संसद में बताया कि मौजूदा संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। यह समुद्री मार्ग दुनिया के करीब 20 फीसदी कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और एलपीजी की आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। पहले भारत के लगभग 45 फीसदी कच्चे तेल का आयात इसी रास्ते से होता था। हालांकि अब वैकल्पिक स्रोतों से आयात बढ़ाकर इस निर्भरता को काफी हद तक कम कर दिया गया है।

मंत्री के अनुसार, संघर्ष शुरू होने से पहले जहां भारत के कुल कच्चे तेल आयात का 55 फीसदी हिस्सा गैर-होर्मुज स्रोतों से आता था, वह अब बढ़कर करीब 70 फीसदी हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब 40 देशों से तेल आयात करता है, जबकि 2006-07 में यह संख्या 27 थी।

### मप्र: छठवें दिन भी सर्वर....

कई एजेंसियों पर हाथ से बुकिंग कर पर्चियां दी जा रही हैं, ताकि लोगों को परेशानी ना हो। इसी वजह से लोगों को तुरंत सिलेंडर नहीं मिल पा रहा और कई जगहों पर लंबी कतारें लग रही हैं।

कालाबाजारी रोकने अमला मैदान में: गुरुवार को कलेक्टर भोपाल ने जिले के सभी एसडीएम, राजस्व निरीक्षक व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने अपने क्षेत्र की गैस एजेंसियों की मॉनीटरिंग करें। जहां कहीं से भी कोई भी शिकायत मिले उस पर तुरंत एक्शन लें। जिन लोगों की बुकिंग पहले से है उन्हें ढाई दिन में सिलेंडर उपलब्ध कराएं। इसके अलावा जिन उपभोक्ताओं को 25 दिन हो चुके हैं, उन्हें नई बुकिंग में मदद करें।

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
OFFICE OF DY. GENERAL MANAGER (O&M) DIVISION PIPARIYA
Phone No. : 07576- 220249 E-mail : dgmpip@gmail.com
EE/O&M//Vehicle/2026/5901 Pipariya, Dated : 12.03.2026

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL here by invited offer/rate for hiring the below mentioned type of Vehicle in the following locations :-

| Name of Unit/Office | Particulars | EMD (Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Assistant Manager Bankhedi D/c Office of DGM (O&M) Division Pipariya | Type F3 : Mini Pick up - Double cabin with ladder/ Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (for single shift) | 3000/- | 23.03.2026 Up to 3.00 P.M. | 23.03.2026 at 3.30 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124884/2026 DGM (O&M)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, भवन/सड़क संभाग शहडोल (म.प्र.)**
निविदा सूचना 18/ एस.ए.सी. निविदा/वर्ष 2025-26/ शहडोल, दिनांक 06/03/2026
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | निविदा आमंत्रण | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | ई.एम.डी. की राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_487742_1 | शहडोल | प्रथम | जरवाही, बरूका मार्ग लम्बाई 6.24 किमी. एवं लफदा साही खैरी मार्ग लम्बाई 4.70 किमी. कुल लम्बाई 10.94 किमी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य। | 324.40 | 324400/- | 15000/- | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_487728_1 | शहडोल | प्रथम | गोहपारू करूआ पैलवाह बोचकी सकरिया मार्ग लम्बाई 9.40 किमी. एवं छतवई पटासी नवलपुर मार्ग लम्बाई 3.20 किमी. कुल लम्बाई 12.60 किमी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य । | 374.05 | 374050/- | 15000/- | 03 माह वर्षाऋतु सहित |

ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने का समय दिनांक 06.03.2026 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 21.03.2026 शाम 17:30 तक एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 06.03.2026 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 21.03.2026 शाम 17:30 तक है। टीप:-निविदाकारों का लोक निर्माण विभाग (भ/स) मे पंजीयन अनिवार्य है। निविदाकारों का पैन कार्ड आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है। मूल शपथ पत्र निविदा खुलने की दिनांक के पूर्व कार्यालय मे प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) शहडोल संभाग शहडोल (म.प्र.)
जी-27143/25
पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

**उत्तर मध्य रेलवे**
No.: T_24-25_Upgrade_toilet_RT, दिनांक 11.03.2026
**शुद्धिपत्र**
निविदा सूचना सं0 T_24-25_Upgrade_toilet_RT, दिनांक 13.02.2026 हेतु शुद्धिपत्र
**विवरण- निविदा बंद होने के तिथि एवं समय-** प्रकाशित दिनांक एवं समयः 26.03.2026, 15.30 **संशोधित दिनांक एवं समयः 06.04.2026, 15.30** **बिडिंग प्रारम्भ होने की तिथि-** प्रकाशित दिनांक एवं समयः 12.03.2026 **संशोधित दिनांक एवं समयः 23.03.2026** नोटः अन्य सभी शर्ते पूर्ववत रहेंगी।
345/26 FA
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**Kalyan Singh Super Speciality Cancer Institute**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-(226002)
Website: https://cancerinstitute.edu.in, Email: jdmm.sscih@gmail.com
**NOTICE**
GeM Bid No.: GEM/2026/B/7289402 dated 25.02.2026
(CAMROC of Complete Fire Fighting and Fire Alarm System)
(Corrigendum)
Corrigendum related to the bid has been uploaded on the GeM Portal. Interested bidders may visit the GeM Portal/website (www.cancerinstitute.edu.in) for further details.
Advt No:- KSSSCI/Tender-30 /2025-26 DIRECTOR

OFFICE OF THE SECRETARY
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI KHUJNER**
**Distt. : RAJGARH**
No./Nirman/25-26/668 Khujner, Dated : 11.03.2026
**NOTICE INVITING TENDER**
Online Percentage Rate E-Tenders are invited from Contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Name & Place of work **01. Fencing work and increase height of boundary wall at mandi yard Khujner, Tender No. 2026_MPSAM_489423_1 (PAC amount Rs. 8.34 Lac), work 02. Repair and Maintenance work for Farmer Rest House and Public Toilet at mandi yard, Khujner, Tender No. 2026_MPSAM_489425_1 (PAC amount Rs. 4.11 Lac).** The following works Tender **to be received Online up to 5:30 PM on Dated 07.04.2026.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received Online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**
M.P. Madhyam/124881/2026 SECRETARY

**पिरामल फाइनेंस लिमिटेड**
पूर्व में पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)
(इसके बाद पीएफएल/सिक्योर्ड क्रेडिटर के रूप में संदर्भित) CIN: L65910MH1984PLC032639
रजिस्टर्ड ऑफिस : यूनिट नंबर-601, छठा फ्लोर, पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई-400070
शाखा का पता : पिरामल फाइनेंस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 01, प्रथम तल, नए बस स्टैंड के सामने, सांची रोड, दंडपुरा, कॉलोनी, विदिशा, मध्य प्रदेश-464001,
शाखा का पता : पिरामल फाइनेंस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 10, अलंकार कॉम्प्लेक्स, मेजेनाइन फ्लोर, बैंक स्ट्रीट, एम.पी. नगर, भोपाल
**कब्जा नोटिस**
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8-(1) और परिशिष्ट- IV के अनुसार अचल संपत्ति के लिए
जबकि, नीचे साइन करने वाला व्यक्ति, सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पहले पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) (जिसे आगे पीएफएल/सिक्योर्ड क्रेडिटर कहा जाएगा) का ऑथराइज्ड ऑफिसर है और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के रूल 3 के साथ सेक्शन 13(12) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, कंपनी के ऑथराइज्ड ऑफिसर द्वारा नीचे बताए गए बॉरोअर/गारंटर को नोटिस में बताई गई रकम को नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के अंदर चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया जाता है। उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ता(ओं)/ गारंटर(ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के साथ सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ प्रदत्त शक्तियों के तहत नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से निपटने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) (जिसे आगे पीएफएल/सुरक्षित लेनदार के रूप में संदर्भित किया जाएगा) के अधीन होगा।

| क्रम सं. | उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) का नाम | सिक्योर्ड एसेट (अचल संपत्ति) का विवरण | डिमांड नोटिस की तारीख और रकम | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लोन कोड नंबर : M0272543 (उधारकर्ता) मुकेश ठाकुर (सह-उधारकर्ता-1) नेहा ठाकुर | कस्बा रायसेन प्लॉट नंबर 14, 15, 16, 17, 18, प.ह.नं. 21/47, नगर पालिका एरिया वार्ड नंबर 04, राम नगर कॉलोनी, नवाबपुर, रायसेन खसरा नंबर 37/2, 37/3, 37/4, 37/5, 37/6/2 का हिस्सा, रायसेन तहसील और जिला रायसेन मध्य प्रदेश की सीमाएं उत्तर : दूसरे की भूमि। पश्चिम : सरकारी कच्ची सड़क। पूर्व : कॉलोनी रोड। दक्षिण : प्लॉट नंबर 13 और 19. | 19-12-2025 को रुपये 38,74,005/- (रुपये अड़तीस लाख चौहत्तर हजार पाँच मात्र) | 06-03-2026 |
| 2. | लोन कोड नंबर : 13400000221 (उधारकर्ता) पार्थ सरकार (सह-उधारकर्ता-1) सुपर्णा सरकार | फ्लैट नंबर ए-02, प्रथम तल प्लॉट नंबर जी2/ए, भोजपाल एस्टेट, गुलमोहर कॉलोनी भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश:- 462001 सीमा उत्तर : फ्लैट नंबर ए-4. पश्चिम : फ्लैट नंबर बी- 5. पूर्व : फ्लैट नंबर ए-1. दक्षिण : खुला। | 26-03-2024 को रुपये 7,40,200/- (रुपये सात लाख चालीस हजार दो सौ मात्र) | 06-03-2026 |
| 3. | लोन कोड नंबर : 13400003251 (उधारकर्ता) अजय पाल राठौर (सह-उधारकर्ता-1) धनपाल राठौर | खसरा नंबर 176/1 काजी खेड़ा आष्टा सीहोर सीहोर मध्य प्रदेश:- 466116 सीमा उत्तर : बेचने वाले की भूमि। पश्चिम : बेचने वाले की भूमि। पूर्व : 20 फीट रोड। दक्षिण : बेचने वाले की भूमि। | 24-01-2025 को रुपये 3,38,203/-(रुपये तीन लाख अड़तीस हजार दो सौ तीन मात्र) | 10-03-2026 |
| 4. | लोन कोड नंबर : BLSA0006186A (उधारकर्ता) राकेश फरेला (सह-उधारकर्ता-1) रानी फरेला | कमर्शियल दुकान नंबर एस1 और एस2, ग्राउंड फ्लोर का सारा सामान और पार्सल, जिसका एरिया 542.92 वर्गफुट है, 'सदा राम जी कृपा पैलेस' में है। यह भूमि राजस्व सर्वे नंबर 364/10/1 कनकपुरी, पोस्टमैन का बगीचा, वार्ड नंबर 07, सीहोर तहसील सीहोर जिला सीहोर मध्य प्रदेश का हिस्सा है। इसकी सीमा इस तरह है:- पूरब:-बनेसिंह मेवाड़ा का घर, पश्चिम:-नाली, उत्तर:- सीढ़ी और विक्रेता का मकान, दक्षिण:- सड़क। | 24-07-2025 को रुपये 26,30,781/- (रुपये छब्बीस लाख तीस हजार सात सौ इक्यासी मात्र) | 10-03-2026 |

तारीखः 13 मार्च, 2026, जगहः रायसेन, भोपाल, सीहोर — हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी), पिरामल फाइनेंस लिमिटेड

# इरादे, नियंत्रण और आक्रामकता से सैमसन के लिए टी-20 विश्व कप सुनहरे सपने जैसा




जेएनएन, नई दिल्ली

संजू सैमसन के लिए यह विश्व कप किसी सुनहरे सपने जैसा रहा। टूर्नामेंट के शुरुआती चार मैचों में प्लेइंग 11 से बाहर रहने के बाद उन्होंने निर्णायक मोड़ पर वापसी की। इसके बाद शुरू हुआ उनके बल्ले का वो तूफान, जिसने बड़े-बड़े गेंदबाजों को घुटनों पर ला दिया। तीन हाई-प्रेशर नॉकआउट मुकाबलों में सैमसन ने लगातार तीन बार 80 से ज्यादा रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 190 के पार रहा। महज पांच पारियां खेलने के बावजूद वह इस टूर्नामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे और उन्हें निर्विवाद रूप से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। किसी भी फॉर्मेट के नॉकआउट मैचों में लगातार तीन मैच जिताऊ पारियां खेलना बड़ी उपलब्धि है, लेकिन टी-20 जैसे अनिश्चित खेल में यह करिश्मा और भी मुश्किल हो जाता है। यहां लगातार आक्रामक रुख अपनाए रखने की मजबूरी अक्सर विकेट गिरने का जोखिम बढ़ा देती है। यह भी सच है कि सैमसन को थोड़े भाग्य का साथ मिला; इंग्लैंड के खिलाफ वह महज 15 रन पर पवेलियन लौट जाते अगर हैरी ब्रूक ने उनका आसान सा कैच न टपकाया होता। हालांकि उस एक मौके को छोड़ दें तो सैमसन की इस कामयाबी का असली राज उनका आक्रामक इंटेंट और नियंत्रण का बेमिसाल तालमेल रहा, जिसकी गवाही आंकड़े खुद दे रहे हैं। टी-20 बल्लेबाजी का मूल सिद्धांत है कि हर गेंद से अधिकतम रन निकालने की कोशिश की जाए। सैमसन ने टूर्नामेंट की हर पारी में यही इंटेंट दिखाया। नामीबिया के खिलाफ आठ गेंदों पर 22 रन से लेकर फाइनल में 46 गेंदों पर 89 रन तक उनकी मंशा बिल्कुल साफ थी।

## सैमसन का बाउंड्री शॉट्स पर कंट्रोल 79.17 प्रतिशत

● इंटेंट और स्ट्राइक रेट ने रनों की रफ्तार तो तय की, लेकिन रनों का अंबार और निरंतरता, सैमसन के शॉट चयन और नियंत्रण से आई। यह काबिलियत तब और निखरकर सामने आई जब वह बाउंड्री की तलाश में बड़े शॉट खेल रहे थे। बाउंड्री लगाने की कोशिश के दौरान उनका कंट्रोल प्रतिशत 79.17 रहा। इसका मतलब है कि हर पांच आक्रामक शॉट्स में से केवल एक बार ही उनका शॉट गलत हुआ।

● इस विश्व कप में कम से कम 125 गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों की फेहरिस्त देखें, तो केवल रियान रिकल्टन ही नियंत्रण के मामले में उनसे आगे थे, जिनका कंट्रोल प्रतिशत 80 रहा। हालांकि, रिकल्टन का इंटेंट प्रतिशत महज 37.3 था, जो सैमसन के मुकाबले काफी कम है। दूसरी ओर, किशन का इंटेंट 52.44 प्रतिशत रहा जो टूर्नामेंट में सबसे अधिक था, लेकिन बाउंड्री शॉट्स पर उनका कंट्रोल प्रतिशत गिरकर 67.44 पर आ गया।

## इरादा और नियंत्रण

● जब आक्रामक बाउंड्री इंटेंट, ऊंचे कंट्रोल प्रतिशत और बाउंड्री शॉट्स पर जबरदस्त स्ट्राइक रेट का मिलन होता है, तो समझ लीजिए कि बल्लेबाज अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है। बाउंड्री इंटेंट और कंट्रोल प्रतिशत के आधार पर तैयार किया गया स्कैटर प्लॉट साफ दिखाता है कि इस विश्व कप में अलग-अलग धुरंधर इन पैमानों पर कहां टिकते हैं। इसमें सिर्फ उन बल्लेबाजों को रखा गया है, जिन्होंने कम से कम 125 गेंदें खेलीं और जिनका आक्रामक इंटेंट 30 प्रतिशत से ज्यादा रहा।

आमतौर पर टी-20 फॉर्मेट में इस तरह के समझौते को मंजूरी दी जाती है। यानी ज्यादा बाउंड्री की चाहत में ज्यादा गलत शॉट्स का जोखिम। मगर सैमसन की खासियत यह रही कि गेंद की लाइन, लेंथ और रफ्तार को भांपने की उनकी क्षमता इतनी सटीक थी कि वह आक्रामकता के ऊंचे स्तर के बावजूद गेंदबाजों को कोई मौका नहीं देते थे। यही वह बड़ी वजह थी जिसने उनकी निरंतरता को टूटने नहीं दिया। नतीजा यह रहा कि उनके बल्ले से लगातार तीन यादगार पारियां निकलीं। वह विश्व कप के इतिहास में सेमीफाइनल और फाइनल, दोनों बड़े मुकाबलों में 80 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

● टिम साइफर्ट और फिन एलन इस टूर्नामेंट की सबसे विस्फोटक ओपनिंग जोड़ी साबित हुए। इन दोनों ने अपनी सामना की गई गेंदों में से 46 प्रतिशत से अधिक पर बाउंड्री बटोरने की कोशिश की, लेकिन इस चक्कर में उनका कंट्रोल प्रतिशत 70 से नीचे गिर गया। फिन एलन के मामले में तो यह 60 प्रतिशत से भी कम रहा, जो इस सूची के 24 बल्लेबाजों में सबसे कम था।



» आंकड़ों के अनुसार सैमसन ने जिन गेंदों का सामना किया, उनमें लगभग 45 प्रतिशत पर चौका या छक्का लगाने की कोशिश की। टूर्नामेंट में कम से कम 125 गेंद खेलने वाले 25 बल्लेबाजों में केवल तीन खिलाड़ियों ने इससे ज्यादा बार गेंदों को सीमा रेखा के बाहर भेजने की इच्छा जताई। उन तीन खिलाड़ियों में इशान किशन, फिन एलन और टिम साइफर्ट का नाम शामिल है।

» सैमसन ने केवल बाउंड्री लगाने की कोशिश ही नहीं की, बल्कि वह इसमें पूरी तरह सफल भी रहे। जिन 72 गेंदों पर उन्होंने बड़े शॉट खेलने का जोखिम लिया, वहां उनका स्ट्राइक रेट लगभग 357 का रहा। इन गेंदों पर उनके बल्ले से 26 चौके और 24 छक्के निकले। इस विश्व कप में कम से कम 125 गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची भी देखें, तो आक्रामक शॉट्स पर सैमसन से बेहतर स्ट्राइक रेट किसी और का नहीं था। तुलना के लिए, इशान का स्ट्राइक रेट इन्हीं गेंदों पर 302 रहा, जो इस लिस्ट के 25 बल्लेबाजों में नौवें नंबर पर था।

» हाई इंटेंट और उन गेंदों पर इतना जबरदस्त स्ट्राइक रेट यह साफ करता है कि बल्लेबाज हर गेंद का पूरा फायदा उठाने में कितना कामयाब रहा है। सैमसन के पूरे टूर्नामेंट का 199.37 का स्ट्राइक रेट भी इसी बात की गवाही देता है। विश्व कप के इतिहास में अगर कम से कम 75 गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों के 397 उदाहरणों को देखें, तो सिर्फ एक बार किसी खिलाड़ी का स्ट्राइक रेट इससे ज्यादा रहा है। यह रिकॉर्ड फिन एलन के नाम है, जिन्होंने इसी 2026 के संस्करण में 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। कम से कम 125 गेंद खेलने वाले खिलाड़ियों के बीच बना ग्राफ साफ दिखाता है कि सैमसन ने इस टूर्नामेंट में किस कदर अपना दबदबा कायम किया।

## खेल एक नजर

### हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के बाद भारत की नजरें क्वालिफायर जीतने पर

**हैदराबाद, जेएनएन।** विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें अब एफआईएच विश्व कप क्वालिफायर जीतने पर लगी है और इसके लिए शुक्रवार को इटली के खिलाफ सेमीफाइनल जीतना पहला कदम होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम पूल-बी में तीन मैचों में सात अंक लेकर शीर्ष पर रही। स्कॉटलैंड के भी सात अंक थे, लेकिन गोल औसत में पिछड़ने के कारण वह दूसरे स्थान पर है। भारत ने पूल चरण में दो मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। इटली पूल-ए में दूसरे स्थान पर रही, जिसने एक मैच जीता, एक ड्रॉ खेला और एक गंवाया। भारत के लिए फॉरवर्ड नवनीत कौर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जो अब तक चार गोल कर चुकी हैं। उन्होंने वेल्स के खिलाफ आखिरी पूल मैच में हैट्रिक लगाई थी। इटली की उम्मीदें फेडरिका कार्टा पर टिकी होंगी, जो अब तक तीन गोल कर चुकी है। कागजों पर भारत का पलड़ा भारी लग रहा है। आमने सामने के मुकाबलों में दोनों टीमें 2012 से अब तक एक दूसरे के खिलाफ सात बार खेली हैं, जिनमें से पांच भारत ने जीते, एक इटली ने और एक मैच ड्रॉ रहा। एफआईएच महिला और पुरुष विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 से 30 अगस्त तक खेला जाएगा।



## मैदान से हटकर

### गौरव-कृतिका की शादी में खेल दिग्गज हुए शामिल



टीवी प्रेजेंटर और क्रिकेट कमेंटेटर गौरव कपूर ने बेहद सादगी के साथ मशहूर अभिनेत्री कृतिका कामरा से शादी कर ली। यह निजी समारोह मुंबई के बांद्रा स्थित गौरव के घर पर आयोजित किया गया, जिसमें सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए। शादी में क्रिकेट और बॉलीवुड जगत की कई जानी-मानी हस्तियां पहुंचीं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह अपनी पत्नी हेजल कीच और बच्चों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में समारोह में शामिल हुए। वहीं, पूर्व गेंदबाज आशीष नेहरा भी शादी में पहुंचे। युवराज के बच्चों को देखकर नेहरा काफी खुश नजर आए। इस खास मौके पर पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग भी मौजूद रहे। बॉलीवुड से भी कई सितारों ने शादी में शिरकत की। नेहा धूपिया अपने पति अंगद बेदी के साथ पहुंचीं। इसके अलावा अमृता अरोरा, मलाइका अरोरा भी समारोह में शामिल हुईं। गौरव और कृतिका लंबे समय से अपने रिश्ते को निजी रखते आए हैं। हाल ही में दोनों ने सोशल मीडिया पर छुट्टियों और ब्रेकफास्ट डेट की कुछ तस्वीरें साझा की थीं। दिसंबर 2025 में कृतिका ने एक प्यारी सी तस्वीर शेयर कर अपने ब्रेकफास्ट डेट की झलक भी दिखाई थी। (जेएनएन)

# इंडियन वेल्सः पांच बार के चैंपियन जोकोविच को हराकर जैक ड्रेपर ने क्वार्टरफाइनल में



**जेएनएन, इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराया। हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले 24 साल ड्रेपर इस जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और ड्रेपर ने वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया। ड्रेपर ने मैच के बाद कहा कि मुझे अब भी ऐसा नहीं लगता कि मैं उस तरह से खेल रहा हूं, जैसा मैं खेलना चाहता हूं। लेकिन मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। रिकॉर्ड 24 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन 38 वर्षीय जोकोविच ने 2008, 2011, 2014, 2015 और 2016 में इंडियन वेल्स में खिताब जीता था। जोकोविच इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना 11वां खिताब जीतने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन फाइनल में कार्लोस अल्काराज से हार गए थे।

### पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 के सेमीफाइनल में भांबरी



**भारत** के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने साथी गोरान गोरानसन के साथ मिलकर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह पहला अवसर है, जबकि भांबरी किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह दो बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके थे। भांबरी और गोरानसन ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावस्सौरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया। यह मैच एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चला।

# बुमराह मेसी या रोनाल्डो जैसे, किसी टीम में रख दो, वे चैंपियन बना देंगे

### इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन सहित दिग्गज क्रिकेटरों ने की जसप्रीत की तारीफ



**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टी-20 विश्व कप के सुपर स्टार जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अब तक जितने भी गेंदबाजों को देखा है, उनमें बुमराह बेस्ट हैं। स्टिक टु क्रिकेट पर वॉन ने स्वीकार किया कि उन्होंने अब तक जितने भी गेंदबाज देखे हैं, उनमें बुमराह बेस्ट हैं। वॉन ने कहा, बुमराह को इंग्लैंड की टीम में रख दीजिए, वह इसे जिता देंगे। उनके साथ बैठे इंग्लैंड के क्रिकेटर मार्क बुचर ने भी इस पर सहमति जताई। बुचर ने कहा, हां, आप उन्हें किसी भी टीम रख दीजिए, वह आपको जिता देंगे। इस पर वॉन ने कहा, बिल्कुल। वह शायद लियोनेल मेसी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह के खिलाड़ी हैं। इस दौरान डेविड लॉयड ने वॉन को टोकते हुए पूछा, क्या आप ये कह रहे हैं कि आपने अब तक जितने भी गेंदबाज देखे, उनमें वह बेस्ट है? इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने अपनी बात दोहराते हुए फिर कहा, हां, वह है। मैंने 1985 से क्रिकेट देखना और समझना शुरू किया और तब से मैंने जिनको भी देखा उनमें वह बेस्ट हैं। हालांकि इंग्लैंड के ही एक और पूर्व कप्तान एलेस्टेयर कूक इस बात पर सहमत नहीं नजर आए कि बुमराह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। कूक ने ये तो माना कि बुमराह हर फॉर्मेट में मौजूदा पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं, लेकिन इस पर सवालिया निशान लगाया कि क्या उन्होंने वाकई टेस्ट क्रिकेट में कोई निर्णायक और मैच विजेता स्पेल फेंका है। कूक ने सवाल उठाया, क्या वह टेस्ट क्रिकेट में मैच जिताने वाले स्पेल फेंकने के लिहाज से बेस्ट हैं? बिना किसी शक-सुबहा के वह फिलहाल हर फॉर्मेट के बेस्ट बॉलर हैं, मैं मानता हूं। आप मोटे तौर पर यह कह सकते हैं। लेकिन क्या वह किसी टेस्ट में 15 रन देकर 8 विकेट जैसे स्पेल फेंके हैं या वह उस तरह के गेंदबाज हैं?

## बिम10: भ्रष्टाचार के आरोप में गेंदबाज सर्ल्स और दो शीर्ष अधिकारी निलंबित

**ब्रिजटाउन, जेएनएन।** आईसीसी ने बारबाडोस में 2023-24 बिम10 टूर्नामेंट के दौरान भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के कई उल्लंघनों के कारण तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जावोन सर्ल्स और एक फ्रेंचाइजी से जुड़े दो लोगों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। सर्ल्स के अलावा आईसीसी ने टाइटन्स टीम के मालिक चित्ररंजन राठौड़ और टीम अधिकारी ट्रेवन ग्रिफिथ को भी सभी प्रकार के क्रिकेट से निलंबित कर दिया है। बिम10 एक 10-10 ओवर की पारियों वाला टूर्नामेंट हैं, जिसमें छह टीमें वॉयजर्स, गार्डियंस, टाइटन्स, सेटलर्स, वॉरियर्स और पेलिकन्स टीम खेलती हैं। यह टूर्नामेंट आखिरी बार 2023-24 में आयोजित हुआ था, जो क्रिकेट वेस्टइंडीज के भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के अंतर्गत आता है। आईसीसी और क्रिकेट वेस्टइंडीज दोनों ने अपने-अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अंतर्गत ये आरोप लगाए हैं। आईसीसी ने कहा कि तीनों को 11 मार्च 2026 से 14 दिनों के भीतर इन आरोपों का जवाब देने का समय दिया गया है। आरोपों में मैच फिक्सिंग, खिलाड़ियों को भ्रष्ट गतिविधियों के लिए उकसाना और भ्रष्टाचार-रोधी अधिकारियों को संदिग्ध संपर्कों की जानकारी नहीं देना शामिल है। सर्ल्स ने वेस्टइंडीज अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व किया है।

## द हंड्रेडः सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तानी स्पिनर अबरार को 2.34 करोड़ में खरीदा



**लंदन, जेएनएन।** चेन्नई के मीडिया ग्रुप सन ग्रुप के स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स ने गुरुवार को 'द हंड्रेड' खिलाड़ी नीलामी के दौरान स्पिनर अबरार अहमद को खरीदा, जिससे वह टूर्नामेंट में किसी भारतीय के मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी द्वारा करार किए जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए। ट्रेंट रॉकेट्स के साथ बोली लगाने की होड़ के बाद सनराइजर्स ने अहमद की सेवाएं लेने के लिए 190000 पाउंड (लगभग 2.34 करोड़ रुपए) दिए। उनके खरीदे जाने से उन बातों पर भी विराम लग गया कि हंड्रेड में भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी पाकिस्तानी खिलाड़ियों के लिए बोली नहीं लगाएंगी, क्योंकि आईपीएल की फ्रेंचाइजी ने 2009 से दोनों पड़ोसी देशों के बीच खराब राजनयिक रिश्तों के कारण उनसे कोई अनुबंध नहीं किया है। सन ग्रुप आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद का भी मालिक है। सनराइजर्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी काव्या मारन नीलामी में शामिल हुईं। उनकी एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की टीम भी है, लेकिन उनके पास इस टीम में कोई पाकिस्तानी खिलाड़ी नहीं है। अबरार नीलामी के दौरान बिकने वाले दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। इससे पहले एक और स्पिनर उस्मान तारिक को बर्मिंघम फीनिक्स ने 140,000 पाउंड (लगभग 1.72 करोड़ रुपये) में खरीदा था।

## स्विस ओपनः भारतीय शटलर किरण जॉर्ज बाहर, मन्नेपल्ली दूसरे दौर में

**बासेल, जेएनएन।** भारतीय शटलर किरण जॉर्ज गुरुवार को स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावन से हारकर बाहर हो गए, जबकि युवा थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंदी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाई। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए। भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री-क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली 16-21, 21-16, 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ थाईलैंड की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से एकतरफा मुकाबले में 11-21, 15-21 से हार गईं।

## टी-20: पृथ्वी-रितिक के अर्धशतक से भोपाल ने लगाई जीत की हैट्रिक



**भोपाल, खेप्र।** भोपाल ने जेएन भाया ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में जबलपुर संभाग को 29 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भोपाल ने कप्तान पृथ्वीराज तोमर (82), रितिक ताडा (52) और कनिष्क दुबे (48) की शानदार पारियों की बदौलत पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 247 रन बनाए। जवाब में जबलपुर 8 विकेट पर 218 रन ही बना सकी। अमर जोशी ने 68 और जफरुद्दीन अनवर ने 42 रन का योगदान दिया। प्लेयर ऑफ द मैच तनिष्क यादव ने 4 विकेट लिए। अन्य मैच में रीवा ने चंबल को 91 रन से हराया। रीवा के 220/3 के जवाब में चंबल 9 विकेट पर 129 रन ही बना सकी। तीसरे मैच में इंदौर ने 6 विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में उज्जैन ने 19.5 ओवर में चार विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। वहीं ग्वालियर ने सागर को आठ विकेट से शिकस्त दी। सागर ने 8 विकेट के नुकसान पर 130 रन ही बना सकी। जवाब में ग्वालियर ने 11.3 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत हासिल की। नर्मदापुरम ने शहडोल को 7 विकेट से पराजित किया।

# फेडेरिको की हेट्रिक रियाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को हराया

## चैंपियंस लीगः पीएसजी ने चेल्सी को हराकर लिया पिछली हार का बदला

जेएनएन, मैड्रिड



फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए अंतिम 16 के पहले चरण के मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वाल्वरडे ने बर्नबेउ में खेले गए मैच के पहले हाफ में 20वें, 27वें और 42वें मिनट में गोल किए। उरुग्वे के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाने वाले किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम और रोड्रिगो की अनुपस्थिति में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। रियाल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने ब्रॉडकास्टर मोविस्टार से कहा कि हम रियाल मैड्रिड हैं। हमें कभी चुका हुआ समझने की गलती नहीं करें। यह जीत और भी शानदार हो सकती थी, लेकिन विनीसियस जूनियर दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए। उनके शॉट को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बचा लिया। मैनचेस्टर सिटी को अगर अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है, तो उसे दूसरे चरण के मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

» अन्य मैचों में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चेल्सी को 5-2 से हराया। पीएसजी पिछले साल क्लब विश्व कप के फाइनल में चेल्सी से हार गया था और उसने एक तरह से उसका बदला चुकता कर दिया। अब वह तीन गोल की बढ़त के साथ दूसरे चरण का मैच खेलेगा।

» एक कम मशहूर टीम बोडो-ग्लिम्ट भी स्पोर्टिंग लिस्बन पर 3-0 की जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के करीब है। आर्सेनल और बायर लेवरकुसेन के बीच खेला गया पहले चरण का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।





## "ट्वीट ऑफ द डे"





**प्रशांत किशोर**
जन सुराज पार्टी

नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना पहले से तय था। यह फैसला पहले ही भाजपा नेतृत्व की ओर से कर लिया था। विस चुनाव में बड़ी जीत के बावजूद अब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। भाजपा अब अपना मुख्यमंत्री बिहार में बैठाने की तैयारी कर चुकी है। भाजपा ने चुनाव के समय नीतीश को चेहरा बनाकर वोट लिया, लेकिन अब अपनी मर्जी के अनुसार सत्ता चलाने की तैयारी है। आने वाले समय में बिहार की सरकार गुजरात से रिमोट कंट्रोल के जरिए चलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतरराज्यीय गैंग का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, इंदौर।** डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गुजरात के अंतरराज्यीय गैंग के फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। टीम काफी दिनों से उसकी तलाश कर रही थी।



क्राइम ब्रांच इंदौर के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर के रहने वाले 71 वर्षीय रिटायर्ड व्यक्ति ने एनसीआरपी पोर्टल पर डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इस मामले में पहले गुजरात से हिम्मत भाई देवानी निवासी सूरत और अतुल गिरी गोस्वामी निवासी कच्छ को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में फरार चल रहे आरोपी पीयूष परमार निवासी सूरत (गुजरात) को क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना और साइबर तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गिरफ्तार किया है।

### प्रेमानंद से प्रभावित होकर किशोर ने छोड़ दिया घर

**जागरण, इंदौर।** मोबाइल पर प्रेमानंद महाराज के वीडियो और रील देखने वाले एक 15 साल के किशोर पर उनकी बातों का इतना प्रभाव पड़ा कि वह घर छोड़ कर निकल गया, उसने परिवारवालों के लिए एक पत्र भी छोड़ा। जिसमें लिखा कि- मां, पापा, भैया और दीदी मैं अपने असली परिवार के पास जा रहा हूं। आप लोग मुझे खोजना मत और न ही रोना। मैं अपने माता-पिता के पास जा रहा हूं। परिजनों ने किशोर के लापता होने पर थाने में रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना शहर की कृष्णपुरा कॉलोनी में हुई। यहां रहने वाले एक परिवार ने थाने में अपने बेटे के लापता होने की शिकायत की और कहा कि किशोर ने एक पत्र भी छोड़ा है। किशोर मोबाइल फोन भी चलाता था। जांच में पता चला कि किशोर ने देहरादून जाने वाली ट्रेन भी गूगल पर सर्च की। इसके बाद अब वहां की पुलिस को भी बच्चे की तस्वीर व अन्य दस्तावेज भेजकर अलर्ट कर दिया है। बच्चे ने अपने एक साथी से घर से निकलने के लिए पांच सौ रुपए लिए थे। पत्र में यह भी जिक्र किया कि उसके दोस्त को 500 रुपए लौटा देना।

### ग्वालियर में ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन शुरू

**जागरण, ग्वालियर।** ग्वालियर में ई-वाहनों के लिए पहला चार्जिंग स्टेशन शुरू हो गया है। यह स्टेशन पेट्रोल पंप की तर्ज पर काम करेगा, जहां वाहन चालक 15 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से अपने वाहनों को चार्ज कर सकेंगे। ननि द्वारा सिटी सेंटर स्थित तरुण पुष्कर के पास स्थापित इस चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन महापौर शोभा सिकरवार ने किया। इस मौके पर आयुक्त संघप्रिय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भोपाल में पारा 37 डिग्री, चार साल का रिकार्ड, धार और रतलाम में चली 'लू'

## एमपी में अधिकतम पारा 40 डिग्री पहुंचा, चार साल बाद मार्च के दूसरे सप्ताह में भीषण गर्मी

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार को प्रदेश के तीन जिलों में लू चली। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार धार, रतलाम और नर्मदापुरम में लू रिकार्ड की गई। इसमें नर्मदापुरम में तीव्र लू का प्रभाव रहा। इसके अलावा प्रदेश की राजधानी भोपाल में तापमान ने पिछले चार साल का रिकार्ड तोड़ दिया। जानकारी अनुसार मार्च के महीने में भोपाल का औसत तापमान 35-36 डिग्री रहता है, लेकिन गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री पहुंच गया। इससे पहले 20 मार्च 2022 में भोपाल में अधिकतम तापमान 37 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके बाद बीच के वर्षों में कभी भी मार्च के महीने में शहर का तापमान इतना नहीं रहा, जितना आज दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च के आखिरी सप्ताह में तापमान बढ़ता है, लेकिन इस बार दूसरे सप्ताह में ही भीषण गर्मी शुरू हो गई है। जिससे प्रतीत होता है कि अप्रैल और मई के महीने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**नर्मदापुरम सबसे गर्म, पारा 40 पार:** गुरुवार को प्रदेश में सबसे गर्म जिला नर्मदापुरम रहा। यहां दिन का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद रतलाम में 39.5 डिग्री और धार में 38.8 डिग्री तापमान रहा। उक्त तीनों जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा रहा, यही कारण है कि इन जिलों में लू का प्रभाव देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार जब अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री या उससे अधिक हो तो लू का प्रभाव होता है। प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते से ही गर्मी के तेवर तीखे हैं। सबसे गर्म ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और इंदौर संभाग के शहर है। आने वाले दिनों में यही पर गर्मी का असर ज्यादा रहेगा।



### भोपाल में दिन व रात में 22 डिग्री का अंतर

भोपाल में मौसम के दो रूप देखने को मिल रहे हैं। दिन में जहां भीषण गर्मी है, वहीं सुबह और रात में मौसम सामान्य हो रहा है। इसका कारण यहां दिन व रात का तापमान में बहुत बड़ा अंतर होना है। गुरुवार को शहर का दिन में अधिकतम तापमान 37 डिग्री रहा। जबकि इससे पहले रात में न्यूनतम पारा 15.8 डिग्री रहा। इस तरह दिन व रात के तापमान में करीब 22 डिग्री का अंतर देखा जा रहा है। इससे मौसम के दो रूप मिल रहे हैं।

### आ रहा पश्चिमी विक्षोभ लेकिन असर नहीं होगा

मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की चेतावनी जारी की है। यह 14 व 15 मार्च को सक्रिय होगा। लेकिन साथ में यह भी बताया गया है कि गर्मी के मौसम में दूर हिमालयी क्षेत्र में बनने वाले पश्चिमी विक्षोभ का ज्यादा असर मप्र में नहीं होता है। फिर भी 14 व 15 में ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नर्मदापुरम, बैतूल में इसका असर देखने को मिल सकता है।

### पांच सबसे गर्म जिले

| जिला | तापमान |
|---|---|
| नर्मदापुरम | 40.2 |
| रतलाम | 39.5 |
| धार | 38.8 |
| दमोह | 38.5 |
| टीकमगढ़ | 38.5 |



मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से अब पश्चिम और उत्तर-पश्चिम है। वहीं, हवा में नमी बहुत कम है। साथ ही रेगिस्तानी इलाकों से मप्र पहुंचती है। यह अपने साथ गर्मी भी लाती है।

# मऊगंज में कागजों में दर्ज 4741 क्विंटल धान गायब

## प्रशासन ने 1.18 करोड़ की वसूली के दिए निर्देश



**जागरण, मऊगंज।** प्रदेश के मऊगंज जिले में धान उपार्जन में बड़ी अनियमितता सामने आई है। जांच में कागजों और जमीनी हकीकत में भारी अंतर मिला है, जहां रिकॉर्ड में पूरी खरीदी दर्ज है, वहीं गोदामों में 4741 क्विंटल धान कम पाया गया। इस गड़बड़ी की राशि 1.18 करोड़ रुपए से अधिक आंकी है, जिस पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए जिम्मेदारों को वसूली नोटिस जारी किए हैं। जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर हुई जांच में यह कमी उजागर हुई। आधिकारिक दस्तावेजों में दर्ज मात्रा के विपरीत, कुल 4741 क्विंटल धान कम पाया गया। इस पूरे मामले का आर्थिक मूल्यांकन करने पर गड़बड़ी की राशि 1 करोड़ 18 लाख 87 हजार 681 रुपए निर्धारित की गई है।

**आठ सहकारी समितियों को नोटिस:** मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर संजय कुमार जैन ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने आठ सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों और संबंधित उपार्जन प्रभारियों को नोटिस जारी किए हैं। इन सभी को सात दिनों के भीतर निर्धारित राशि शासकीय खाते में जमा करने का निर्देश दिया है। कलेक्टर ने चेतावनी दी है कि तय समयसीमा में राशि जमा न होने पर संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान पटपरा और बिछरहटा समितियों में सर्वाधिक अनियमितता पाई गई है। इन समितियों से 20-20 लाख रुपये से अधिक की वसूली निर्धारित की गई है। इस कार्रवाई से संबंधित समितियां अपने रिकॉर्ड खंगाल रही हैं।

### वसूली की कार्रवाई होगी

सहायक आपूर्ति अधिकारी अनिल गुप्ता ने जानकारी दी कि जिन समितियों ने धान शॉर्टेज पत्रक जमा किए हैं, उनके बंधकों को वसूली के नोटिस जारी किए हैं। यह राशि खाद्य आपूर्ति निगम के खाते में जमा करनी होगी। यदि राशि जमा नहीं होती है, तो भू-राजस्व नियमों के तहत वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

# मदद के बहाने कार्ड बदलकर रुपए पार करने वाला गिरफ्तार

## जबलपुर पुलिस ने 60 कार्ड किये बरामद

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के सिवनी का एक शातिर युवक जबलपुर में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी की वारदात कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को सिवनी के तिलक वार्ड रेलवे स्टेशन के पास निवासी विनोद गौतम (28) को गिरफ्तार किया है। आरोपी अलग-अलग एटीएम बूथ पर पहुंचता था। फिर मदद के बहाने लोगों के एटीएम कार्ड बदलता और भाग जाता था। दूसरी एटीएम में कार्ड लगाकर उनके बैंक खाते खाली कर देता था। एएसपी पल्लवी शुक्ला ने बताया कि आरोपियों के पास अलग-अलग बैंक के 66 एटीएम कार्ड और 5500 रुपए नकद मिले हैं। वारदात में प्रयोग किए जाने वाली एक मोपेड और एक सोने की झुमकी भी आरोपी के कब्जे से जब्त की है। आरोपी कुछ समय से शहर में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के बैंक खाते से रुपए निकाल रहा था। कुछ समय पूर्व गोरखपुर निवासी बीएस सिडाम का एटीएम बदलकर उनके खाते से एक लाख छह हजार 160 रुपए निकाले थे। इसी प्रकार की घटना अधारताल के संजय नगर निवासी मेंस पार्लर के संचालक रोहित सेन, ओमती के नया मोहल्ला निवासी रसीदउद्दीन, बेलबाग के कांचघर हनुमान टोरिया निवासी विजय कुमार चौधरी के साथ हुई थी। सभी मामले में पुलिस जांच कर रही थी। इसी दौरान घटना वाले सभी एटीएम बूथों के सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई कि संदेही एक ही युवक दिखा। पूछताछ के बाद संदेही के सिवनी के होने का पता चला। पतासाजी कर उसे घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने चार मामलों में एटीएम बदलकर ठगी करना स्वीकार किया है। आरोपी चुराए हुए एटीएम कार्ड से ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर कर रहा था। पुलिस ने उसके द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए तीन लाख 38 हजार रुपए की राशि की भुगतान प्रक्रिया बैंक से रुकवा दी थी, जिससे वह धोखाधड़ी से प्राप्त यह राशि हड़प नहीं सका।



## 8वीं की छात्रा गर्भवती हुई तो चला दुष्कर्म का पता

**जागरण, भिंड।** भिंड में 8वीं की दलित छात्रा गर्भवती हुई तो पता चला कि उसके साथ रेप हुआ है। परिजनों ने रौन थाने में केस दर्ज कराया है। आरोपी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस जांच अधिकारी रवींद्र सिंह तोमर के अनुसार, छात्रा की दोस्ती मोहल्ले में रहने वाली दो बहनों से थी। दोनों बहनें उसे अकसर अपने घर बुलाती थीं। इसी दौरान उन्होंने अपने भाई साहिल से उसकी पहचान कराई। परिजनों का आरोप है कि एक दिन दोनों बहनों ने छात्रा को अपने घर बुलाया, उसे कमरे में छोड़कर बाहर चली गईं, तभी आरोपी साहिल ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और किसी को बताने पर बदनाम करने की धमकी दी।

# दो करोड़ की हेराफेरी करने वाले सीनियर अकाउंट मैनेजर को आजीवन कारावास

## ऑडिट में खुला था वेंडरों का पैसा निजी खातों में ट्रांसफर करने का राज

**जागरण, धार।** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश धार के न्यायालय ने पीथमपुर स्थित एक कंपनी में लगभग दो करोड़ रुपए की हेराफेरी के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कंपनी के सीनियर अकाउंट मैनेजर को आपराधिक न्यास भंग और धोखाधड़ी का दोषी मानते हुए कोर्ट ने आजीवन सश्रम कारावास तथा 1,97,73,717 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रकरण के अनुसार पीथमपुर स्थित मैसर्स शक्ति इरिगेशन प्रायवेट लिमिटेड में वर्ष 2017 से सीनियर अकाउंट मैनेजर के पद पर कार्यरत राघव राजपूत ने वर्ष 2021 से 2022 के बीच कंपनी के खातों से बड़ी राशि अपने निजी खातों में ट्रांसफर कर ली। कंपनी जिन वेंडरों को भुगतान करने वाली थी, उन्हें भुगतान न कर आरोपी ने राशि अपने बैंक खातों में जमा कर ली, जिससे कंपनी को करीब दो करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। कंपनी की ऑडिट टीम द्वारा वित्तीय लेनदेन की जांच के दौरान गड़बड़ी सामने आई। कंपनी की शिकायत पर थाना सेक्टर-1 पीथमपुर में आरोपी राघव राजपूत को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से कंपनी का लैपटॉप, मोबाइल, ईमेल रिकॉर्ड और बैंक से जुड़े दस्तावेज जब्त किए।



# ग्रामीणों की पुलिस से झड़प, कलेक्ट्रेट में जड़ा ताला

**जागरण, पन्ना।** प्रदेश के पन्ना में केन-बेतवा लिंक परियोजना के विस्थापितों गुरुवार को जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मांगों को लेकर 24 घंटे से ज्यादा समय से डटे थे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। इससे अधिकारी और कर्मचारी घंटों तक दफ्तर के अंदर फंसे रहे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को हटाने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस बल के बीच झड़प हुई। ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे, जिससे परिसर में तनाव की स्थिति बनी रही। बिगड़ती कानून-व्यवस्था और सरकारी कामकाज में बाधा को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने कार्रवाई की। प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से कलेक्ट्रेट परिसर और उसके आसपास बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी। पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के जमा होने पर पूर्ण प्रतिबंध है।








**कार्रवाई** | छोटे दुकानदारों के साथ बड़े व्यावसायिक घरानों और क्लबों ने भी सरकारी जमीन पर पैर पसारे

# बड़े तालाब के कैचमेंट में चिह्नित किए गए 75 कब्जे

**जागरण, भोपाल।** राजधानी की लाइफलाइन बड़े तालाब के संरक्षण के लिए प्रशासन अब सख्त रुख अपना रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए टीटी नगर नजूल और तहसीलदार कार्यालय ने तालाब के 50 मीटर के अंदर कैचमेंट एरिया में हुए अवैध कब्जों की एक विस्तृत सूची तैयार की है। गुरुवार को हुई जांच में प्रेमपुरा और कोटरा सुल्तानाबाद क्षेत्र के कई बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, क्लबों और आवासीय सहित कुल 75 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। सूची के अनुसार बड़े तालाब के किनारे केवल छोटे दुकानदार ही नहीं, बल्कि बड़े व्यावसायिक घरानों और क्लबों ने भी सरकारी जमीन पर पैर पसारे हैं। व्यावसायिक अतिक्रमण में जायका रेस्टोरेंट द्वारा लगभग 28,000 वर्ग फुट के बड़े क्षेत्र में निर्माण पाया गया है। वहीं, होटल रंजीत (लेक व्यू), बोट क्लब, जलतरंग और एमपीटी नीलम कैंप जैसे प्रमुख स्थलों पर भी व्यावसायिक गतिविधियों और निर्माण को सूची में शामिल किया गया है। इसी तरह वन विहार द्वारा 8000 वर्ग फीट, जहांनुमा होटल के सामने 20,000 वर्ग फुट और सायाजी होटल द्वारा 1 एकड़ भूमि कैचमेंट एरिया में आ रही है. जिस पर पार्किंग और गेट के निर्माण चिह्नित किए गए हैं।




### धार्मिक और आवासीय निर्माण भी दायरे में

जांच में पाया गया कि कोटरा सुल्तानाबाद और प्रेमपुरा में खसरा नंबर 284 और 127 पर धार्मिक निर्माण भी किए गए हैं। इनमें भदभदा डैम के पास स्थित मस्जिद (4400 वर्ग फुट) और मां दुर्गा हनुमान मंदिर समिति (6000 वर्ग फुट) का पक्का निर्माण शामिल है। आवासीय श्रेणी में जीमल खां और मो. निसार के परिवारों द्वारा बनाए गए कच्चे-पक्के मकानों और टीन शेड को भी अवैध पाया गया है।

### प्रेमपुरा में चिह्नित अतिक्रमण

तहसीलदार कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक खसरा नंबर 131 और 127 (प्रेमपुरा) में शासकीय भूमि पर व्यापक अतिक्रमण है। इसमें लवली आइसक्रीम (672 वर्ग फुट), अमृत तुल्य (1218 वर्ग फुट) और मोहसिन व फैज द्वारा किया गया दो मंजिला पक्का निर्माण प्रमुख है। इसके अलावा टायर पंचर, चाय की दुकानें और फैब्रिकेशन यूनिट्स जैसी व्यावसायिक गतिविधियों ने तालाब की सीमा को प्रभावित किया है।

> बड़े तालाब के एफआरएल से 50 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का निर्माण प्रतिबंधित है। वर्तमान में केवल इन निर्माणों को चिह्नित कर रहे हैं। आगे नियमों के तहत कार्रवाई होगी।
> ■ **कुणाल राऊत तहसीलदार**, टीटी नगर


मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।